
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-71 ❐ शनिवार, 11 अप्रैल 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



छोटे मन का व्यक्ति हमेशा ईर्ष्या ,कुंठा और हताशा के दौर से गुजरता है। उसके जीवन में सुख की प्राप्ति नहीं होती है। छोटेपन के व्यक्तित्व के आदमी के जीवन में आनंद की प्राप्ति नहीं होती। परम आनंद की बात तो बहुत दूर की है। राजनाथ सिंह

नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली 10

गोविंदपुरी में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 शातिर गिरफ्तार 12

## संक्षेप

### तेलंगाना उच्च न्यायालय ने पवन खेड़ा को अंतरिम राहत दी

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को शुक्रवार को अंतरिम राहत दी, जिसके तहत उन्हें एक सप्ताह के लिए अग्रिम जमानत मिल गयी है। न्यायालय ने श्री खेड़ा को निर्देश दिया कि वह इस अवधि के भीतर सक्षम न्यायालय में जाएं और नियमित जमानत याचिका दायर करें। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। श्री खेड़ा ने आरोप लगाया था कि उनके पास तीन देशों के पासपोर्ट हैं और उन्होंने आधिकारिक हलफनामों में अपनी संपत्तियों का विस्तृत खुलासा नहीं किया है। उच्च न्यायालय का अंतरिम आदेश उन्हें अस्थायी सुरक्षा प्रदान करता है और कांग्रेस नेता को संबंधित क्षेत्राधिकार में उचित कानूनी उपाय तलाशने का निर्देश देता है।

### बीबीएयू में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे पूर्व राष्ट्रपति

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 11 से 14 अप्रैल तक 'भारतरत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती' एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस बार 13 अप्रैल को भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। शुक्रवार को विवि में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विवि के कुलपति प्रो.राज कुमार मित्तल ने बताया कि 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय शिक्षा ही समावेशी विकास का आधार' विषय पर संगोष्ठी आयोजित होगी, जिसमें पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री डॉ. संजय पासवान सहित कई शिक्षाविद भाग लेंगे।

### बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में कानपुर मेट्रो को मिला विश्वकर्मा पुरस्कार

**कानपुर/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) द्वारा संचालित कानपुर मेट्रो परियोजना को बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में प्रतिष्ठित सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार यूपीएमआरसी के निदेशक (वर्क्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर) सी.पी. सिंह और कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा ने प्रबंध निदेशक सुशील कुमार की ओर से ग्रहण किया। समारोह के दौरान सी.पी. सिंह को देश में मेट्रो नेटवर्क के विकास में योगदान के लिए 'अध्यक्ष प्रशंसा पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया।
यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि टीम की निष्ठा, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण कार्य का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर-1 (कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता) और कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) पर कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही पूर्ण मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी।

# एसआईआर के बाद कटे 2.05 करोड़ मतदाताओं के नाम

## प्रदेश में कुल 13.39 करोड़ मतदाता, 84 लाख मतदाताओं की हुई वृद्धि

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस सूची के अनुसार प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वो मतदाता फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। जारी मतदाता सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। इसमें 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इनमें प्रदेश में पुरुष मतदाता 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 और महिला मतदाता 6 करोड़, नौ लाख, 9525 है। तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। इसमें मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वे मतदाता अभी भी फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आज ● शेष पेज 11 पर



### 6 जनवरी को जारी की गई थी मतदाताओं की मसौदा सूची

इसके पहले, 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। उसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली गईं। कुल 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फॉर्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरा है। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे।

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कार्यरत जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने नौ अप्रैल को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेजा और इसकी एक प्रति उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को भी प्रेषित की है।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने इस पत्र में लिखा, ''मैं आपके गरिमामयी कार्यालय पर उन कारणों का बोझ नहीं डालना चाहता, जिन्होंने मुझे यह कदम उठाने पर विवश किया और मुझे यह पत्र प्रस्तुत करना पड़ रहा है। फिर भी अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।''



गौरतलब है कि वह पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में कार्यरत थे और दिल्ली वाले घर में मार्च 2025 में भारी मात्रा में जले नोट मिलने के मामले में जांच के घेरे में आ गये थे। न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से पिछले वर्ष इलाहाबाद भेजा गया था और उन्होंने वहां पांच अप्रैल को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी और इसी जांच के चलते उन्हें न्यायिक कार्य से अलग रखा गया था। उनके खिलाफ महाभियोग की भी तैयारी की जा रही थी। उच्चतम न्यायालय ने उनके आवास पर जले हुए नोट मिलने के बाद इस मामले की आंतरिक जांच के लिए तीन जजों की एक कमेटी बनाई थी। इसके बाद चार मई को तीन वरिष्ठ जजों ● शेष पेज 11 पर

# जासूसी और आतंकी नेटवर्क का किया भंडाफोड़

एजेंसी

❐ दिल्ली पुलिस ने आईएसआई समर्थित 11 गिरफ्तार, हथियारों की तस्करी का प्रयास विफल



नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' से जुड़े एक व्यापक जासूसी और आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह मॉड्यूल दिल्ली और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था। आरोपियों ने सेना के प्रतिष्ठानों सहित कई संवेदनशील स्थानों पर चोरी-छिपे सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, ताकि रणनीतिक गतिविधियों की निगरानी की जा सके। जांच में खुलासा हुआ है कि इन कैमरों की लाइव फीड सिम-आधारित सिस्टम के जरिए सीधे पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स को भेजी जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि देश भर में कई स्थानों पर ऐसे कैमरे पाए गए हैं। इससे पहले भी गाजियाबाद में भी इसी तरह के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था। स्पेशल सेल की जांच में यह भी सामने आया है कि यह नेटवर्क हथियारों की तस्करी में भी लिप्त था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के ● शेष पेज 11 पर

# टैंकरों से शुल्क लेना बंद करे ईरान : ट्रंप

एजेंसी

❐ युद्धविराम शुरू होने के बाद से किसी भी देश पर कोई मिसाइल नहीं दागी गई : आईआरजीसी



नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क लेना बंद कर दे। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि अमेरिका के साथ युद्धविराम शुरू होने के बाद से किसी भी देश पर मिसाइलें नहीं दागी गईं। अल जजीरा ने यह जानकारी दी।


आईआरजीसी ने कहा कि उसकी सेनाओं ने ''युद्धविराम के बाद अब तक किसी भी देश पर कोई मिसाइल नहीं दागी है।'' बयान में कहा गया कि ड्रोन हमलों की जो भी खबरें आ रही हैं, वे 'निस्संदेह यहूदी दुश्मन या अमेरिका का काम हैं। मंगलवार रात को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के द्विपक्षीय युद्धविराम की घोषणा की थी और इस बात की पुष्टि की थी कि तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमत हो गया है। ईरानी सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इसके बाद संकेत दिया कि ईरान शुक्रवार को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ बातचीत शुरू करेगा। ईरानी उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने कहा कि तेहरान पाकिस्तान में अमेरिका के साथ बातचीत को आगे बढ़ा रहा है और उम्मीद करता है कि अमेरिका भी वैसा ही करेगा। इजरायली लड़ाकू विमानों और तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान में एक दर्जन से अधिक बस्तियों को निशाना बनाया, जिसमें टायर शहर भी शामिल था। श्री ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि लेबनान पर इजरायली हमलों को रोकना अमेरिका-ईरान युद्धविराम समझौते का हिस्सा नहीं है। ● शेष पेज 11 पर

# वृंदावन में लुधियान के श्रद्धालुओं की नाव यमुना में पलटी, 10 की मौत

एजेंसी

मथुरा। लुधियाना पंजाब से वृंदावन आए 30 श्रद्धालुओं से भरी नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इस हादसे में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को बचा लिया है। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस हादसे पर उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है।

बताया गया कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से वृंदावन आया था। शुक्रवार लगभग तीन बजे यह लोग नाव में बैठकर यमुना नदी में सैर कर रहे थे। तभी केसी घाट पर इन्हीं श्रद्धालुओं की एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। पुलिस और गोताखोरों ने नदी में डूबे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया। नाव पनटने की सूचना मिलते ही दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे की खबर पर डीएम, एसएसपी और डीआईजी ने मौके पर जायजा लिया और गंभीर लोगों को अस्पताल पहुंचाया। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।



मथुरा डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने वृंदावन नाव हादसे में 10 लोगों की मौत की पुष्टि कते हुए बताया कि पांटून पुल से टकराने के कारण नाव के पलटने की सूचना है। इस मामले में नाव में सवार लोगों की सही संख्या की जानकारी ली जा रही है। इसके लिए नाव में सवार लोगों से बातचीत की जा रही है। 25 से 27 लोगों के नाव में सवार होने की बात कही जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया स्थानीय गोताखोरों की मदद से राहत कार्य जारी है। एनडीआरएफ और सेना को भी बुलाया गया है। अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। ● शेष पेज 11 पर

### ऊर्ज़ा क्षेत्र की 21 सदस्यीय राज्य सलाहकार समिति गठित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा ऊर्ज़ा क्षेत्र की 21 सदस्यीय राज्य सलाहकार समिति का गठन किया गया है। शुक्रवार को समिति के गठन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। समिति के पदेन अध्यक्ष राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष होंगे। वहीं ऊर्ज़ा, कृषि, खाद्य, एमएसएमई और आईआईडी को समिति में शामिल किया गया है। वहीं राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा को पुनः समिति का सदस्य बनाया गया है। राज्य स्तरीय सलाहकार समिति में पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक, निदेशक (विद्युत सुरक्षा), नेडा, यूपीएसएलडीसी, निजी डिस्कॉम के प्रतिनिधि एवं अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही यह समिति तत्काल प्रभाव से प्रभावी मानी जाएगी और प्रदेश में विद्युत क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण नीतिगत एवं उपभोक्ता हितों के मामलों पर विचार-विमर्श करेगी। गौरतललब है की उपभोक्ता परिषद के ● शेष पेज 11 पर

# यूपी आपदा प्रबंधन पर खर्च होंगे 410 करोड़ : मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण समिति की बैठक में फैसला

❐ बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को समय से मिले मुआवजा

लखनऊ। यूपी में आने वाली आपदाओं से निपटने के लिए 410 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारी की जाएगी और बेमौसम बारिश से फसलों के नुकसान पर किसानों को तुरंत मुआवजा दिया जाएगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की राज्य कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में यह फैसला हुआ। मुख्य सचिव ने बैठक में आपदा प्रबंधन संबंधित 31 परियोजनाओं को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाएं और बेहतर की जाएं। आपदा से बचाव संबंधी योजनाओं को समय से पूरी की जाएं।

असमय आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के प्रति पूरी तैयारी रखी जाए, ताकि आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। साथ ही, बेमौसम बारिश के कारण फसल क्षति से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। स्वीकृत परियोजनाओं में मानव-वन्यजीव द्वंद्व को कम करने के लिए 34.75 करोड़ रुपये, अयोध्या में बाढ़ शरणालय के निर्माण 19.31 लाख तथा वाराणसी के घाटों पर फ्लोटिंग बैरियर निर्माण पर 5.28 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बाढ़ प्रभावित 44 जिलों की तहसीलों में रबराइज्ड मोटर बोट की खरीद पर 40 करोड़, ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार करने पर 43.45 करोड़, बाल तरणवीर कार्यक्रम पर 7.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा नगर निगम कार्मिकों के प्रशिक्षण देने पर 5.18 करोड़, नागरिक सुरक्षा ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की सीएसआई कांफ्रेंस का शुभारंभ किया

# स्मार्टफोन की लत और सुस्त जीवनशैली, दिल पर भारी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह बेढंगी जीवनशैली व खान-पान है। अब न हमारे उठने का समय तय है, न सोने का। शारीरिक गतिविधियां घटी हैं। नियमित कसरत छोड़ लोग आराम पसंद हो गए हैं। हर व्यक्ति के चार से पांच घंटे स्मार्टफोन में खप रहे हैं। नतीजतन लोग दिल, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं।

शुक्रवार को यह गंभीर चिंता मुख्यमंत्री योगी ने जाहिर की। अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रेक्षागृह में पहली बार कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की तरफ से नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल (एनआईसी) का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने कहा कि नौ-10 साल पहले यूपी बीमारू राज्य था। अब ग्रोथ इंजन के रूप में तरक्की की राह पर है। भारत नई प्रतिस्पर्धा के साथ खड़ा।





मुख्यमंत्री ने कहा कि नॉन कम्युनिकेबल डीजीज के बढ़ते मामले चिंता का विषय हैं। भारत में प्राचीन काल से समय पर सोना, जागना, पौष्टिक भोजन लेना, यह सब स्वस्थ्य दिनचर्या का हिस्सा था। समय तेजी से बदल रहा है। लोग देर रात तक जाग रहे हैं। फास्ट फूड व डिब्बा बंद भोजन पसंद कर रहे हैं। उसके परिणाम सबके सामने हैं। बीमारी घेर रही है। हमारे सामने चुनौतियां खड़ी कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता से निपटने के दो रास्ते हैं। पहला बचाव व दूसरा इलाज। बचाव पक्ष पर अधिक काम करने की जरूरत है। चुनौतियों से निपटने के लिए जीवनशैली बदलें। सरकार इलाज व जागरूकता फैलाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। आठ से 10 साल पहले यदि कोई गंभीर बीमारी की चपेट में आता था तो परिवार पैसे की चिंता करता था। विशेषज्ञ डॉक्टर व मेडिकल संस्थानों की कमी थी। अब दोनों ही समस्याओं को हल किया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना शुरू की गई। भारत के 55 से 60 करोड़ लोगों को हर साल आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिल रही है। यूपी में आयुष्मान के दायरे में न आने वालों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल कर स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा बढ़ाया गया है। शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, स्कूल के रसोइया, आशा व एएनएम को योजना के दायरे में लाया गया है। वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री राहत कोष से 1400 करोड़ रुपये इलाज के लिए उपलब्ध कराए गए।
सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर शिकंजामुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर सरकार फंदा डाल रही है। यूपी में ऐसे लोग थे जिनके पास एक भी गाय-भैंस नहीं थी, लेकिन हजारों टन खोया और पनीर की आपूर्ति का दम रखते थे। पिछले साल दीपावली में ऐसे लोगों की सूची तैयार कराई गई। बड़े पैमाने पर सुबह चार बजे एक साथ छापेमारी कराई।

हजारों कुंतल मिलावटी खोया व पनीर बरामद किया गया। ऐसे लोगों की पहचान व छापेमारी का अभियान जारी है। बीमार भारत आत्मनिर्भर व सशक्त नहीं हो सकतादिल, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर समेत दूसरी बीमारियों ने चुनौती खड़ी कर दी है। अभी भी गरीब मेहनतकश को दिल की बीमारी कम होती है। लेकिन हो गई तो उसका इलाज पर आने वाले खर्च की फिक्र करने की जरूरत नहीं है। इलाज तो मुफ्त मिल सकता है लेकिन इंसान की कार्यक्षमता कैसे बचाई जा ● शेष पेज 11 पर

# डेनमार्क के राजदूत ने मुख्यमंत्री योगी से की भेंट निवेश व तकनीकी सहयोग पर बनी सहमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पर भारत में डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंशन ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग तथा विभिन्न क्षेत्रों में संभावित साझेदारी को लेकर व्यापक और सकारात्मक चर्चा हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जहां निवेशकों के लिए पारदर्शी नीतिगत वातावरण, मजबूत कानून-व्यवस्था और आधुनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध है। उन्होंने डेनमार्क की कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर निवेशक को आवश्यक सहयोग, सरल प्रक्रियाएं और सुरक्षित निवेश वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने डिफेंस कॉरिडोर, नवीकरणीय ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी, जल प्रबंधन, स्किल डेवलपमेंट, अवस्थापना विकास और हेल्थ केयर जैसे क्षेत्रों में डेनमार्क के साथ साझेदारी को अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से प्रदेश में रोजगार सृजन, तकनीकी हस्तांतरण और सतत विकास को नई गति मिलेगी। राजदूत रासमस क्रिस्टेंशन ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले निवेश के लिहाज से उत्तर प्रदेश का उल्लेख सीमित था, लेकिन अब यह राज्य निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। प्रदेश की बड़ी आबादी, कुशल मानव संसाधन और मजबूत होती आधारभूत संरचना इसकी प्रमुख ताकत हैं।



राजदूत ने विशेष रूप से डिफेंस कॉरिडोर में रुचि व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में डेनमार्क का समृद्ध अनुभव है और इस क्षेत्र में वहां की कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए उत्सुक हैं। इसके साथ ही वेस्ट-टू-एनर्जी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी और हाइड्रोजन तकनीकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है, जिसमें डेनमार्क की कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। जल प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग का उल्लेख करते हुए उन्होंने आईआईटी (बीएचयू) के साथ नदी पुनरुद्धार और जल शोधन परियोजना पर चल रहे कार्य की जानकारी दी और शीघ्र ही वाराणसी दौरे की बात कही। राजदूत ने शिक्षा और कौशल विकास को भी सहयोग का अहम क्षेत्र बताते हुए कहा कि इससे नॉलेज ट्रांसफर को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, एल्डरली हेल्थ केयर सेक्टर में बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश के युवाओं को भाषा प्रशिक्षण और कौशल प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने की इच्छा जताई। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी दोनों पक्षों ने सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। राजदूत ने कहा कि कृषि-तकनीक, फूड प्रोसेसिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में संयुक्त प्रयासों से टिकाऊ कृषि और वैल्यू-एडेड फूड उत्पादों को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# रात में बैलेंस खत्म होने पर नहीं कटेगी बिजली, अवकाश में भी मिलेगी राहतः शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि स्मार्ट मीटर का बैलेंस रात में समाप्त होने पर बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। साथ ही अवकाश के दिनों में भी किसी उपभोक्ता का कनेक्शन विच्छेदित नहीं किया जाएगा, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो।

श्री शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समेत सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याएं प्रमुख मुद्दा रहीं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई जाए और उपभोक्ताओं के बीच किसी प्रकार की भ्रांति न रहे। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।



उन्होने कहा कि जनता सर्वोपरि है और विद्युत व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध सेवा देना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय रहते बैलेंस समाप्त होने की सूचना दी जाए और स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए अलग काउंटर स्थापित किए जाएं, ताकि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हो सके।

ऊर्जा मंत्री ने गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए ट्रांसफार्मर, फीडर और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा क्षमता वृद्धि के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर भी जोर दिया।

# केमिकल और साइड इफ़ेक्ट-फ्री इलाज से जुड़ें आमजन : दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्रा दयालु ने प्रदेशवासियों से केमिकल और साइड इफ़ेक्ट-फ्री उपचार पद्धतियों को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में सुरक्षित, प्रभावी और प्राकृतिक इलाज की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में होम्योपैथी एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रही है।

शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस (10 अप्रैल) के अवसर पर अपने संदेश में मंत्री ने होम्योपैथी की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक उपचार पद्धति नहीं, बल्कि शरीर की आंतरिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त बनाने का माध्यम भी है।

उन्होंने बताया कि होम्योपैथी का मूल सिद्धांत सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंटर है, जिसका अर्थ है–जैसा रोग, वैसी ही दवा। यह सिद्धांत रोग को जड़ से समाप्त करने की दिशा में कार्य करता है और शरीर को संतुलित रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक होता है।

आयुष मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में लोग साइड इफ़ेक्ट-फ्री और केमिकल-फ्री उपचार की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे में होम्योपैथी एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आई है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाते हुए स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्रभावी और समग्र चिकित्सा प्रणाली : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि सैमुअल हैनीमैन द्वारा विकसित होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्रभावी और समग्र चिकित्सा प्रणाली है। उन्होंने डॉ. उमंग खन्ना के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना काल में उनके द्वारा किया गया निःशुल्क उपचार और दवा वितरण समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

शुक्रवार को सैमुअल हैनीमैन की 271वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ कन्वेंशन सेंटर में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से लगभग 1000 होम्योपैथिक चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में होम्योपैथी ऽ द लेगेसी ऑफ इंडिया पुस्तक का विमोचन किया गया और एक विशेष एआई फिल्म का प्रदर्शन हुआ, जिसमें होम्योपैथी के सिद्धांतों की भारतीय परंपरा से जुड़ाव को रेखांकित किया गया।



कार्यक्रम में विषमेव विषभस्य औषधिम् के सिद्धांत को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया, जिसे होम्योपैथी में सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंटर कहा जाता है, अर्थात समान से समान का उपचार। वक्ताओं ने बताया कि यह पद्धति शरीर की प्राकृतिक उपचार क्षमता को सक्रिय कर समग्र स्वास्थ्य प्रदान करती है।

लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि भारत के प्राचीन ज्ञान को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित करने का समय आ गया है। उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर देश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें।

विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों और सैन्य अभियानों में भी होम्योपैथिक औषधियां उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। अन्य वक्ताओं ने भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के संदर्भ में होम्योपैथी को प्रमुख पूरक चिकित्सा प्रणाली बताया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांधा। पीहू द्विवेदी, कृतिका कलांगन और स्तुति खन्ना के कथक नृत्य तथा 'द रागनेस बैंड' के गायन ने उपस्थित चिकित्सकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# डा निशांत पाण्डेय को डीएम ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बलरामपुर । बलरामपुर निवासी डॉ निशांत पाण्डेय पेशे से आईटी प्रोफ़ेशनल और सोशल वर्कर है लेकिन लेखन के दिशा में एक बेहतर कार्य किया है। डॉ. निशांत पांडे की नई पुस्तक 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) इन दिनों चर्चा में है। यह किताब एआई जैसे जटिल विषय को सरल भाषा में प्रस्तुत करती है और तीन श्रेणियों में इंटरनेशनल बेस्टसेलर का दर्ज़ा हासिल कर चुकी है। डॉ. निशांत पांडे ने बहुआयामी कार्यों से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई और जिले का नाम रौशन किया। उनकी यह पुस्तक विशेष रूप से एआई के बढ़ते प्रभाव और उसके सही उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लिखी गई है। जिसको लेकर बलरामपुर महोत्सव 2026 में डीएम डॉ विपिन कुमार जैन, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, सीडीओ, ने सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा डॉ. निशांत पांडे को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'नेताजी स्मृति पुरस्कार 2025' सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इसके अतिरिक्त, 'हाइट ऑफ सक्सेस' द्वारा उन्हें 'राइजिंग स्टार' के रूप में नामित किया गया है। फैज़ाबाद मैजिक बुक में बेस्ट एचिवर अवार्ड मिला। 'लेजेंडरी पीस अवार्ड काउंसिल' और 'मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड ग्लोबल आइकन अवार्ड' जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उनके योगदान की सराहना की गई है।

# चलती ट्रेन में चोरी का प्रयास नाकाम

## आरपीएफ ने आरोपी को दबोचा, महिला को मिला सामान वापस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस. रामकृष्णन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल लगातार रेल संपत्ति की सुरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा और मानव तस्करी रोकने के अभियान चला रहा है।

इसी क्रम में गाड़ी संख्या 18182 थावे-टाटानगर एक्सप्रेस के प्लेटफार्म संख्या 4 पर आगमन के दौरान एक बड़ी चोरी की घटना को समय रहते विफल कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, महिला यात्री उर्मिला कुंवर ट्रेन में चढ़ रही थीं, तभी आरोपी सोनू कुमार माली उनका सोने का जीउतिया माला, एक जोड़ी कान की बाली सहित अन्य सामान लेकर भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर आरपीएफ और जीआरपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।



इस संयुक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक संजय कुमार राय, सहायक उपनिरीक्षक विजय रंजन मिश्र, हेड कांस्टेबल रामसूरत यादव सहित अन्य जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोपी के पास से लगभग 50 हजार रुपये मूल्य का सामान बरामद कर पीड़ित महिला को पहचान के बाद वापस सौंप दिया गया। आरोपी सोनू कुमार माली को आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल पुलिस को सौंप दिया गया है। सामान वापस मिलने पर महिला यात्री ने रेलवे प्रशासन और आरपीएफ की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## बौद्ध सर्किट बनेगा यूपी की आध्यात्मिक राजधानी का आधार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को अब बौद्ध सर्किट नई गति देने जा रहा है। सारनाथ से कुशीनगर और श्रावस्ती से कपिलवस्तु तक फैला यह आध्यात्मिक गलियारा अब वैश्विक पर्यटन, निवेश और सांस्कृतिक कूटनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या इस सर्किट की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। वर्ष 2025 में कौशाम्बी, संकिसा समेत छह प्रमुख स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे। इन स्थलों को बेहतर सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, डिजिटल सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। इसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा है, जहां होटल, परिवहन, गाइड सेवा और हस्तशिल्प क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

# धनंजय सिंह पर जानलेवा हमले के 24 वर्ष बाद जल्द आ सकता है बड़ा फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में शुक्रवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। पूरी सुनवाई अंतिम चरण में पहुंचने के कारण इस प्रकरण में जल्द ही बड़ा फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

प्रकरण के अनुसार, 4 अक्टूबर 2002 को तत्कालीन विधायक और पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ जौनपुर लौटते समय जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के समीप बोलेरो से उतरे अभय सिंह और उनके साथियों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे। हमलावर मौके से फरार हो गए थे। वर्तमान में गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह इस घटना के मुख्य आरोपी हैं। कुछ लोगों का नाम साक्ष्य न होने की वजह से पत्रावली में नहीं है।

धनंजय सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को नजीरें दाखिल हो जाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक हफ्ते के अंदर इस प्रकरण पर फैसला हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें न्यायालय के समक्ष रखीं।

धनंजय सिंह ने कहा, 24 वर्ष पूर्व मेरे साथ यह घटना घटी थी। अंधाधुंध फायरिंग की गई थी और चार-पांच लोग घायल हुए थे। 2013 से गवाहियां शुरू हुईं, लेकिन दूसरा पक्ष भागता रहा। अब उम्मीद जगी है कि जल्द न्याय मिलेगा।

## प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवान ने बचायी यात्री की जान

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने तत्परता और बहादुरी का परिचय देते हुए एक रेल यात्री की जान बचा ली। ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत यह सराहनीय घटना शुक्रवार को प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर हुई। ट्रेन संख्या 12987 दोपहर 12:11 बजे प्रस्थान कर रही थी, तभी एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में संतुलन खो बैठा और प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच गिर गया। प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल सुनील कुमार कुशवाहा ने बिना समय गंवाए सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए यात्री को तुरंत बाहर खींच लिया, जिससे उसकी जान बच गई। बचाए गए यात्री की पहचान सुरेश कुमार सरोज, निवासी सराय हरिया, पोस्ट बहादुरगढ़, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। वह प्रयागराज जंक्शन से आबू रोड की यात्रा पर जा रहे थे।

# योगी सरकार का यक्ष एप स्मार्ट पुलिसिंग को दे रहा 'धार'

## –महज 90 दिनों में एक दर्जन से अधिक मामलों का किया खुलासा, अपराध नियंत्रण में आई तेजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस का यक्ष एप अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलने में अहम भूमिका निभा रहा है। यक्ष एप ने महज 90 दिनों में 12 से अधिक अपराधिक घटनाओं का खुलासा कर अपराध नियंत्रण पर स्मार्ट पुलिसिंग को नया आयाम दिया है। एप के जरिये अपहरण, हत्या, लूट, चोरी जैसे गंभीर अपराधों का खुलासा किया है। यक्ष ऐप की मदद से पुलिस न केवल तेजी से आरोपितों तक पहुंच रही है, बल्कि घटनाओं के खुलासे का समय भी काफी कम हुआ है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग को नई दिशा देने के लिए पुलिस मंथन कार्यक्रम में यक्ष एप को लांच किया था।





कुछ घंटों में दो लूट का खुलासा, अपहरण की गुत्थी को सुलझाया : पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप स्मार्ट पुलिसिंग के तहत यक्ष एप को लांच किया गया था। यक्ष एप में प्रदेश के अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस, सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन आधारित मैपिंग और एनालिटिकल टूल्स जैसी सुविधाएं दी गई हैं। पहले जहां विवेचकों को विलेज क्राइम नोट बुक जैसे पारंपरिक रजिस्टर पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब कुछ ही मिनटों में अपराधियों की पूरी हिस्ट्री सामने आ जाती है।

### यह हैं एप की विशेषताएं

- पुलिस इकाइयों के लिए उपलब्ध प्रदेशव्यापी अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस
- त्वरित साक्ष्य संकलन के लिए सीसीटीवी कैमरों का स्थान आधारित मानचित्रण
- प्रत्येक अपराधी को दिया गया यूनिक क्रिमिनल आईडी, जिससे जिलों के बीच सूचनाओं का सहज आदान-प्रदान संभव
- सटीक पहचान के लिए अपराधियों के मल्टी-एंगल फोटोग्राफिक रिकॉर्ड

डीजीपी ने बताया कि हरदोई में दर्ज अपहरण के एक मामले में यक्ष ऐप ने चौंकाने वाला सच सामने लाया। जांच में पता चला कि कथित अपहृत व्यक्ति पिछले ढाई साल से जेल में बंद था। इसी तरह जौनपुर में 11 मार्च 2026 को जन सेवा केंद्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा कुछ ही घंटों में कर लिया गया। पुलिस ने यक्ष एप के माध्यम से 42ऽ43 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिससे संदिग्धों की पहचान और लोकेशन ट्रैक हुई। इसके बाद मुठभेड़ में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया और करीब 1.30 लाख नकद बरामद किया गया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में एक घंटे के अंतराल पर हुई दो लूट की घटनाओं का 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया गया। यक्ष एप के जरिए आरोपितों की पहचान, मोबाइल लोकेशन और गतिविधियों का विश्लेषण कर पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। इतना ही नहीं रायबरेली में यक्ष एप की मदद से 8 सदस्यीय अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश हुआ। एप के डाटाबेस और जियो-टैगिंग के जरिए पुलिस को आरोपितों का आपराधिक इतिहास मिला, जिससे योजनाबद्ध कार्रवाई कर सभी को गिरफ्तार किया गया।

झूठे आरोप से बुजुर्ग को बचाया : बरेली में सास और साले की हत्या के आरोपित को पकड़ने में भी यक्ष ने अहम भूमिका निभाई। आरोपित का फोटो और रिकॉर्ड एप से मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आगरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को झूठे छेड़छाड़ के आरोप से बचाने में भी एप उपयोगी साबित हुआ। सीसीटीवी फुटेज और फ़ेस रिकग्निशन के जरिए असली आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। मेरठ, हाथरस, फर्रुखाबाद, कानपुर और गोंडा जैसे जिलों में यक्ष के जरिए कई चोरी और जेबकतरी गैंग का खुलासा हुआ। मेरठ में जेबकतरा गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार किये गये, हाथरस में आभूषण चोरी का आरोपी ट्रेस, कानपुर में ज्वैलरी दुकान से चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ और गोंडा में स्कूलों में हो रही चोरी का खुलासा एप ने किया।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सरोज कुमार त्रिपाठी पुत्र रामकिशोर त्रिपाठी, निवासी ग्राम उतरावां, थाना निगोहा, जिला लखनऊ , मुझे सरोज त्रिपाठी नाम से भी जाना जाता है। दोनों नाम एक ही हैं, यदि किसी को कोई आपत्ति है तो 7 दिनों के भीतर सूचित करें, अन्यथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सरोज कुमार त्रिपाठी

दिनांक - 10/04/2026

## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीतू तिवारी, पत्नी श्री विजय प्रताप तिवारी, निवासी 25 वसुंधरा पुरम, कल्याणपुर, विकासनगर, लखनऊ-226022 का विवाह दिनांक 24.11.2016 को हुआ है। विवाह से पूर्व उनका नाम नीतू मिश्रा था, जो अब नीतू तिवारी है। नीतू मिश्रा एवं नीतू तिवारी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में सभी कार्यों हेतु नाम नीतू तिवारी (Neetu Tiwari) ही मान्य होगा।

# विजन से एक्शन तक : नेट ज़ीरो इंडस्ट्री 2040 की दिशा तय कर रही : डॉ. राजेश्वर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजिनी नगर ने सतत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'नेट जीरो इंडस्ट्री' पहल का शुभारंभ किया। ल्लद ग्रीन शिफ्ट के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस पहल का नेतृत्व सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया, जिन्होंने #NetZeroSarojiniNagar2040 के विजन को जमीन पर उतारने की दिशा में इसे एक निर्णायक कदम बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ल्लउपचार से बेहतर रोकथाम होती है, और पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए पूर्व तैयारी, जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उद्योग जगत को एक मंच पर लाकर हरित विकास की दिशा में काम करना सराहनीय

❐ सरोजिनी नगर से हरित औद्योगिक क्रांति की शुरुआत, 'नेट जीरो इंडस्ट्री' मिशन का शुभारंभ

पहल है। यह 'नेट जीरो इंडस्ट्री' मिशन एक व्यापक और समयबद्ध योजना का हिस्सा है, जिसमें पांच प्रमुख स्तंभ शामिल हैं–नेट जीरो स्कूल एवं कॉलेज, नेट जीरो सोसायटी एवं आरडब्ल्यूए, नेट जीरो टाउनशिप, नेट जीरो इंडस्ट्री और नेट जीरो गांव एवं सरोवर। इससे पहले तराई क्षेत्र में कई कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया था, और अब यह पहल क्रियान्वयन के चरण में प्रवेश कर चुकी है। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संगठनों और इकाइयों–यूपी रोलर्स एसोसिएशन, रेडिको खेतान, के3एम रोड सेफ्टी एंड एडवरटाइजिंग, जीपीएस रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड, एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड तथा जैक्सन रिन्यूएबल–की सक्रिय भागीदारी रही। इसके साथ ही कई उद्योग प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस पहल को मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों ने यह स्पष्ट किया कि



उद्योग इस परिवर्तन के केंद्र में हैं। हीट स्ट्रेस के कारण 5 से 6 प्रतिशत कार्य घंटों का नुकसान हो रहा है, जबकि प्रदूषण के चलते 8 से 10 प्रतिशत तक उत्पादकता घट रही है। एमएसएमई क्षेत्र को प्रति एक करोड़ रुपये के कारोबार पर 5 से 10 लाख रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है, और केवल सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में ही यह नुकसान सालाना 100 करोड़ रुपये से अधिक आंका गया है। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति चिंताजनक है। तापमान में 1.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि, हर वर्ष 70 लाख मौतें और यूरोपीय संघ की नई कार्बन सीमा समायोजन नीति के कारण निर्यात पर संभावित असर जैसे तथ्य यह दर्शाते हैं कि अब सततता कोई विकल्प नहीं, बल्कि आर्थिक आवश्यकता बन चुकी है। इस पहल की खास बात यह है कि इसमें 'नेट जीरो' को लागत नहीं, बल्कि अवसर के रूप में प्रस्तुत किया गया है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से 30 प्रतिशत तक ऊर्जा लागत में कमी, दक्षता सुधार से 30 से 50 प्रतिशत तक बचत, जल और अपशिष्ट प्रबंधन से लाखों रुपये का लाभ, और वैश्विक बाजार में निर्यात प्रीमियम जैसे कई फायदे उद्योगों के सामने रखे गए हैं। इसके अलावा कार्बन क्रेडिट के माध्यम से अतिरिक्त आय की संभावना भी जताई गई है। उद्योगों को सहयोग देने के लिए एक मजबूत तंत्र भी विकसित किया गया है। इसमें विभिन्न सरकारी योजनाएं, रियायती ऋण, ग्रीन फाइनेंसिंग, क्रेडिट गारंटी योजनाएं और विशेषज्ञों की सहायता शामिल है। आईआईटी और आईआईएम से प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा एक समर्पित सहायता प्रणाली भी तैयार की गई है, जो उद्योगों को कार्बन प्रबंधन और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में मार्गदर्शन देगी। अधिकाधिक उद्योगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'ग्रीन शिफ्ट इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस अवॉर्ड' भी दिया जाएगा, जिसमें सर्वश्रेष्ठ इकाई को 5 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उद्योगों के लिए एक स्पष्ट कार्यान्वयन ढांचा भी तय किया गया है–पहचान, योजना, क्रियान्वयन और परिणाम। यह ढांचा उद्योगों को चरणबद्ध तरीके से 'नेट जीरो' लक्ष्य की ओर बढ़ने में मदद करेगा। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ल्लनेट जीरो अब कोई दूर का लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह मापने योग्य, प्राप्त करने योग्य और लाभकारी मॉडल बन चुका है। सरोजिनी नगर ने इस दिशा में पहला कदम उठा लिया है और अब यह पहल उद्योगों को सतत विकास का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करेगी। यह पहल न केवल सरोजिनी नगर, बल्कि पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनकर उभर रही है। स्थानीय स्तर पर शुरू की गई यह पहल दर्शाती है कि यदि सही नेतृत्व, औद्योगिक सहयोग और स्पष्ट योजना हो, तो भारत सतत विकास के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। सरोजिनी नगर से शुरू हुई यह 'नेट जीरो' यात्रा अब 2040 के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है, जो आने वाले समय में हरित और आत्मनिर्भर औद्योगिक भारत की मजबूत नींव साबित हो सकती है।

## अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**रहीमाबाद/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के नईबस्ती गांव में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार नई बस्ती गांव निवासी सुनीता देवी ने देर रात अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे छत के कुंडे से फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आईं, तो परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलकर देखने पर उनका शव फंदे से लटकता मिला, जिससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मृतका के ससुर ने अपने पुत्र हृदेश शर्मा तथा रहीमाबाद पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति हृदेश शर्मा के अनुसार उनकी शादी वर्ष 2017 में अतरौली थाना क्षेत्र के ढेहुवां गांव में हुई थी और अब तक वैवाहिक जीवन सामान्य रूप से चल रहा था। उन्होंने किसी बड़े विवाद से इनकार किया है। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मुआवजे व गेहूं खरीद को लेकर भाकियू का ज्ञापन

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**बख्शी का तालाब तहसील मुख्यालय पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भाकियू नेता अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने एसडीएम साहिल कुमार को ज्ञापन सौंपकर बेमौसम बारिश से हुई फसल क्षति पर तत्काल राहत दिलाने की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि बीते दिनों हुई तेज बारिश और मौसम के अचानक बदलाव के कारण गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई किसानों की खड़ी फसलें खेतों में गिर गईं, जबकि कटी हुई फसलें भीगने से खराब हो गईं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।भाकियू नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि जनपद के सभी प्रभावित गांवों का राजस्व विभाग द्वारा तत्काल सर्वे कराया जाए, ताकि नुकसान का सही आकलन हो सके और पीड़ित किसानों को सरकार की ओर से उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि समय पर राहत न मिलने से किसानों की स्थिति और खराब हो सकती है।इसके अलावा किसानों ने गेहूं खरीद को लेकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि जनपद में गेहूं की शत-प्रतिशत खरीद सुनिश्चित की जाए और सभी क्रय केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएं। किसानों ने आरोप लगाया कि कई केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।किसानों ने यह भी कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और खरीद के बाद भुगतान समय से किसानों के खातों में पहुंचाया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

## दलित महिला से छेड़छाड़ के बाद थाने में हंगामा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में दलित महिला से कथित छेड़छाड़ का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। न्याय की उम्मीद लेकर थाने पहुंची पीड़िता ने पुलिस पर शिकायत दर्ज न करने और अपमानित कर भगा देने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, वह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी, तभी अवध फार्म हाउस के पास बैठे एक दबंग ने छेड़छाड़ करते हुए जातिसूचक गालियां दीं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला का आरोप है कि थाने पहुंचने पर शिकायत दर्ज करने के बजाय पुलिस ने उन्हें डांट-फटकार कर भगा दिया। साथ ही आरोपी द्वारा पीड़ित पक्ष पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने की भी बात सामने आई है।

## के.के.सी. में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध और NAAC A ग्रेड प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान श्री जय नारायण मिश्र पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (जेएनपीजी)ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। कॉलेज के प्राचार्य केके शुक्ला ने बताया कि 10 अप्रैल,2026 से सभी इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।108 वर्षों की शानदार विरासत के साथ, यह कॉलेज उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

## भाजपा संस्थाओं के पीछे छिपकर करती है हमला : अखिलेश यादव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जब वह मुद्दों पर हारती है तो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष पर निशाना साधती है। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के जरिए भाजपा की कार्यशैली अब जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है। जयपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा ने चुनावों में फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए वोट कटवाने की साजिश रची। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के वोट कम करने के लिए बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 भरे गए, लेकिन शिकायत के बावजूद चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि जो लोग हस्ताक्षर तक नहीं कर सकते, उनके नाम से भी फर्जी साइन किए गए, फिर भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार बढ़े हैं और समाजवादी पार्टी 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को एकजुट कर सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां पीड़ा है, वहीं पीडीए है और यही गठजोड़ 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराएगा।

उन्होंने भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने और महंगाई कम करने के वादे पूरे नहीं किए गए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार ने वैश्विक स्तर पर नेतृत्व का अवसर खो दिया। महिला आरक्षण के मुद्दे पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा महिलाओं के साथ न्याय नहीं कर रही है और पुराने जनगणना आंकड़ों के आधार पर आरक्षण लागू करना गलत है। उन्होंने नई जनगणना के आधार पर नीति बनाने की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उपचुनावों में विपक्ष के वोट कटवाने की घटनाएं सामने आई हैं। पश्चिम बंगाल को लेकर उन्होंने दावा किया कि वहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी फिर से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगी।

## उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ेगा दिन और रात का तापमान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पिछले कुछ दिनो से आंधी,बारिश और ओलावृष्टि की मार झेल रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को अब गर्मी के लिये तैयार होना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले सप्ताह में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने और दिन व रात के तापमान में बढ़ोत्तरी का अनुमान है।

# वीवीआईपी पार्टी ने भरी हुंकार, 92 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ बनाने के उद्देश्य से विकास वंचित इंसान पार्टी (वीवीआईपी) ने अब सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी जहां एक ओर क्षेत्रीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर सत्ताधारी दल समेत अन्य राजनीतिक दलों पर भी तीखे हमले कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी पार्टी प्रदेश की 92 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदीप निषाद ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार आम जनता, खासकर निषाद समाज की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में होने के बावजूद वह निषाद समाज के हितों की अनदेखी कर रहे हैं और केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। इस मौके पर संगठन विस्तार की भी घोषणा की गई। पूर्व मंत्री अच्छेलाल निषाद को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष तथा निहारिका गिरी को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में राकेश कुमार, पवन कुमार साहनी, कार्तिक निषाद, सिद्धार्थ कुमार, प्रेम कुमार निषाद, रोहित निषाद और आशीष साहनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाने में प्वाइजन मिलाकर बहू ने सास को खिलाया, मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शव को कब्र से बाहर निकाला जाएगा

❐ प्रेमी भांजे के उकसावे पर वारदात को अंजाम

काकोरी,लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के इब्राहिम गंज गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने कथित प्रेमी पति के भांजे के साथ मिलकर अपनी 65 वर्षीय सास की हत्या कर दी आरोपी बहू ने खाने की रोटी में जहरीला कीटनाशक मिलाकर सास को खिला दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में पति की तहरीर पर पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मृतका शांति देवी (65 वर्ष) के बेटे मनोज रावत ने शुक्रवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नी शालिनी देवी का प्रेम प्रसंग उसके सगे भांजे करन निवासी बरहा ज्ञानपुर, उन्नाव के साथ चल रहा है। मनोज के अनुसार, करन के कहने पर ही शालिनी ने बीते 5 अप्रैल की शाम को अपनी सास शांति देवी की रोटी में कीटनाशक दवा मिला दी थी जहरीली रोटी खाने से बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ गई और अगले दिन 6 अप्रैल की रात को उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को छिपाने के उद्देश्य से आरोपियों ने बिना किसी को भनक लगे शव का अंतिम संस्कार कर उसे जमीन में दफना दिया। हालांकि, बाद में जब मनोज को अपनी पत्नी और भांजे की इस खौफनाक साजिश का पता चला,तो उसने पुलिस की शरण ली।मनोज की तहरीर पर काकोरी पुलिस ने पत्नी शालिनी और भांजे करन के विरुद्ध हत्या और साजिश की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पीड़ित बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए शव को जमीन से खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए निकालने हेतु जिलाधिकारी से पत्राचार किया है

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया बखान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

काकोरी लखनऊ। बुधेश्वर की पवित्र धरती पिंक सिटी,हिन्द धर्म कांटा के पीछे,मोहान रोड,निकट बिस्कुट गोदाम,राठौर चाट कार्नर के सरवन कुमार राठौर द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक शास्त्री जीतू सिंह सरस महाराज ने श्रोताओं को गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया।श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए।

कथावाचक शास्त्री जीतू सिंह सरस ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया,वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया।कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई।इस दौरान भजनों पर



श्रद्धालु देर तक नाचते रहे।प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था।उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी।इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई।प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया।सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ।

इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई।कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया।भागवत की आरती में बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# भीषण अग्निकांड में 12 बीघा फसल राख, 10 किसानों पर टूटा संकट

❐ झाड़ियों से पीट-पीटकर ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू, खराब रास्ते के कारण दमकल नहीं पहुंच सकी खेत तक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बख्शी का तालाब,लखनऊ।बख्शी का तालाब तहसील स्थित सरसवा गांव में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक खेतों में आग लगने से करीब 10 किसानों की 12 बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई। तेज पछुआ हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया।बताया जा रहा है कि आग की शुरुआत रामकरन के खेत से हुई, जो धीरे-धीरे अन्य किसानों के खेतों तक फैल गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटों को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और गांव से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।



जब कोई संसाधन उपलब्ध नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने पेड़ों की टहनियां और झाड़ियों का सहारा लेकर आग को पीट-पीटकर बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 12 बीघा फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।घटना की सूचना पर अग्निशमन विभाग की दो दमकल गाड़ियां मौके के लिए रवाना हुईं, लेकिन खेतों तक जाने का रास्ता खराब होने के कारण गाड़ियां करीब एक किलोमीटर पहले ही रुक गईं। ऐसे में आग बुझाने की पूरी जिम्मेदारी ग्रामीणों पर ही आ गई।इस अग्निकांड में विद्यावती, शिवराम, इरफान बेग, जगदीश, रामगोपाल, रामकुमार, रामकरन, नवमी लाल, सुशील मिश्रा, अतुल मिश्रा, नीरज मिश्रा समेत अन्य किसानों की फसल जलकर स्वाहा हो गई।

पीड़ित किसानों ने बताया कि उन्होंने किसी तरह कर्ज और उधार लेकर फसल तैयार की थी और कटाई के बाद अनाज घर पहुंचने ही वाला था, लेकिन आग ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फ़ेर दिया। अब उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन किया। कानूनगो राजेंद्र कुमार और लेखपाल संतराम ने बताया कि करीब 12 बीघा फसल जलने की पुष्टि हुई है तथा किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# स्वदेशी तकनीक से संचार क्रांति की ओर अग्रसर भारत : केशव मौर्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वदेशी तकनीक के माध्यम से संचार क्रांति की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विज़न है कि देश के हर नागरिक तक आधुनिक और सुलभ संचार सुविधाएं पहुंचें।

उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ स्थित भूतनाथ टेलीफोन एक्सचेंज के सभागार में आयोजित बीएसएनएल अधिकारी संघ की सेंट्रल एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में ल्लबीएसएनएल ऽ स्वदेशी तकनीकः अवसर और चुनौतियाँङ्क विषयक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री मौर्य ने बताया कि 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत स्वदेशी तकनीक आधारित 4क्क सेवाओं का शुभारंभ 27 सितम्बर 2023 को उड़ीसा से किया गया, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि आज बीएसएनएल के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बीएसएनएल के साथ उनकी पुरानी यादें जुड़ी हैं और सांसद रहते हुए वे दूरसंचार संबंधी समिति से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने बीएसएनएल की प्रगति के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएनएल के पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है और वह किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। आवश्यकता है कि समर्पण, नवाचार और प्रभावी रणनीति के साथ कार्य करते हुए इसे देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी बनाया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बीएसएनएल शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में बीएसएनएल की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश में आज भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बीएसएनएल की सेवाओं पर भरोसा करते हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वदेशी तकनीक को अपनाकर भारत वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। सस्ती, गुणवत्तापूर्ण और सर्वसुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। बीएसएनएल न केवल विदेशी निर्भरता को कम करेगा, बल्कि रोजगार सृजन, स्थानीय उद्योगों और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के साथ-साथ डेटा और साइबर सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगा।

मौर्य ने यह भी कहा कि स्वदेशी तकनीक को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करना, अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाना तथा नवाचार को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

# भारतीय रंगमंच को वैश्विक स्तर पर स्थापित करें : आनंदीबेन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में सहभागिता करते हुए भारतीय रंगमंच को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बाल नाटक पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही कलाविदों और पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित 'आनंदमठ' नाटक का मंचन किया गया, जिसने स्वतंत्रता संग्राम की संघर्षगाथा को जीवंत कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि 'आनंदमठ' केवल एक नाटक नहीं, बल्कि देशभक्ति और त्याग की प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने सुझाव दिया कि 'वंदे मातरम' गीत की पृष्ठभूमि पर भी नाट्य मंचन किया जाए, ताकि युवा पीढ़ी अपने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है, जो जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन सकता है।

उन्होंने जनभवन परिसर में संचालित आदर्श माध्यमिक विद्यालय का उल्लेख करते हुए कलाकारों से अपील की कि वे यहां आकर बच्चों को नाट्य प्रशिक्षण दें। साथ ही जानकारी दी कि 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इस विद्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय रंगमंच की परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और इसे गांव-गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि उन्हें सही दिशा और अवसर मिलने पर वे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने अकादमी से आग्रह किया कि युवा प्रतिभाओं को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए।

# मछरेहटा में पंचायत सहायकों की बैठक, आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य तय, संचारी रोग अभियान पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता


बीडीओ की बैठक में पंचायत सहायकों को निर्देश, आयुष्मान कार्ड निर्माण तेज करने के आदेश

मछरेहटा (सीतापुर) । दिनांक 10 अप्रैल 2026 को खंड विकास अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मछरेहटा के अधीक्षक की उपस्थिति में पंचायत सहायकों, कोटेदारों एवं सफाई कर्मियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मछरेहटा तथा आयुष्मान मित्र भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पंचायत सहायकों को आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। प्रत्येक पंचायत सहायक को प्रतिदिन 10 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके साथ ही संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों को सफल बनाने के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्रवार कार्ययोजना भी साझा की गई। साथ ही खंड विकास अधिकारी स्तर से पंचायत सहायकों को कार्य में सुविधा हेतु मंत्रा (Mantra) डिवाइस उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मियों को सौंपे गए दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

# एसपी ने थाना रोजा व सेहरामऊ दक्षिणी का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना रोजा एवं थाना सेहरामऊ दक्षिणी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था, बैरक, शौचालय, पेयजल व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर संबंधित को परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने कार्यालय अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर, जीडी, बीट बुक, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची, गुंडा एक्ट व गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही, वारण्ट, समन की तामील, लंबित विवेचनाओं एवं अभियोगों की समीक्षा की और लंबित विवेचनाओंका जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने तथा महिलाओं से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता, प्राथमिकता एवं गोपनीयता के साथ त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना एवं शस्त्रागार, बंदीगृह आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने थाने पर आए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं होगी।

## हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 04 वारण्टी गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 04 वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है- थाना सदरपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तार- थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा वाद सं0 191/20 से संबंधित वारंटी सूरज पुत्र संगम निवासी घमही थाना सदरपुर सीतापुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना हरगांव पुलिस द्वारा 01 हिस्ट्रीशीटर वारंटी गिरफ्तार- थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या 3715/16 से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त सोहन पुत्र गयादीन निवासी बेनीपुर थाना हरगांव सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि अभि0 सोहन उपरोक्त थाना स्थानीय का हिस्ट्रीशीटर (851-इ) भी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी थाना स्थानीय पर यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट/चोरी/नकबजनी जैसे धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।

आपराधिक इतिहास अभि0 सोहन उपरोक्तः- 1.मु0अ0सं0 278/96 धारा 379/411 भादवि थाना हरगांव सीतापुर 2.मु0अ0सं0 290/96 धारा 379/411 भादवि थाना हरगांव सीतापुर 3.मु0अ0सं0 84/97 धारा 379/411 भादवि थाना हरगांव सीतापुर 4.मु0अ0सं0 166/97 धारा 3(1) गुण्डा अधिनियम थाना हरगांव सीतापुर 5.मु0अ0सं0 345/97 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना हरगांव सीतापुरथाना रामकोट पुलिस द्वारा 02 वारंटी गिरफ्तार- थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या 441/99 में वारंटी 1.शिव कुमार पुत्र छोटेलाल व वाद संख्या 562/13 में वारण्टी 2.बेचेलाल पुत्र सेवा निवासीगण छोटी खटकरी थाना रामकोट सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## सीएचसी के निर्देशन में आयुष्मान कार्ड अभियान तेज, घर-घर पहुंचकर बनाए जा रहे गोल्डन कार्ड

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सीएचओ, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीमों ने घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए। स्वास्थ्य टीमों ने ग्रामीणों को योजना के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। अभियान के दौरान कई ऐसे परिवारों की पहचान की गई, जिन्होंने अभी तक अपना कार्ड नहीं बनवाया था। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं और लोगों को कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि घर-घर पहुंचकर कार्ड बनाना एक सराहनीय प्रयास है, जिससे उन्हें बिना किसी परेशानी के योजना का लाभ मिल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि जिन पात्र लोगों का अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करा ले ।

## सीतापुर में 15 अप्रैल को रोजगार मेला, 10 हजार से अधिक वेतन वाली नौकरियों का मौका

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला सेवायोजन अधिकारी ने सूचित किया है कि दिनांक 15 अप्रैल, 2026 को जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन प्रांगण जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर में किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य जनपद के बेरोजगारों को उनकी शिक्षा के अनुरूप रोजगार प्राप्त करना है।

उक्त मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी जो कि अभ्यर्थियों का पंजीयन / चयन करने हेतु रोजगार संगम पर आमंत्रित किया गया है जिसमें हाई स्कूल इण्टर स्नातक व आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष के मध्य हो, का चयन वेतनमान 10000 से ऊपर के पदों पर किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं एक फोटो सहित उक्त तिथि को रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। रोजगार मेले की विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी की पंजीकृत आई0डी0 रोजगार संगम पर उपलब्ध रहेगी तथा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए ROJGAARSANGAM.UP.GOV.IN पोर्टल पर पंजीकण करना अनिवार्य है। टग्ख्क्ष्इट ट्टइगक्ष्इख पर पंजीकरण किये बगैर मेले में प्रतिभाग नहीं कर पायेगे अत मेले में प्रतिभाग हेतु पूर्व से पंजीकरण कराकर ही आये। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर से सम्पर्क कर सकते है। तद्दिनांक को युवाओं की करियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके लिए आने जाने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## चोरी की मोटर साइकिल समेत एक अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मदनापुर पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना कांट क्षेत्र के गांव पटियारी निवासी गोधनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आज वो मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव ग्राम बरखेड़ा जयपाल में आया था। जहां से किसी अज्ञात ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। मदनापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में थाना मदनापुर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान झपका-दिलावरपुर मोड़ के पास से चोरी की मोटर साइकिल समेत अभियुक्त गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना निगोही क्षेत्र के रामनगर बगिया का रहने वाला शैलेन्द्र पुत्र मुनीश पाल है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त शैलेन्द्र को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना मदनापुर के उपनिरीक्षक अनूप कुमार के साथ का. राम अशीष और दीपक कुमार मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर रिचार्ज ठप, पूरनपुर बिजली विभाग कार्यालय पर उमड़ी भीड़

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्मार्ट मीटर रिचार्ज व्यवस्था ठप होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग पूरनपुर विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंच गए, जहां रिचार्ज न होने की समस्या को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बन गया उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कई घंटों से स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं हो पा रहा है, जिससे घरों और दुकानों की बिजली सप्लाई प्रभावित हो रही है कई लोगों ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से रिचार्ज करने की कोशिश की, लेकिन सिस्टम काम नहीं कर रहा कार्यालय पर पहुंचे लोगों ने विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द समस्या समाधान की मांग की। भीड़ बढ़ने के कारण मौके पर अव्यवस्था की स्थिति भी देखने को मिली वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी खराबी के चलते रिचार्ज सिस्टम अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ है, जिसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी फिलहाल समस्या के समाधान का इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं को गर्मी के बीच भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

# फुल स्पीड पोर्टल, जीरो ग्राउंड! मनरेगा में गड़बड़ी का बड़ा आरोप, काम बंद, हाज़िरी चालू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाराजनगर (सीतापुर) । विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत महाराज नगर में मनरेगा के नाम पर खुला खेल सामने आ रहा है। जमीनी सच्चाई और सरकारी पोर्टल के आंकड़ों में ऐसा विरोधाभास दिख रहा है, जिसने पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

### मनरेगा का खेल, महाराजनगर में हेराफ़ेरी का शक




जमीन पर जीरो, कागजों में हीरो

ग्रामीणों के मुताबिक, 04 अप्रैल से 06 अप्रैल तक ओपन जिम निर्माण स्थल पर पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। न मजदूर, न मशीन-काम पूरी तरह बंद। लेकिन हैरानी की बात ये कि...

? पोर्टल पर ल्लफुल स्पीड काम! उसी दौरान मनरेगा पोर्टल पर मजदूरों की हाज़िरी लगातार दर्ज होती रही। यानी बिना काम के हाज़िरी, और हाज़िरी के आधार पर भुगतान! क्या ये सीधा-सीधा फर्जी मस्टर रोल और सरकारी पैसे की बंदरबांट नहीं?

? हजारों के खेल की आशंका

मनरेगा का मकसद गरीबों को रोजगार देना है, लेकिन यहां बिना काम के ही मजदूरी दिखाकर सरकारी खजाने को चूना लगाने का आरोप लग रहा है। ग्रामीण साफ कह रहे हैं-यह कोई छोटी गड़बड़ी नहीं, बल्कि हजारों रुपये का खेल हो सकता है।

कौन है इस खेल का मास्टरमाइंड?

क्या ग्राम पंचायत स्तर पर मिलीभगत?

क्या रोजगार सेवक, तकनीकी स्टाफ और पंचायत सचिव शामिल? या फिर ऊपर तक पहुंच रहा है संरक्षण

??? सचिव का जवाब- या सवाल?

पंचायत सचिव का कहना है- ल्लकार्य चल रहा है।

लेकिन सवाल ये है कि जब जमीन पर कुछ नहीं चल रहा, तो कागजों में कौन चला रहा है काम?

?? बीडीओ का वर्जन- और फिर खामोशी

खण्ड विकास अधिकारी ने कहा- ल्ल01 अप्रैल के बाद कोई मास्टर रोल जारी नहीं हुआ, गख्रख्रट्ट भेजिए।

लेकिन जब उन्हें गख्रख्रट्ट भेजकर दोबारा कॉल किया गया, तो उन्होंने फोन उठाना ही बंद कर दिया।

क्या ये चुप्पी खुद एक जवाब नहीं है?

?? प्रशासन पर सीधा सवाल

अगर 3 दिन तक (04 से 06 अप्रैल) बिना काम के हाज़िरी लगती रही, तो निगरानी करने वाले अधिकारी क्या कर रहे थे? क्या यह मामला सिर्फ लापरवाही है या फिर संगठित भ्रष्टाचार?

जिलाधिकारी की सख्ती के बीच उठे सवाल

जहां एक तरफ जिलाधिकारी द्वारा जनपद में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए लगातार निरीक्षण और सख्त कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर विकासखंड सकरन के महाराज नगर में इस तरह की अनियमितताएं सामने आना प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

क्या स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी इन निर्देशों को नजरअंदाज कर रहे हैं?

या फिर कार्रवाई की सख्ती नीचे तक पहुंच ही नहीं पा रही?

अब निगाहें प्रशासन पर

अब देखना यह होगा कि इस ल्लकागजी विकासङ्क के मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा। ग्रामीणों को अब निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई का इंतजार है।

## पीलीभीत की बेटी तनिष्का राणा का अंडर-17 टीम इंडिया में चयन डीएम ने किया सम्मानित

पीलीभीत।जनपद की होनहार छात्रा तनिष्का राणा का चयन एउट्ठक की भारतीय अंडर-17 टीम में हुआ है, जिससे पूरे जिले में गर्व और खुशी का माहौल है गुरुकुल स्कूल की छात्रा तनिष्का ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में तनिष्का को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने कहा कि तनिष्का की सफलता न सिर्फ उनके परिवार और स्कूल, बल्कि पूरे पीलीभीत जिले के लिए प्रेरणादायक है डीएम ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और तनिष्का ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है तनिष्का के पिता, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं, ने उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाई है व्यस्त दिनचर्या के बावजूद उन्होंने बेटी को हमेशा प्रोत्साहित किया स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी तनिष्का को बधाई देते हुए इसे गर्व का क्षण बताया उन्होंने कहा कि तनिष्का पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी हमेशा आगे रही हैं और यह उपलब्धि उनकी वर्षों की मेहनत का परिणाम है तनिष्का ने कहा कि उनका सपना देश के लिए खेलना और पदक जीतना है।

# हत्या के मामले में वांछित महिला समेत तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित महिला समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरपुरा निवासी गुड्डू सिंह यादव ने कोर्ट के आदेश पर मोहल्ले के ही जमकू, ठाकुर प्रसाद, पार्वती देवी और अभिषेक के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त लोगों ने मारपीट कर उसके भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया। भाई को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी मामले में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लोधीपुल स्थित पेट्रोल पम्प के सामने बहादुरपुरा जाने वाले रोड से वांछित महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त ठाकुर प्रसाद, जमकू उर्फ जमलेश उर्फ विमलेश और महिला अभियुक्ता पार्वती उर्फ सदावती पत्नी ठाकुर प्रसाद हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव के साथ एसआई सिद्दार्थ भाटी, महिला एसआई नम्रता सिंह और साक्षी चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने पुतला फूंकने का किया प्रयास पुलिस ने रोका, धक्का-मुक्की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। असम विधानसभा चुनाव के दौरान असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व सरमा द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में आज कंग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खां के संयुक्त नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इस दौरान पार्टी कार्यालय के बाहर कंग्रेस पाटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व सरमा का पुतला फूंकने का प्रयास किया। जिस पर मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स ने किसी तरह कंग्रेसियों को रोका। जिससे पुतले के टुकड़े-टुकड़े हो गए। यही नहीं, इस दौरान कंग्रेस पाटी की पीसीसी सदस्य बिंदेश्वरी राज को कुछ पुरुष सिपाहियों ने घेर लिया। जिसका पार्टी के पदाधिकारियों ने विरोध किया और उनकी पुलिस से नोकझोंक हुई। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में अब अपना विरोध भी नहीं दर्ज करा सकते, ऐसी क्या मजबूरी थी, कि इतनी संख्या में पुलिस को कार्यालय घेरने पड़ा। कहा कि ऐसी तानाशाही पहले कभी नहीं देखी कि विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। इस दौरान कृष्ण विनोद मिश्रा, तनवीर सफदर, अनस इकबाल, पवन सिंह, रामजी अवस्थी, पार्षद तालिब खां, शान मोहम्मद, वकार आलम, प्रवीण त्रिपाठी, सईद अंसारी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, अफजाल खान, अदीब अहमद, फरमान गौरव त्रिपाठी, संजय सक्सेना, अखिलेश पाल, अनस, सुधांशु मिश्रा, नितिन तिवारी, साजिद खां, मुस्तकीम, इरफान, अनिल श्रीवास्तव, सलीम इदरीसी, शाहनवाज खां आदि तमाम कंग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पाक्सो एक्ट के पांच अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले, विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले पाक्सो एंक्ट के पांच अभियुक्तों गिरफ्तार किया।

बीती 11 मार्च को थाना तिलहर क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 साल की नाबालिग पुत्री अपनी नानी के घर शहर में गई थी। वहां से उसकी पुत्री को गांव का ही रहने वाला शैलेन्द्र बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसके मामा राममूर्ति ने पुत्री को तलाश किया, तो उसकी पुत्री गर्रा पुल पर शैलेन्द्र के साथ मिली। शैलेन्द्र के साथ उसके पिता भैयालाल और गांव के ही संजीत और लाल बहादुर भी थे। उक्त लोगों ने राममूर्ति के साथ मारपीट की और उसकी पुत्री को ले गए। जानकारी मिलने पर वो शैलेन्द्र के घर गई, तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपियों की तलाश की। विवेचना में अन्य लोगों के भी नाम सामने आए। जिसके बाद आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग- अलग स्थानों से वांछित अभियुक्त शैलेन्द्र, संजीत, ग्राम रानी खिरिया के अर्पित पुत्र मिन्टू, जनपद पीलीभीत के थाना बिलसंडा क्षेत्र के राकेश अवस्थी और थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद जावेद को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त राकेश अवस्थी पर जनपद पीलीभीत के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट आदि के एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल के साथ उपनिरीक्षक मोहम्मद मारूफ, हरकिशोर मौर्य और रमेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण दौड़ लगाकर दिया शारीरिक फिटनेस का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने आज रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने पुलिस बल के साथ दौड़ लगाकर शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया तथा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित व्यायाम करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सदैव चुस्त दुरुस्त रहने के साथ ही अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा तथा उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया और आरटीसी बैरक, पुलिस मैस एवं पीआरवी वाहनों की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि साफ-सफाई, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखें। उन्होंने पुलिस मैस में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा पीआरवी वाहनों एवं उपकरणों का निरीक्षण कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सदैव तैयार रहने के निर्देश दिए। तत्पश्चात आर्दली रूम में विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों एवं रजिस्टरों का निरीक्षण किया और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, कार्यों के समयबद्ध निस्तारण एवं कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हत्यारोपी अजय को बिना अनुमति मेडिकल कॉलेज भेजने पर जेल प्रशासन जांच के घेरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। एचपीसीएल प्लांट में दो अधिकारियों की हत्या के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह को जिला जेल से बिना विधिवत अनुमति मेडिकल कॉलेज भेजे जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने न सिर्फ जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन को लेकर भी गंभीर चिंताएं सामने आईं हैं। जिलाधिकारी ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार देर रात जेल प्रशासन ने अचानक अजय प्रताप सिंह को इलाज के नाम पर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि इतने संवेदनशील और चर्चित मामले के आरोपी को मेडिकल कॉलेज भेजे जाने की जानकारी न तो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और न ही जिला प्रशासन को ही अवगत कराया गया। इस कार्रवाई के सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को प्रशासनिक और पुलिस महकमे में अफरातफरी का माहौल बन गया। वहीं मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने आरोपी की जांच की, लेकिन उसे किसी प्रकार की गंभीर बीमारी नहीं पाई गई। इसके बाद उसे दोपहर करीब 12 बजे पुनः जिला जेल भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि आरोपी की सामान्य जांच के बाद उसे स्वस्थ पाकर वापस भेजा गया।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किस आधार पर और किन परिस्थितियों में जेल प्रशासन ने बिना अनुमति के आरोपी को मेडिकल कॉलेज भेजा। इतना ही नहीं आरोपी के करीबियों से मिलीभगत कर उसे विशेष सुविधा देने का प्रयास किया गया। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। वहीं

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अवनीश राय और पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा ने आपात बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद डीएम ने एसपी सिटी और एडीएम प्रशासन के नेतृत्व में एक जांच समिति गठित कर दी है, जो पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच करेगी। साथ ही इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट शासन को भी भेज दी गई है। वहीं

सूत्र बताते हैं कि आरोपी अजय जेल अस्पताल से भी डिस्चार्ज हो गया है, लेकिन जेल प्रशासन ने सेटिंग कर उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचा दिया। अब पूरे महकमे में यह बात चर्चा का विषय बन गई है। वहीं जेल प्रशासन की इस हरकत से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इतने बड़े आपराधिक मामले के आरोपी को मेडिकल कॉलेज ले जाते समय पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, जो कि गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। इस बिंदु को भी जांच का प्रमुख हिस्सा बनाया गया है। वहीं जेल प्रशासन के मुताबिक, बंदी अजय प्रताप सिंह लगातार दर्द व स्वास्थ्य खराब होने की शिकायत कर रहा था। रात उसे जेल अस्पताल के डाक्टरों को बुलाकर दिखाया गया। डाक्टरों की सलाह पर उसे पहले जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने उसे हायर सेंटर बदायूं मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहीं एचपीसीएल के दो अफसरों की हत्या के बाद इस मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री योगी अदित्यानाथ गंभीर हैं। शासन मामले की रोज मानीटरिंग कर रहा है। इसके बाद भी जेल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। हत्यारोपी को जेल के सिपाहियों के साथ ही अस्पताल भेजा। पुलिस से सुरक्षा तक नहीं ली। जिसको लेकर पुलिस अधिकारी भी अचरज में हैं। वही अजय के दाहिने पैर में गोली फंसी है। पैर का धाव अभी भरा नहीं है। डाक्टरों ने उसके पैर में सेप्टिक होने से इंकार किया। कहा, उसके एक पैर में गोली फंसी है, जो आपरेशन के बाद निकाली जाएगी। वहीं अजय प्रताप सिंह के अधिवक्ता सोमेंद्र सोलंकी का कहना है गोली लगने से अजय की हालत ठीक नहीं है। उसे बेहतर उपचार की जरूरत है। इसके बाद भी उसको बेहतर उपचार नहीं मिल रहा है। इस मामले में वे शुक्रवार 10 अप्रैल को कोर्ट में आवेदन लगाएंगे। आरोपी अजय प्रताप सिंह को हड्डी रोग विशेषज्ञों की सलाह पर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, क्योंकि उसके पैर में चोट की शिकायत थी।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत जनपद

# संभल ने प्राप्त किया प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल । महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में माह मार्च 2026 में विकास से सम्बन्धित मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट में जनपद संभल ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद संभल का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जोजना में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय स्थान, माह सिंतबर 2024 में तृतीय स्थान, माह अक्टूबर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह नवम्बर 2024 में प्रदेश में द्वितीय स्थान, माह दिसम्बर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह जनवरी 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह फरबरी 2025 में प्रदेश मे प्रथम स्थान, माह मार्च 2025 में प्रदेश में द्वितीय स्थान, माह अप्रैल 2025 से माह सितंबर 2025 तक प्रदेश में प्रथम स्थान एवं पुनः मार्च 2026 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं, इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत माह मार्च 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह अप्रैल 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह मई 2025 में प्रदेश में प्रथम, माह जून 2025 में प्रदेश में प्रथम एवं मार्च 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। जिलाधकारी महोदय ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े समस्त अधिकारियों, समस्त उपजिलाधिकारियो, समस्त खण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओ/महिलाओं का आवेदन कराते हुए, प्राप्त आवेदन पत्रों पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करें, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से मिल सके।

## जिला अस्पताल के डॉक्टर का घर में मिला शव, स्नान करते समय बाथरूम में आया हार्ट अटैक

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर गणेश यादव का शव उनके घर में मिला है।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, डॉक्टर यादव को स्नान करते हुए हार्ट अटैक आया, जिसके चलते वे बाथरूम में गिर गए और उनकी मौत हो गई। उनके सहकर्मी जब उनसे मिलने पहुंचे तो उन्होंने डॉक्टर यादव को बाथरूम में मृत पाया। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच-पड़ताल शुरू की। डॉक्टर गणेश यादव के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डॉक्टर गणेश यादव मूल रूप से मैनपुरी के रहने वाले थे। उनका परिवार वर्तमान में मुरादाबाद में रहता है।

## इस्लामनगर बीडीओ मुनव्वर खां निलंबित

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश शासन ने जिले के विकास खंड इस्लामनगर के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मुनव्वर खां को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। शासनादेश के अनुसार, बीडीओ पर विकास खंड परिसर में राजनीतिक बैठक आयोजित कराने तथा उसमें भाग लेकर अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने और शासन-प्रशासन की छवि धूमिल करने का आरोप है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा और इस दौरान उन्हें ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय, लखनऊ से संबद्ध किया गया है। आदेश विशेष सचिव रजनीश चंद्र द्वारा जारी किया गया है।

## हत्यारोपी के दोनों भाई मुलाहिजा बैरक में शिफ्ट, सात दिन रहेगी विशेष निगरानी

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। मूसाझाग थाना क्षेत्र के चर्चित हत्याकांड में आरोपी केशव और उसके भाई चंद्रशेखर को जिला कारागार की मुलाहिजा बैरक में रखा गया है। दोनों आरोपियों पर जेल प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। बताया जाता है कि दोनों आरोपियों ने बुधवार को न्यायालय में सरेंडर किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। कारागार नियमों के तहत दोनों को प्रारंभिक रूप से सात दिन तक मुलाहिजा बैरक में अन्य बंदियों के साथ रखा जाएगा, इसके बाद उन्हें अन्य बैरक में शिफ्ट किया जाएगा। जेल अधिकारियों के अनुसार, दोनों आरोपियों के व्यवहार और सुरक्षा को देखते हुए उन पर विशेष नजर रखी जा रही है। फिलहाल वे सामान्य बंदियों की तरह दिनचर्या का पालन कर रहे हैं।

# जनपदीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपदीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की प्रतियां की गयीं प्रदान**

सम्भल ( बहजोई ) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एस आई आर 2026) कार्यक्रम के अंतिम प्रकाशन दिनांक 10 अप्रैल 2026 के संबंध में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के जनपदीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम निर्वाचक नामावली ( मतदाता सूची) की निशुल्क कॉपी प्रदान की जा रही है तथा इसकी हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी भी प्रदान की जाएगी। जनपद में वर्ष 2025 में कुल जनसंख्या 2742024 थी तथा एस आई आर के पूर्व 27 अक्टूबर 2025 को 1570306 मतदाता थे जबकि ईपी रेशियो 57.27 तथा जेन्डर रेशियो 870.34 था। जबकि 6 जनवरी 2026 को ड्राफ्ट रोल के समय कुल मतदाता 1251705 थे तथा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन ( 10 अप्रैल 2026 ) को कुल मतदाता 1343051 हो गये हैं। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट रोल के समय ईपी रेशियो 45.65 था जबकि अंतिम प्रकाशन के समय ईपी रेशियो में 3.33 की वृद्धि होकर 48.98 हो गयी है तथा ड्राफ्ट रोल के समय जेन्डर रेशियो 806 था जबकि अंतिम प्रकाशन के समय जेन्डर रेशियो में 14 की वृद्धि होकर 820 हो गयी है। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रकाशन के बाद सतत पुनरीक्षण चलता रहेगा तथा आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं तथा फार्म 6,7 एवं 8 भर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने अंतिम प्रकाशन पर बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के जनपदीय प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उन्होंने कहा कि सभी ने इसमें अच्छा सहयोग प्रदान किया एक टीम के रूप में कार्य किया। जिलाधिकारी द्वारा एस आई आर कार्यों में लगे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा एस आई आर से जुड़े कर्मचारियों तथा मीडिया कर्मियों को भी सफल निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के लिए बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं दीं। तथा राजनैतिक दलों के जनपदीय प्रतिनिधियों को विधानसभा वार अंतिम प्रकाशन की प्रतियां प्रदान कीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी तथा उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी असगर अली अंसारी तथा जिलाध्यक्ष कंग्रेस मौ. आरिफ तुर्की, जिला महासचिव सपा कृष्ण मुरारी शंखधार, जिला मंत्री भाजपा अवधेश प्रताप सिंह तथा जिला कोषाध्यक्ष बीएसपी चेतन कुमार उर्फ बोबी, सोशल मीडिया जिला प्रभारी आम आदमी पार्टी उमेश एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

## स्वच्छता और जनजागरूकता को लेकर भाजपा सक्रिय, बस्तियों में चला अभियान : अनिल दीक्षित

कानपुर । भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर कानपुर उत्तर में सेवा बस्तियों में स्वच्छता और जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने लोगों को साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। सेवा बस्तियों में जाकर समाज के हर वर्ग तक पहुंचना और उन्हें जागरूक करना हमारी प्राथमिकता है। यह बातें शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कही। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर ने विभिन्न सेवा बस्तियों में संपर्क एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में जवाहर नगर वार्ड की चूना भाटियां बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर साफ-सफाई का संदेश दिया और लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। साथ ही पॉलिथीन के स्थान पर कागज और कपड़े के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने सेवा बस्तियों में समाज के लिए कार्य करने वाले पुरुषों और महिलाओं को माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई) । जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की प्रेरणा से कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में गौशाला प्रबंधन, गोमय उत्पाद, एवं प्राकृतिक खेती को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता रहे सचिव गो संवर्धन आश्रम मोकलावास जोधपुर डॉ राकेश निहाल जी रहे।कार्यशाला में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा जिले के सभी पशु चिकित्सा अधिकारी तथा जनपद संभल के सभी ब्लॉक के किसान बंधु उपस्थित रहे। आज की कार्यशाला में ल्लप्रकृति, गौवंश और समाज का समन्वित विकास पर चर्चा की गयी तथा डॉ निहाल सिंह जी ने कहा कि आज हम सभी विभिन्न विभागों के अधिकारी, समाजसेवी और जागरूक नागरिक यहाँ एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक बैठक नहीं है, बल्कि एक ऐसा अवसर है जहाँ से हम समस्याओं का समन्वित समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है परस्पर पूरकता तथा प्रकृति के पंचमहाभूतों का शोधन पंचमहाभूत – मिट्टी, जल, वायु, अग्नि और आकाश – ये केवल तत्व नहीं हैं, बल्कि हमारे जीवन का आधार हैं। यदि इनका संतुलन बिगड़ता है, तो समाज, स्वास्थ्य और पर्यावरण – सब प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने यज्ञ को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्रक्रिया बताया है। प्रत्येक अमावस्या और पूर्णिमा को मंदिर, गौशाला और सार्वजनिक स्थानों पर यज्ञ आयोजन सामग्रीः गोबर, घी, औषधीय लकड़ियाँ यज्ञ की राख का जल में प्रयोग ? जल शुद्धिकरण इससे वायु शुद्धि, वर्षा संतुलन और रोग नियंत्रण में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार वृष्टि यज्ञ भी आयोजित किए जा सकते हैं। 14 एकड़ का समन्वित गौ-आधारित मॉडल पर चर्चा की उन्होंने कहा कि कल्पना कीजिए एक ऐसा मॉडल– 14 एकड़ भूमि ? 14 प्लॉट (प्रत्येक 1 एकड़) हर प्लॉट में 5 दिन ? 50 गायों की नियंत्रित चराई 70 दिन में पूरा चक्र पूरा ? फिर पुनः पहले प्लॉट में वापसी। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम होगा भूमि स्वतः उर्वर बनेगी घास, पेड़, लताएं प्राकृतिक रूप से विकसित उन्होंने जंगल-चरागाह विकास मॉडल पर चर्चा की वर्ष में 4 महीने (चातुर्मास) ? चराई बंद 8 महीने ? नियंत्रित चराई ?? इससेः बीज बनने का पूरा समय मिलता है वनस्पतियों का प्राकृतिक विस्तार होता हैजंगल स्वतः पुनर्जीवित होते हैंआज जंगल खत्म होने का बड़ा कारण है – बीज बनने से पहले चराई इस मॉडल से यह समस्या समाप्त हो सकती है। उन्होंने गौवंश नस्ल संवर्धन पर भी चर्चा की उन्होंने कहा कि अच्छी नस्ल के नंदी (बैल) का चयन बछड़ों को पर्याप्त पोषण आयु के अनुसार वर्गीकरणः 2 वर्ष, 4 वर्ष, 6 वर्ष, 10 वर्ष३ उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग, गौशाला और किसान मिलकर सिस्टेमेटिक ब्रीडिंग प्रोग्राम चला सकते हैं। इससे दूध उत्पादन बढ़ेगा स्वस्थ गौवंश तैयार होगा बांझपन की समस्या घटेगी उन्होंने गोबर, चारा और कचरा प्रबंधन पर चर्चा की उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या है – ट्रांसपोर्टेशन इसके समाधान पर चर्चा करते हुए कहा कि टू वे सिस्टम को अपना चाहिए ।

## सपा गांव-गांव जाकर मतदाता सूची की जांच करेगी : आमीक जामेई

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आमीक जामेई ने शुक्रवार को मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि जौनपुर सहित प्रदेश के किसी भी नागरिक, खासकर पिछड़े, दलित और कमजोर वर्गों के मताधिकार पर कोई आंच न आए। शुक्रवार को जौनपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी गांव-गांव जाकर सूची की जांच करेगी और यह पता लगाएगी कि किन लोगों के नाम हटाए गए हैं तथा जिनका स्थानांतरण हुआ है, उनके नाम कहां जोड़े गए हैं। पश्चिम बंगाल और असम के चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं के पास अब ठोस मुद्दों की कमी है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग / टेंडर / 07 / 2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एसएसई / सिग / आरआरआई–एलकेओ के अनुभाग में बिजली आपूर्ति व्यवस्था के प्रावधान के साथ–साथ सीमेंस प्रकार के एलईडी ईसीआर और एलईडी के साथ सीमेंस पारंपरिक ईसीआर और बल्बों का प्रतिस्थापन। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,26,91,412.25/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,53,800.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.04.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग / टेंडर / 07 / 2026–27 दिनांक: 09.04.2026 1189/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# स्कूल चलो अभियान की रैली के माध्यम से नामांकन बढ़ाने का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद में अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उददेश्य से विकास क्षेत्र गौरीगंज में ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया इस रैली का शुभारम्भ तहसील प्रांगण गौरीगंज से हुआ।रैली को मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी प्रीति तिवारी, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने ल्लस्कूल चलो अभियानङ्क से जुड़े जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक नामांकन के लिए प्रेरित किया।रैली में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने भी प्रतिभाग कर समस्त को अधिक से अधिक नामांकन हेतु प्रेरित किया रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ब्लाक मुख्यालय गौरीगंज पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके उपरांत ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवीन नामांकित पांच बच्चों को स्टेशनरी, बैग एवं उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




साथ ही नए शैक्षिक सत्र की पुस्तकों का वितरण कर पुस्तक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया।इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुये कहा कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन विद्यालयों में कराएं। उन्होंने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विद्यालयों में हो रहे कायाकल्प कार्यों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रयासों की जानकारी भी साझा की।कार्यक्रम के दौरान नवीन सत्र में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले विकास क्षेत्र गौरीगंज के शिक्षक प्रशांत विक्रम सिंह, पूर्णिमा, रामाशंकर यादव, वर्षा, राजेश गुप्ता, मोहम्मद वसीम सहित दस शिक्षकों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर एडीओ एस एस टी कौशलेंद्र सिंह चंदेल, एआरपी प्रमोद तिवारी, अरविंद, बद्री, विशाल, हरकेश, महेंद्र, अभिषेक, अंकित, अश्वनी, पंकज शुक्ला, श्रीराम सोनी, जयराम कनौजिया, अनुराग शुक्ला, रविंद्र, नागेंद्र सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छह साल की बालिका को अगवा कर किशोर ने किया दुष्कर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। एक निजी अस्पताल में भर्ती अपनी मामी को देखकर बृहस्पतिवार देर रात घर लौट रही छह वर्षीय मासूम को रास्ते से किशोर अगवा कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। गंभीर हालत में बच्ची घर पहुंची तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उसे अस्पताल ले गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी किशोर पर रिपोर्ट दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। उधर, बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामला बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के रहने वाले एक व्यक्ति की छह वर्षीय बेटी एक निजी अस्पताल में भर्ती अपनी मामी को देखकर अकेले घर लौट रही थी। रास्ते में एक किशोर उसे अगवा कर एक पुराने मकान में ले गया। जहां उससे दुष्कर्म किया। बच्ची किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची। वह खून से लथपथ थी। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए उघैती के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर बताई। प्राथमिक उपचार के बाद आगे इलाज के लिए रेफर करने की सलाह दी। निजी अस्पताल में इलाज के बाद बच्ची को सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों के पूछने पर बच्ची ने आरोपी किशोर का नाम बताया। इसके बाद परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ बिल्सी केके तिवारी और प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी किशोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। - डॉ. ह्रदेश कठेरिया, एसपी ग्रामीण


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 288-Mech-CWUpLaundryBSB26 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 30.04.2026 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान यह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदे, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान के अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | वाराणसी – आगुमेन्टेशन / अपग्रेडेशन आफ डिपार्टमेन्टल मैकेनाइज्ड लांड्री ऐट बीएसबी स्टेशन। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाईप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 30.04.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 10.04.2026 |
| प्री-बिड येस/नो | नो | प्री बिड केवरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | Rs.2,89,16,170.19 (Including GST) | टेंडरिंग सेक्शन | टेण्डर सी०एण्डडब्ल्यू० |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो /एट पार |
| धरोहर राशि | 5,78,300.00 | आफर की वैद्यता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 120 दिन |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 16.04.2026 | | |

No. 288-Mech-CWUpLaundryBSB26 Dt.: 09.04.2026 1186/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हाई टेंशन तार गिरने से पत्रकार की मौत, दस साल से तार हटाने की गुहार लगा रहा था परिवार

## अधिशासी अभियंता व मुख्यअभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज, तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा-पिता का सायां








कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के शहर से सटे एक छोटे से गांव में लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। सालों से खतरे की घंटी बनकर झूल रहा हाईटेंशन तार आखिरकार मौत बनकर टूट पड़ा।35 वर्षीय पत्रकार रंजीत तिवारी की मौके पर ही दर्दनाक मौ त हो गई।तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गोंडा के नगर कोतवाली क्षेत्र के पोर्टरगंज पथवलि या गांव में शुक्रवार की सुबह एक ऐसा हादसा हु आ,जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। 35 वर्षीय रंजीत तिवारी,जो पेशे से पत्रकार थे। अपने ही घर के सामने एक लंबे समय से मंडरा रहे खतरे का शिकार हो गए।रंजीत के घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन कई सालों से परेशानी का कारण बनी हुई थी।परिवार का कह ना है कि यह सिर्फ एक तार नहीं, बल्कि हर दिन सिर पर लटकती मौत थी।रंजीत ने करीब एक द शक तक बिजली विभाग के चक्कर लगाए।आवे दन दिए,अधिकारियों से मिले,लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ तारीख पर तारीख ही मिला।

### पड़ोसियों को आगाह करते समय अचानक टूट कर गिरा तार, मौके पर ही दर्दनाक मौत

शुक्रवार की सुबह हालात और बिगड़ गए थे। तार घर की छत के बेहद करीब आ चुका था।रंजीत ने पड़ोसियों को भी आगाह किया कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।लेकिन किसी को अंदाजा न हीं था कि यह चेतावनी कुछ ही पलों में हकीकत बन जाएगी।अचानक तेज आवाज के साथ हाईटें शन तार टूटकर सीधे रंजीत पर गिर गया।करंट इ तना जबरदस्त था कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो ग ई,यह मंजर देखकर आसपास के लोग सन्न रह गए

वही घटना की सूचना मिलते ही जिला जज दुर्ग नारायण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।मृतक के भाई अमरदीप की तहरीर पर पुलिस ने अवर अभियंता, अधिशासी अभियंता और मुख्य अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय टीम गठित कर मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### परिवार ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

रंजीत के पीछे उनकी पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं।जिनके सिर से अब हमेशा के लिए पिता का साया उठ गया।परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।घर में मातम पसरा है।हर आंख नम है। घटना के बाद रंजीत के भाई अमरजीत तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बिजली विभाग के कई अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह का दर्द न झेलना पड़े।इस हादसे ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है।क्या आम आदमी की जान की कीमत सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गई है...?

# हद है ! स्कॉर्पियो से चुरा रहे थे बकरी, गैंग के चार गिरफ्तार,6 बकरियां और दो स्कॉर्पियो बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले की वजीरगंज पुलिस और एसओजी टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्जनपदीय बकरी चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।इनके कब्जे से चोरी की गई 6 बकरियां,दो स्कॉर्पियो गाड़ियां और 23,हजार आठ सौ रुपये नकद बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रफीक (बहराइच निवासी) शकील, शमसुद्दीन और रहीश (गोंडा निवासी) के रूप में हुई है।इन पर गोंडा के वजीरगंज,करनैलगंज और तरबगंज थानों में बकरी चोरी के तीन मुकदमे दर्ज थे जिनका खुलासा इनकी गिरफ्तारी के बाद हुआ है।पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह संगठित तरीके से गोंडा,बहराइच और बाराबंकी जिलों में बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।आरोपी रात के समय घरों के बाहर बंधी बक रियों की रेकी करते थे और फिर सुनियोजित ढंग से उन्हें चुराकर स्कॉर्पियो गाड़ियों में ले जाते थे।चोरी की गई बकरियों को वे बाराबंकी और बहराइ च की पशु मंडियों में बेच देते थे।जांच में यह भी पता चला है कि कुछ बकरियों को काटकर मांस के रूप में भी बेचा जाता था, जिससे वे अवैध आर्थिक लाभकमाते थे।बरामद की गई 6 बकरियों को भी आरोपी इन्हीं मंडियों में बेचने की फिराक में थे,लेकिन इससे पहले ही उन्हें पकड़ लिया गया

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई पिछली घटना ओं का भी खुलासा किया है,उन्होंने बताया कि आ ठ अप्रैल को करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के सलार पुर मौजा के पतिसा गांव से दस बकरियां चुराकर 50,000 रुपये में बाराबंकी की मंडी में बेची थीं। इसी तरह, सात अप्रैल को तरबगंज थाना क्षेत्र के छोटका सेमरा गांव से 9 बकरियां चोरी करके उन्हें काटकर लगभग 48 हजार रुपये में मांस के रूप में बेचा था।बकरियों को चोरी करके अर्जित किया गया 23800 और दो स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद हुई है।रफीक और शमसुद्दीन के खिलाफ गोंडा ही नहीं बल्कि अन्य कई जिलों में भी इसी तरीके से चोरी और अन्य घटनाओं को लेकर के मुकदमा दर्ज हैं।इन चारों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज वजीरगंज थाने की पुलिस द्वारा आगे विधि कार्रवाई की जा रही है।

# धर्मेंई,परसिया पंडित, छजवा,दुर्जनपुर,ढुड़ाव,और पूरे सिधारी में मनरेगा का डिजिटल डाका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन भले ही जीरो टॉलरेंस की नीति का दम भरते हों,लेकिन केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र मुजेहना ब्लॉक के ग्राम पंचायत धर्मेंई, परसिया पंडित, छजवा,दुर्जनपुर,ढुड़ाव,और पूरे सिधारी गाँव में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।यहाँ 'डिजिट ल इंडिया का एक ऐसा काला कारनामा सामने आया है,जहाँ मजदूर साइड पर पसीना बहा ने के बजाय मोबाइल की स्क्रीन में 'कैद' होकर अ पनी हाजिरी दर्ज करा रहे हैं।यही नहीं ब्लॉक में बै ठे जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार की जानकारी हो ने के बाद भी कुंभकर्णी के नींद में सोए हुए हैं।

### तकनीक का तमाशा:घर-घर जाकर हाजिरी

मिली जानकारी के अनुसार, धर्मेंई, परसिया पंडित, छजवा, दुर्जनपुर, ढुड़ाव, और पूरे सिधारी में सचिव और रोजगार सेवक की जुगलबंदी ने भ्रष्टाचार का नया 'टेक्निकल मॉडल' तैयार किया है।नियमत : मजदूरों को कार्यस्थल पर मौजूद रहकर फ़ेस-कैप्चर (क्थ्दद्ध एथध्फ्द्ध) के जरिए उपस्थिति दर्ज करानी होती है, लेकिन यहाँ खेल ही निराला है।काम महीनो पहले से बंद हो गया है और उसे साइड का पेमेंट भी हो गया फिर उसी साइड का मस्टर रोल में मजदूरों का नाम दर्ज किया जा रहा है और उनकी हाजिरी लगाई जा रही है, परसिया पंडित में 70 मजदूरों की हाजिरी कथित तौर पर घर बैठे ही हाजिरी लगाई जा रही है। जिओ-टैग (क्ष्ध-प्थ्द्द) फोटो में भी इस जालसाजी के निशा न साफ देखे जा सकते हैं।

### मामला सिर्फ़ हाजिरी तक सीमित नहीं

ग्राम पंचायत परासिया पंडित में दो कार्यों के लिए तालाब खोदाई और मिट्टी पिटाई के लिए 70 मज दूरों की हाजिरी लगाई जा रही है,लेकिन उसके ना म पर सिर्फ सरकारी धन की निकासी की जा रही है।आरोप है कि धरातल पर इस समय कोई कार्य नहीं हो रहा है ना मौके पर कोई मजदूर मौजूद रह ते हैं बिना कोई कार्य



किए,मनरेगा का पैसा मजदू रों के खातों में हस्तांतरित किया जाता है और नि कासी होते ही इसका बंदरबांट कर लिया जाता है।

### जमीन पर हकीकत,काम ठप,मजदूर गायब

ग्रामीणों के अनुसार,महीनो से कम बंद पड़ा हुआ है,तालाब में कोई खुदाई नहीं हो रही है, मौके पर न कोई मजदूर दिख रहा है,न ही किसी प्रकार की गतिविधि।कार्यस्थल पूरी तरह सुनसान पड़ा हुआ है और मनरेगा के मस्टर रोल में कागज पर मजदूर पसीना बहा रहे हैं।

### मनरेगा में फर्जीवाडे का जिम्मेदार कौन...?

अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर मनरेगा में हो रहा फर्जीवाड़ा का यह खेल किसके संरक्षण में चल रहा है, क्या विकासखंड अधिकारी की मिली भगत है,क्या सचिव की मिली भगत है,


क्या रोजगार सेवक और तकनीकी स्टाफ की भूमि का संदिग्ध है.? या फिर जिम्मेदार अधिकारी जान जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं....?

### डीसी मनरेगा और बीडीओ के ढुल-मुल रवैया से मनरेगा हो रहा फर्जीवाड़ा...

डीसी मनरेगा,और खंड विकास अधिकारी, सचिव की 'मेहरबानी और रोजगार सेवक की इस 'जादुई तकनीक ने योगी सरकार की मंशा पर पानी फ़ेर दिया है।स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि आखिर इतनी बड़ीधांधली सीडीओ और डीसी मनरेगा और उच्चाधिकारियों की नजरों से कैसे बच रही है.? क्या जिम्मेदारों को इस फर्जी वाड़े की भनक नहीं है,या फिर भ्रष्टाचार की यह ज ड़ें या फिर किसी बड़े जनप्रतिनिधि तक जुड़ी हुई हैं.....? बड़ा सवाल यहा है कि क्या जिला प्रशासन इस गंभीर मामले की जांच कराकर वीडियो और सचिव और रोजगार सेवक पर कठोर कार्यवाही करेगा,या फिर मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत धर्मेंई,परसिया पंडित, छजवा,दुर्जनपुर,ढुड़ाव,और पूरे सिधारी आदि गाँवो में मनरेगा के धन की इसी तरह 'डिजिटल लूट' जारी रहेगी....?

# एसडीएम को हटाने की मांग तेज, अधिवक्ताओं ने तहसील के गेट पर ताला बंद कर किया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले की करनैलगंज तहसील में अधिवक्ता ओं ने एसडीएम नेहा मिश्रा के तबादले की मांग को लेकर उनके कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला बंदी कर विरोध प्रदर्शन किया।सूचना मिलने पर एसडीएम नेहा मिश्रा मौके पर पहुंचीं और भारी संख्या में पुलिस बल बुलाकर ताला खुलवाया। अधिवक्ता पिछले एक महीने दस दिन से एसडी एम नेहा मिश्रा के तबादले की मांग को लेकर ध रना दे रहे हैं।उनकी मुख्य मांग है कि एसडीएम ने हा मिश्रा को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए हैं।ताला बंदी के दौरान जब एसडीएम नेहा मिश्रा अपने का र्यालय पहुंचीं, तो उन्होंने मुख्य गेट पर ताला लगा देखा।इसके बाद उन्होंने पुलिस बल बुलाया, जिस ने ताला तोड़कर कार्यालय का रास्ता साफ किया। एसडीएम अपने चैंबर की ओर गईं।एक तरफ एस डीएम नेहा मिश्रा ने माइक पर तालाबंदी को लेकर नाराजगी व्यक्त की,उन्होंने कहा कि कि जो ऐसे अ राजक तत्व हैं जो तहसील में आए दिन भड़काऊ भाषण देंगे अधिकारियों का शासन का प्रशासन का और तहसील का नाम खराब कर रहे है यह उ नके लिए भी सख्त हिदायत है।कि आपको जब वार्ता करने के लिए बात करने के लिए जिला मु ख्यालय पर बुलाया गया था जिसके लिए यहां पर आज यह लोग धरने के लिए बैठे हुए हैं।इनके द्वारा वहां पर आया ही नहीं गया तो उनके द्वारा किस अधिकार से आज तहसील में ताला बंद करवाया गया है।तहसील सरकारी संपत्ति है यह सरकार की संपत्ति है इसमें कोई ताला नहीं लग सकता है।यदि तरीके से अगर कोई करता है तो अपराधी है।मुझे यह बोलने में कोई गुरेज नहीं कि यहां पर जो अधिवक्ता के रूप में अधिवक्ता के क पड़ों में यहां पर सब दुष्ट प्रवृत्ति के लोग हैं जो तह सील का नाम खराब कर रहे हैं।अतिक्रमणकर्ता है ये लोग सरकारी जमीनों पर इन लोगों ने कब्जा क रके रखा है।तो दबाव की राजनीति यहां पर नहीं चलेगी जनता को भी परेशान करने की आवश्यक ता नहीं है।हम लोग यहां पर बैठेंगे उप जिलाधिका री के रूप में मैं स्वयं यहां पर उपस्थित हूँ। हमारे लिए जिलाधिकारी हैं।शासन में हमारे मुख्यमंत्री जी भी हैं। तो इसीलिए साफ-साफ शब्दों में बता दिया गया है शासन का यहां पर राज है गुंडाराज यहां पर नहीं है।शांति से आप बात करेंगे तो शांति से आपकी बात सुनी जाएगी यदि आप इकट्ठा हो कर के अनियंत्रित होकर तहसील का सरकार का काम बाधित करेंगे अगर आप लोग इसी तरीके से तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसडीएम को परे शान करेंगे हमसे मिलने नहीं देंगे तहसील का और सरकार का काम बाधित करेंगे।जो समस्या उत्पन्न होगी।हमने हर तरीके से हमारे लोगों ने हर तरीके से आप लोगों का सहयोग किया है।इसका मतलब यह नहीं है कि कानून आप अपने हाथ में ले लेंगे। जब वार्ता के लिए डीएम द्वारा मुख्यालय पर बुला या गया था।लोगों को अपनी बात वहाँ रखनी चा हिए थी।यहां पर आकर के तमाशा करके वादका रियों को गलत मैसेज देकर के उनको परेशान कर के उनको धकेल करके इसमें किसी का कोई हित साबित नहीं हो रहा है।अगर आप चाहते हैं कि प्रशासन झुक जाएगा तो यह गलत बात है आप अपनी बात संयम तरीके से सही शब्दों के साथ रखिए।

# शुक्रवार को पाली स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि अब परिषदीय विद्यालयों को भाजपा सरकार द्वारा पर्याप्त डिजिटल संसाधनों से लैश किया गया**

**जागरूक कर बच्चों का परिषदीय विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक रैली निकाली गई**

महराजगंज, रायबरेली। शिक्षा का अलख जगाने व लोगों को जागरूक कर बच्चों का परिषदीय विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक रैली निकाली गई। जिसमें शिक्षकों के अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया। शुक्रवार को पाली स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि अब परिषदीय विद्यालयों को भाजपा सरकार द्वारा पर्याप्त डिजिटल संसाधनों से लैश किया गया है । नवीन सत्र में ब्लाक क्षेत्र की न्याय पंचायतों के सबसे ज्यादा नामांकन वाले प्राथमिक विद्यालय दौतरा, बलीपुर, कोटवा मोहम्मदाबाद, मदनिया, मऊ गर्वी, पूरे अचली, पखनपुर व सलेथू समेत आठ विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित भी किया। इस दौरान कम्पोजिट विद्यालय जमुरांवा के छात्र छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहर कई प्रेरणा गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसके बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा झंडी दिखाकर शिक्षकों की बाइक रैली को रवाना किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र में चंदापुर चौराहे तक व बछरावां रोड पर शिवगढ़ मोड़ तक निकाली गई बाइक रैली का नेतृत्व खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद अवस्थी, जूनियर शिक्षक संघ के शिवबालक व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष मधुकर सिंह ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कहा स्कूल चलो अभियान के तहत समाज को जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली, विचार गोष्ठी का आयोजन, किया जा रहा है। हम सबका दायित्व है कि 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन कराये। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ए आर पी दिनेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर ए आर पी अंकित गुप्ता, मीनाक्षी पाण्डेय, विकास चौधरी, शिक्षक आशीष सिंह, पंकज सिंह, पुनीत बाजपेई, प्रदीप चौरसिया, महेश कश्यप, आकाश, दिलीप, राकेश गौतम, रामअनुज श्रीवास्तव, अनुदेशक इंद्र कुमार, सुरेश, अवनीश, श्यामू पाल, आशीष कुमार समेत दर्जनों शिक्षिकाऐं व लोग मौजूद रहे।

# छात्रों को पुस्तकें और ड्रेस किसी विशेष दुकान से खरीदने के लिये बाध्य न किया जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**डीएम की अध्यक्षता में शुल्क नियामक समिति की बैठक में स्कूल फीस व्यवस्था पर सख्त निर्देश**

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क नियामक) अधिनियम 2018 के प्राविधानों पर विस्तृत चर्चा करते हुये विद्यालयों की शुल्क संरचना को पारदर्शी एवं विनियमित बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समिति के कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतिस्थापित करने के निर्देश दिये साथ ही विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में शामिल किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्यालय केवल अधिनियम में निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत ही शुल्क तय करें। वैकल्पिक शुल्क अभिभावकों की सहमति से ही लिया जाय तथा किसी भी सेवा का शुल्क अधिक निर्धारित न किया जाय। परिवहन शुल्क भी परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय अपनी शुल्क संरचना समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही लागू करें। साथ ही अधिनियम की धारा चार से ग्यारह तक के सभी प्राविधानों का पालन सुनिश्चित करते हुये विद्यालयों को शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी छात्र को पुस्तकें, यूनिफॉर्म या अन्य सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने के लिये बाध्य न किया जाये। इसके अलावा शुल्क विवरण को शैक्षिक सत्र शुरू होने से पहले प्रस्तुत करना, दो माह पूर्व वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर प्रकाशित करना तथा अनावश्यक शुल्क वृद्धि न करना अनिवार्य होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि नियमों के उल्लंघन पर पहली बार में अधिक वसूली गई फीस वापस कराने के साथ एक लाख रुपये तक जुर्माना, दूसरी बार पांच लाख रुपये तक जुर्माना तथा तीसरी बार मान्यता समाप्त करने की संस्तुति की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के समय से शुल्क जमा न करने की समस्या उठाई गई, जिस पर समिति ने अभिभावकों से समय पर शुल्क जमा करने की अपील की। समिति ने अभिभावकों एवं विद्यालयों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को नामित किया है। शुल्क नियामक अधिनियम से संबंधित शिकायतें इन कार्यालयों में भौतिक अथवा ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कराई जा सकती हैं। बैठक के अंत में सभी विद्यालयों को शुल्क नियामक अधिनियम 2018 की प्रतियां अनुपालन हेतु उपलब्ध करा दी गईं।

# जीआरपी के घायल सिपाही की पत्नी को मिली सहायता धन राशि



गोंडा । बीते एक अप्रैल की रात्रि जीआरपी थाना गोण्डा पर ड्यूटी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ के दौरान अचानक पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया गया,जिसे पकड़ने के उद्दे श्य से मुल्जिम सुरक्षार्थ ड्यूटीरत आरक्षी आका श सिंह कर द्वारा तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिच य देते हुए पीछा किया इस दौरान प्लेट फार्म एक पर आ रही ट्रेन की चपेट में आ जाने से आरक्षी आकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिनका उपचार किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (ट्रॉमा सेंटर) लखनऊ में चल रहा है। घटना की जानकारी के उपरान्त वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए समुचित उपचार एवं हरसंभव सहायता के निर्देश दिए गए थे। दस अप्रैल को राजकीय रेलवे पुलिस परिवार द्वारा संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना का परिचय देते हुए आर्थि क सहायता प्रदान की गई। जीआरपी अनुभाग गो रखपुर में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा स्वेच्छा से अपने-अपने वेतन में कटौती कराते हुए दस लाख 88 हजार तथा जीआरपी अनुभाग लख नऊ के द्वारा पांच लाख 14 हजार की सहयोग रा शि आरक्षी आकाश सिंह की पत्नी को दिया गया है,जिससे आरक्षी के परिवार को कठिन समय में आर्थिक सहारा मिल सके।इस दौरान प्रकाश डी. पुलिस महानिदेशक रेलवे व आर .के.भारद्वाज, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ व रोहित मिश्रा पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ व विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी जीआरपी गोरखपुर सहित अन्य अ धिकारी उपस्थित रहे।सभी अधिकारियों के द्वारा गम्भीर रुप से घायल आरक्षी के अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

# सैन्य सम्मान के साथ शहीद को दी गई अंतिम विदाई, डोगरा सेंटर अयोध्या की मराठा रेजिमेंट ने शव यात्रा निकालकर शहीद को किया विदा

**28 मार्च को कुपवाड़ा के त्रेहगाम में लगी थी गोली**

**07 अप्रैल को दिल्ली के एसआर हॉस्पिटल में शहीद ने ली अंतिम सांस**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। विकास खंड क्षेत्र के लाल की देश सेवा करते हुए शहीद होने पर पूरे जिले की आंखे नम हो गई। शव के पहुंचने पर क्षेत्र वासियों का तांता लगा रहा। डोगरा सेंटर अयोध्या से आए मराठा रेजिमेंट के जवानों ने शहीद सैनिक की नम आंखों से शव यात्रा निकालकर कर साथी को अंतिम विदाई दी। स्थानीय नेताओं सहित अधिकारियों ने भी पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दे कि स्थानीय विकास खंड के पूरे वैसी मझना गांव निवासी अखिलेश शुक्ला(28) पुत्र राधेकृष्ण शुक्ला सेना के ईएमई कोर में नायक के पद पर कुपवाड़ा जनपद के त्रेहगाम में तैनात थे। जहां वे 28 मार्च को गोली लगने से घायल हो गए।घायलावस्था में यूनिट के जवानों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एसआर हॉस्पिटल नई दिल्ली में भर्ती कराया। दौरान इलाज 07 अप्रैल को दिन में 12 बजे शहीद सैनिक अखिलेश शुक्ला ने अंतिम सांस ले ली। शुक्रवार को सुबह उनका शव अलीगंज बाजार पहुंचा तो क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए उसका स्वागत किया।शव उनके पैतृक निवासी पहुंचते ही कोहराम मच गया। तिरंगे से लिपटे शव के पहुंचते ही मां सीमा,बहन प्रियंका, शिवानी सहित परिवारजन दहाड़े मार कर रोने लगे। सेवा निवृत सैनिक के इकलौते बेटे के शहीद हो जाने पर पिता पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा।अंतिम दर्शन के लिए शव करीब 02 घंटे उनके आवास पर रहा। उसके बाद डोगरा रेजिमेंट अयोध्या से जवानों ने सैनिक सम्मान के साथ शव की अंतिम यात्रा निकाली। शव यात्रा घर से करीब 200 मीटर दूर बाग में पहुंची। जहां पर सबसे पहले पिता राधे कृष्ण शुक्ला ने पुष्प चक्र से शहीद बेटे को श्रद्धांजलि अर्पित की।उसके बाद मौजूद अन्य सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी,सीओ सिटी सौरभ सामंत, भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी, मनीषा पांडेय,संजय सिंह त्रिलोकचंदी आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। अंत में अयोध्या से आए डोगरा रेजिमेंट के कैप्टन आशीष दहिया व शहीद सैनिक की यूनिट से आए सूबेदार प्रशांत कुमार तिवारी ने विदाई देकर सैनिक सम्मान के साथ शव को चिता के पास पहुंचाया। तथा तिरंगे व शहीद की वर्दी को यूनिट के सूबेदार ने पिता को सौप दिया। उसके बाद पिता ने पिंडदान आदि करके मुखाग्नि दी।अंतिम संस्कार में एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता अखिलेश तिवारी सहित हजारों लोग शामिल हुए।

# अनपढ़ होना है अभिशाप अब न रहेंगे अंगूठा छाप

**कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की जागरुकता रैली निकाली**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामपुर टेढ़ई स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षारत बच्चों द्वारा शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गयी।रैली गांव की गली मोहल्लों का भ्रमण करते हुये आम जनमानस को जागरुक किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं ग्राम प्रधान ने जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।ग्राम पंचायत रामपुर टेढ़ई स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षारत बच्चों द्वारा प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय की अगुवाई में स्कूल चलो अभियान की जन जागरूकता रैली निकाली गयी।गांव की गलियों व मोहल्लों में बच्चों ने अपने हाथों में तख्तियां लेकर ''अनपढ़ होना है अभिशाप अब न रहेंगे अंगूठा छाप'' जैसे नारे लगाकर आम जनमानस को जागरुक करते रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव एवं प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय की अगुवाई में कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के बच्चों द्वारा रैली निकाल कर अभिभावकों से सम्पर्क किया गया कि अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर नियमित विद्यालय भेजें। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि आज के इस बदलते परिवेश में हर व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति से ही समाज का उत्थान संभव है।ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव ने अभिवावकों से अपील करते हुये कहा कि आप सब लोग अपने पाल्यों को नियमित विद्यालय भेंजे जिससे वह शिक्षित होकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अतिथियों और अभिवावकों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।इस मौके पर सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, विकल्प श्रीवास्तव, दिलीप शुक्ला,इन्द्र प्रकाश शर्मा, प्रमोद शुक्ला, तुषार मिश्रा, राघवेंद्र शुक्ला, मुकेश कुमार, निर्देश पाल, धीरेन्द्र कुमार, जयशंकर मिश्रा, ख़ुशीराम, अभिषेक कुमार, मनीष पाण्डेय, वर्मा रेना बहन सहित अन्य तमाम शिक्षकगण मौजूद रहे।

# अमेठी में एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत बारह लाख अड़तालिस हजार से अधिक मतदाता दर्ज

**पुनरीक्षण प्रक्रिया में दो लाख सरसठ हजार दो सौ इकतालीस अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये**

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गई बूथवार सूची**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जनपद अमेठी में दस आज अप्रैल को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विधानसभावार बूथवार निर्वाचक नामावली की एक एक प्रति उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान बीते वर्ष की सत्ताइस अक्टूबर को जनपद में कुल चौदह लाख छत्तीस हजार पांच सौ अठाइस मतदाता दर्ज थे। पुनरीक्षण प्रक्रिया में दो लाख सरसठ हजार दो सौ इकतालीस अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये।ड्राफ्ट प्रकाशन के समय मतदाताओं की संख्या ग्यारह हजार उनहत्तर हजार दो सौ सतासी थी। इसके बाद सतहत्तर हजार सात सौ सत्तानबे नये मतदाताओं को जोड़ा गया जबकि एक हजार एक सौ दस मतदाताओं के नाम विलोपित किये गये तथा चौदह हजार चार सौ अस्सी प्रविष्टियों का शुद्धिकरण किया गया। अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल बारह लाख अड़तालिस हजार एक सौ बीस मतदाता दर्ज किये गये हैं। विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या में तिलोई में तीन लाख छह हजार छह सौ इक्कीस, जगदीशपुर में तीन लाख तीस हजार अठाइस, गौरीगंज में तीन लाख छह हजार सतहत्तर तथा अमेठी विधानसभा में तीन लाख पांच हजार तीन सौ चौरानबे मतदाता शामिल हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली सभी मतदेय स्थलों, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), तहसील कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, अमेठी में निःशुल्क अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि वे अपने नाम एवं विवरण की पुष्टि के लिये निर्वाचक नामावली का अवश्य निरीक्षण करें।

# एडिशनल एसपी को ज्ञापन, कार्रवाई के आश्वासन पर समाप्त हुआ किसानों का धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।मंडी में अव्यवस्था और गेहूं खरीद में देरी के विरोध में शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने सीओ कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया किसानों का आरोप है कि 30 मार्च से शुरू हुई गेहूं खरीद प्रक्रिया बेहद धीमी है और अब तक नाम मात्र के किसानों से ही खरीद हो सकी है मंडी में तौल कार्य लगभग ठप पड़ा है,जिससे किसान कई दिनों से अपनी उपज लेकर इंतजार करने को मजबूर हैं हाल ही में हुई बारिश से गेहूं भीगने के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ, लेकिन बचाव के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए प्रदर्शन के दौरान भाकियू (टिकैत गुट) के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने सीओ प्रतीक कुमार दहिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा



कि उनका रवैया किसानों के प्रति अनुचित है और वे मनमानी कर रहे हैं उन्होंने सीओ के लंबे समय से एक ही सर्किल में तैनाती पर सवाल उठाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की। साथ ही, बलिंदर सिंह और अर्शदीप के मामले को उठाते हुए कार्रवाई पर भी सवाल खड़े किए किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि मंडी में प्रवेश के दौरान पुलिस उन्हें रोकती है और उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं होती, जबकि उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी विक्रम दहिया को किसानों ने ज्ञापन सौंपा एडिशनल एसपी ने किसानों को उनकी समस्याओं के समाधान और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया इस दौरान पूरनपुर, घुघंचाई और माधोटांडा थानों की पुलिस मौके पर तैनात रही और स्थिति को नियंत्रित किया गया किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## गौरीगंज पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुये एक सौ ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम ल्लनशा मुक्त अमेठी अभियानङ्क के तहत शुक्रवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान प्रिंस कुमार उर्फ अशोक कुमार पुत्र मंगल प्रसाद निवासी मोहल्ला चौक बाजार कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र लगभग बत्तीस वर्ष को एक सौ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## रामनगर के प्रधान प्रतिनिधि के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत रामनगर के प्रधान प्रतिनिधि अमरजीत सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक के सुपुत्र के साथ ही ब्लाक प्रमुख समेत अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। ग्राम पंचायत रामनगर के प्रधान प्रतिनिधि अमरजीत सिंह इन दिनों अस्वस्थ्य चल रहे थे जिनका उपचार लखनऊ के एक निजी अस्पताल से चल रहा था। शुक्रवार की सुबह उनका निधन हो गया इसकी सूचना मिलते ही गांव समेत पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।उनका अंतिम संस्कार गांव स्थित पैतृक बाग में किया गया। अंतिम संस्कार में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, भास्कर सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह,राज कपूर सिंह,दिनेश सिंह राठौर,प्रदीप सिंह, गुडडू सिंह, संतोष तिवारी, उपेंद्र सिंह, अंकित सिंह,ध्रुवराज पासी, मोहम्मद अशरफ, बजरंग सिंह, दिग्विजय सिंह,शिव भूषण शुक्ला, सज्जन अवस्थी सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

## चौपाल आयोजित कर सचिव ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की हरीपुर कला ग्राम पंचायत में सचिव अतुल कुमार की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी अतुल कुमार ने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित मामलों के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था, नाली निर्माण, सड़क मरम्मत और आवास योजना से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई।ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द ही योजनाओं में सामिल कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की है। चौपाल में पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। चौपाल के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिला, जिससे ग्रामीणों में संतोष दिखाई दिया है।

## कंपोजिट विद्यालय चन्दोई में आयोजित हुआ जागरूकता अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 फ़ेस 2 के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय चन्दोई पीलीभीत में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस की थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जेंडर स्पेशलिस्ट अजीत सिंह द्वारा बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि महिलाओं एवं बच्चों को अपनी स्वयं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए स्वयं ही जागरूक होने की आवश्यकता है। इसके लिए वह विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098,181,1090 का प्रयोग कर सकते हैं। बालिकाओं व महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 बाल सेवा योजना, पास्को एक्ट एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर चाइल्डलाइन उपस्थित रही है।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम बस्ती चलो अभियान का भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीजेपी जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें आज बरखेड़ा विधानसभा के ग्राम मुढ़ेला कला में घर घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया गया ।जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा पार्टी के निर्देशानुसार हर बूथ पर गांव बस्ती चलो अभियान का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें लाभार्थियों से संपर्क , स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसके निमित्त बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को लगाया गया है । इस कार्यक्रम में जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा , विकास वाल्मीकि , अभिषेक सिंह पटेल , अभिमन्यु गंगवार , महेश राजपूत , सुनील वर्मा , दिनेश कोरी , संजीव पांडे , गोविंद पासवान , विनोद मौर्य समेत मंडल और बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# गेहूं खरीद समस्या को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले शैलेन्द्र गुप्ता, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर क्षेत्र में सरकारी गेहूं खरीद के दौरान किसानों और व्यापारियों को हो रही समस्याओं को लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा इस दौरान उन्होंने वारदाने बोरी की कमी समेत अन्य व्यवस्थागत दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया भेंट के दौरान राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने भी गेहूं खरीद में आ रही परेशानियों को विस्तार से रखा उन्होंने बताया कि वारदाने की कमी के कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को समय पर भुगतान और उपज की बिक्री में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है केंद्रीय मंत्री ने समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया इसके साथ ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने नगर के विकास कार्यों से जुड़े कई प्रस्ताव भी मंत्री को सौंपे उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा से स्टेशन चौराहे तक सड़क निर्माण के लिए हॉटमिक्स की बजाय सीमेंटेड सड़क बनाए जाने का सुझाव रखा, ताकि सड़क अधिक टिकाऊ और दीर्घकालिक साबित हो सके इसके अलावा अन्य सड़कों एवं नालों के निर्माण से जुड़े प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए उन्होंने 19 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रमों के अंतर्गत घुंघचाई चौराहे पर भगवान परशुराम की प्रतिमा के अनावरण तथा संजय गांधी पार्क के उद्घाटन हेतु समय देने का भी अनुरोध किया इस अवसर पर राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाल विकास विभाग में भ्रष्टाचार का खेल, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले, कागजों में चल रही योजनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जनपद में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों की जमीनी हकीकत और कागजी दावों में भारी अंतर दिखाई दे रहा है, जिससे विभाग की कार्यशैली संदेह के घेरे में आ गई है। जानकारी के अनुसार, कई आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां अपने केंद्रों पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहतीं। मीटिंग और अन्य कार्यों का बहाना बनाकर केंद्रों से गायब रहना आम बात हो गई है। विशेष रूप से परिषदीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लटकते देखे जा सकते हैं। आंगनबाड़ी में नामांकित बच्चों की स्थिति भी संदिग्ध बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों का वास्तविक उपस्थिति रिकॉर्ड कहीं नजर नहीं आता। वहीं, सरकार द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार (पोषक तत्व) केवल




कागजों में ही वितरित दिखाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा विकसित 'बाल वाटिका' योजना का भी मजाक बनता नजर आ रहा है। नगर क्षेत्र के कई विद्यालयों में बाल वाटिका सिर्फ कागजों तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर इसका कोई ठोस संचालन नहीं दिख रहा। भदैया ब्लॉक के भरथीपुर, भरसड़ा, त्रिलोकचंदपुर और वजूपुर जैसे गांवों में यह स्थिति और भी गंभीर बताई जा रही है। यहां खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर पोषाहार कहां जा रहा है? क्या संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मिलकर बच्चों के हक पर डाका डाल रहे हैं? सबसे चिंताजनक बात यह है कि न तो सीडीपीओ द्वारा नियमित जांच की जा रही है और न ही जिला कार्यक्रम अधिकारी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर आ रही है। ऐसे में आम जनता के मन में शंका और आक्रोश होना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चों को उनका हक मिल सके और सरकारी योजनाएं सही मायनों में धरातल पर उतर सकें।

# महिला कल्याण विभाग एवं थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस की टीम संयुक्त टीम ने कार्यवाही कर गजरौला थाना क्षेत्र में एक बाल विवाह रुकवाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।1098 चाइल्ड हेल्प लाइन पीलीभीत को किसी व्यक्ति के द्वारा थाना गजरौला में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री का बाल विवाह कराए जाने की शिकायत 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन पर कॉल कर बाल विवाह रूकवा कर कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया गया था। सूचना प्राप्त होने के उपरांत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं महिला कल्याण विभाग की टीम थाना पुलिस की सयुक्त टीम ने थाना गजरोला के एक ग्राम में बाल विवाह की शिकायत मिलने पर जांच की, तो मामला सही पाया गए। जांच करने पर पाया गया कि बालिका अभी नाबालिक है तथा बालिका ने अभी हाई स्कूल का एग्जाम दिया था, बालिका अभी और पढ़ना चाहती है, लेकिन उसके माता-पिता द्वारा बालिका का बाल विवाह दिनांक 20 अप्रैल 2026 को पीलीभीत



के ही बरखेड़ा क्षेत्र के एक ग्राम के एक व्यक्ति के साथ करने जा रहे थे, विवाह की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो गई थी। फिलहाल संयुक्त जांच टीम ने बालिका के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देकर सख्त हिदायत देते हुए बाल विवाह रुकवा दिया। बालिका को अग्रिम कार्यवाही हेतु उसके माता-पिता द्वारा बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। संयुक्त जांच टीम में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, प्रभारी निरीक्षक थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग गोविंद सिंह, परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, कांस्टेबल भानू प्रताप उपस्थित रहे।

# मंडी में अव्यवस्था के खिलाफ किसानों का हल्ला बोल,सीओ पर लगाए गंभीर आरोप सीओ कार्यालय का घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरनपुर स्थित सीओ कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया किसानों का आरोप है कि 30 मार्च से शुरू हुई गेहूं खरीद प्रक्रिया में अभी तक नाम मात्र के किसानों से ही खरीद की गई है मंडी में मनमानी के चलते तौल कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है, जिससे किसान कई दिनों से अपनी उपज लेकर परेशान बैठे हैं प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं ने कहा कि मंडी में न तो खरीद व्यवस्था सुचारू है और न ही बारिश से फसल को बचाने के लिए कोई ठोस इंतजाम किए गए हैं हाल ही में हुई बारिश के कारण कई किसानों का गेहूं भीग गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि मंडी में प्रवेश के दौरान पुलिस द्वारा उन्हें रोका जाता है,जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ रही हैं इस दौरान भाकियू (टिकैत गुट) के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने सीओ प्रतीक कुमार दहिया पर मनमानी और किसानों के प्रति अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि सीओ का रवैया किसानों के हित में नहीं है, जिससे क्षेत्र में असंतोष बढ़ रहा है स्वराज सिंह ने यह भी कहा कि तराई क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को प्रशासन समझने में नाकाम साबित हो रहा है उन्होंने सीओ के लंबे समय से एक ही सर्किल में तैनाती पर सवाल उठाते हुए जनहित में उनके स्थानांतरण की मांग की बलिंदर सिंह को जेल भेजे जाने के मामले में उन्होंने कहा कि यदि गलती थी तो कार्रवाई उचित है, लेकिन एक अन्य युवक अर्शदीप को भी बेवजह जेल भेजा गया, जो न्याय के खिलाफ है वहीं,इस पूरे मामले पर सीओ प्रतीक कुमार दहिया ने कहा कि कानून के अनुसार ही कार्रवाई की जाती है और आवश्यकता पड़ने पर किसी को भी जेल भेजा जा सकता है किसानों का आरोप है कि उनकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती,जबकि उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं प्रदर्शन के दौरान किसानों ने चेतावनी दी ।

## सम्पादकीय

# भारत को विश्वगुरु बनाना ही आरएसएस का उद्देश्य

शाखा जैसी अद्वितीय प्रणाली के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण का कार्य संघ करता है। इसी से लाखों स्वयंसेवक तैयार हुए हैं, जिनके जीवन के आदर्श व्यवहार से समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखता है। संघ की कार्यपद्धति अन्य संगठनों से भिन्न और विशिष्ट है। बाल स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक, सभी एक ही आदेश पर कार्य करते हैं। शाखा में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से अनुशासन और संस्कार विकसित होते हैं। संघ के साथ ही समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों ने 40 से अधिक संगठनों, जैसे ए.बी.वी.पी., लघु उद्योग भारती, सेवा भारती, विद्या भारती की स्थापना की, जो अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ये सभी स्वतंत्र, स्वायत्त और स्वावलंबी संगठन हैं। भारत को पुनरू 'विश्वगुरु' के स्थान पर प्रतिष्ठित कर भारत माता को परम वैभव पर ले जाना ही इनका मुख्य उद्देश्य है। आर.एस.एस. के पहले चार प्रचारक रू 1925 में संगठन के रूप में आकार लेने पर आर.एस.एस. के आद्य सरसंघचालक डा. हेडगेवार के सामने चुनौती थी कि संघ के विचारों का देशभर में प्रचार-प्रसार कैसे किया जाए। उन्हें समघ्पत, पूर्णकालिक और संघ की भावना में दीक्षित कार्यकर्त्ताओं की तलाश थी। प्राचीन समय में जैसे ऋषि-महघ्ष परम्परा थी, जो जीवन प्रणाली का अध्ययन कर अलग-अलग समय पर मनुष्य जीवन में आने वाली समस्या का हल प्राणी मात्र को देते थे, उसी प्रकार प्रचारक भी राष्ट्र निर्माण के कार्य में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने में मार्गदर्शन करते हैं। इस परम्परा में पहले 4 प्रचारक थे बाबा साहब आप्टे, दादा राव परमार्थ, रामभाऊ जमगडे और गोपाल राव येरकुंटवार। 2 वर्ष तक प्रशिक्षण के बाद 1929 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने प्रचारक व्यवस्था को औपचारिक रूप देने की शुरूआत की। 1930 में जब डा. हेडगेवार सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए जंगल सत्याग्रह में भाग लेने पहुंचे तो सरसंघचालक के पद से इस्तीफा दिया। डा. परांजपे को नया सरसंघचालक बनाया गया। डा. हेडगेवार को पता था कि उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। 1931 में बाबा साहब आप्टे को डा. हेडगेवार ने जेल से बाहर आने के बाद पूर्णकालिक प्रचारक बनाने के लिए चुना। इस तरह इन चारों को संघ की पहली प्रचारक टोली के तौर पर जाना जाता है। इनमें बाबा साहब आप्टे को प्रथम प्रचारक माना जाता है। संघ के पहले पूर्णकालिक प्रचारकों की दीक्षा के लिए एक छोटा सा कार्यक्रम नागपुर में रखा गया, जहां प्रमुख स्वयंसेवक उपस्थित थे। उसी कार्यक्रम में डा. हेडगेवार का छोटा सा सम्बोधन हुआ, जिसमें संगठन का संकल्प और प्रचारकों का जीवन साधुओं की तरह होना चाहिए, इसी पर उनका जोर था। उसके बाद उनके केन्द्र बताए गए कि उनको प्रचार के लिए किस शहर या प्रांत में जाना है। उत्तर-पूर्व में 'संघ के बीज' बोने वाले पहले प्रचारक रू दादाराव परमार्थ यानी गोविंद सीताराम परमार्थ नागपुर के रहने वाले थे। 10वीं की परीक्षा की उत्तरपुस्तिका में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। अध्यापकों ने उन्हें फ़ेल कर दिया, अतरू वह पढ़ाई छोड़कर डा. हेडगेवार के साथ जुड़े और स्वयंसेवक बन गए। 1930 के जंगल सत्याग्रह में डा. हेडगेवार के साथ गए और जेल भी गए। बीमार पड़े तो जेल में डा. हेडगेवार ने ही उनकी देखभाल की थी। उत्तर पूर्व में संघ का कार्य विस्तार करने वाले वह पहले प्रचारक थे। भविष्य के प्रचारकों को जोडने वाले गोपाल राव येरकुंटवार रू गोपाल राव येरकुंटवार ने उस दौर में जितने समघ्पत प्रचारकों को तैयार किया, शायद ही किसी ने किया होगा। उनमें से एक थे भास्कर राव कलाम्बी, जिन्हें वनवासी कल्याण आश्रम के काम को शुरू करने का श्रेय जाता है।

# सबरीमाला : संविधान और स्त्री-शक्ति का भारतीय विमर्श

**न्यायमूर्ति नागरत्ना का यह कथन है कि भेदभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता वास्तव में इस पूरे विमर्श का यही केंद्रीय बिंदु है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 समानता, भेदभाव-निषेध और अस्पृश्यता उन्मूलन की बात करते हैं, जबकि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस प्रकार, सबरीमाला प्रकरण इन संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन का प्रश्न बन जाता है। इसी तरह से अन्य कुछ प्रश्न उठाने का कार्य यहां न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना दिखाई देती हैं, तब केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने यह तर्क दिया कि सबरीमाला की परंपरा को अस्पृश्यता कहना ऐतिहासिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि अस्पृश्यता मूलतः जाति-आधारित सामाजिक कुरीति रही है। उन्होंने इसे भगवान अयप्पा की नैष्ठिक ब्रह्मचर्य पर आधारित धार्मिक परंपरा बताया, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। तब इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जिस रूप में सामने आया, वह है नारी का समग्रता से सम्मान। अब प्रश्न यह है कि क्या भारतीय शास्त्रों में, ज्ञान परंपरा में, हिन्दू व्यवस्था में, सनातन धर्म में स्त्री का स्थान नीचा, ओछा या कमजोर है? इसका उत्तर सहज है कि बिल्कुल भी नहीं, बल्कि विश्व भर की प्राचीन सभ्यताओं में जो अद्यतन है, उनमें तुलनात्मक रूप से हिन्दू सनातन धर्म में स्त्री को अत्यधिक मान, बराबरी का हक दिया गया**

भारतीय समाज में धर्म, परंपरा और संवैधानिक मूल्यों का संबंध अत्यंत गहन और बहुआयामी है। सबरीमाला मामला इसी जटिल संबंध का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहाँ एक ओर धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रश्न है, तो दूसरी ओर समानता, गरिमा और अधिकारों की संवैधानिक व्याख्या सामने आ खड़ी हुई। यह विवाद भले ही महिलाओं के मंदिर प्रवेश को लेकर शुरू हुआ है किंतु यह अपने आप में कई व्यापक अर्थ रखता है, जिसमें भारतीय स्त्री-विमर्श, सांस्कृतिक चेतना और न्यायिक दृष्टिकोण के बीच संवाद सभी कुछ समाहित है। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा जो निर्णय सुनाया गया, उस निर्णय के बीच सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं, उनका कहना है कि क्या मासिक धर्म के आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर रोक अस्पृश्यता की श्रेणी में आती है? न्यायमूर्ति नागरत्ना कहती है, इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने तीन दिन तक तो महिला को 'अछूत' माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई 'अछूतपन' न रह जाए। न्यायमूर्ति नागरत्ना का यह कथन है कि भेदभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता वास्तव में इस पूरे विमर्श का यही केंद्रीय बिंदु है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 समानता, भेदभाव-निषेध और अस्पृश्यता उन्मूलन की बात करते हैं, जबकि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस प्रकार, सबरीमाला प्रकरण इन संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन का प्रश्न बन जाता है। इसी तरह से अन्य कुछ प्रश्न उठाने का कार्य यहां न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना दिखाई देती हैं, तब केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने यह तर्क दिया कि सबरीमाला की परंपरा को अस्पृश्यता कहना ऐतिहासिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि अस्पृश्यता मूलतः जाति-आधारित सामाजिक कुरीति रही है। उन्होंने इसे भगवान अयप्पा की नैष्ठिक ब्रह्मचर्य पर आधारित धार्मिक परंपरा बताया, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। तब इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जिस रूप में सामने आया, वह है नारी का समग्रता से सम्मान। अब प्रश्न यह है कि क्या भारतीय शास्त्रों में, ज्ञान परंपरा में, हिन्दू व्यवस्था में, सनातन धर्म में स्त्री का स्थान नीचा, ओछा या कमजोर है? इसका उत्तर सहज है कि बिल्कुल भी नहीं, बल्कि विश्व भर की प्राचीन सभ्यताओं में जो अद्यतन है, उनमें तुलनात्मक रूप से हिन्दू सनातन धर्म में स्त्री को अत्यधिक मान, बराबरी का हक दिया गया है । इस संबंध में देवी आराधना को देखा जा सकता है, जोकि भारत में सर्वत्र एक रूप में सर्वव्यापी है। यदि हम दुर्गा सप्तशती का अध्ययन करें, तो स्पष्ट होता है कि स्त्री ब्रह्मांड की मूल शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। संपूर्ण दुर्गासप्तशती ही स्त्री महात्म, नारी समम्मान, श्रद्धा और उसके प्रति समर्पण से पूर्ण है। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः? (दुर्गा सप्तशती, अध्याय 5), इस प्रकार के मंत्रों की पूरी श्रंखला है। विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः,स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्, का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः? के माध्यम से कहा गया है कि ''हे देवी! संसार की समस्त विद्याएं तुम्हारे ही भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। इसी प्रकार, विश्व की समस्त स्त्रियां (सकला जगत्सु - संसार में) तुम्हारा ही रूप हैं। हे अंब (माता)! इस पूरे जगत को तुमने ही आच्छादित (पूरित) किया है। तुम्हारी स्तुति भला कौन कर सकता है? तुम तो स्तुति के योग्य शब्दों से भी परे हो।'' कुल मिलाकर समस्त जगत में जो कुछ भी है, वह स्त्री-शक्ति से ही व्याप्त है। यही भारतीय दर्शन का मूल तत्व है जो हमें बताता है कि स्त्री ही सृष्टि की आधारभूत ऊर्जा है। इसी भाव को देवी भागवत पुराण अभिव्यक्त करता है, त्वमेव सृष्टिः त्वमेव पालनं, त्वमेव संहारकारिणी। अर्थात सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार—तीनों स्त्री-शक्ति के अधीन हैं। (स्कंध 1, अध्याय 8) । वैदिक साहित्य में भी स्त्री के इसी उच्च स्थान का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद (मंडल 10, सूक्त 125) में वाक सूक्त के माध्यम से स्त्री स्वयं को ब्रह्मांड की अधिष्ठात्री शक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है- अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम् ऋग्वेद (10.125.3) के 'वाक सूक्त' का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंत्र है, जो ज्ञानशक्ति (देवी वाक) की सर्वोच्चता बताता है। इसका अर्थ हुआ, ''मैं (वाक/शक्ति) राष्ट्र की स्वामिनी हूँ, समस्त धनों (वसूनाम्) को इकट्ठा करने वाली (संगमनी) हूँ और श्रेष्ठ ज्ञान रखने वाली (चिकितुषी) हूँ। इस प्रकार से यह सर्वोच्च चेतना या वाणी के रूप में स्वयं को राष्ट्र के ऐश्वर्य और ज्ञान का मूल बताती है। मनुस्मृति में तो यहां तक कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता। (अध्याय 3, श्लोक 56)। जहां स्त्री की पूजा होती है, वहीं देवता निवास करते हैं। वस्तुतः कहना होगा कि यह श्लोक भारतीय समाज की मूल संरचना को दर्शाता है। आधुनिक विद्वान पैट्रिक ओलिवेल (Manuâs Code of Law, पृ. 78) भी इसे स्त्री के सम्मान का प्रमाण मानते हैं। हां, यह जरूर है कि अक्सर रामचरितमानस की एक चौपाई को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। परंतु गोस्वामी तुलसीदास की भाषा और संदर्भ को समझे बिना उसका अर्थ निकालना उचित नहीं है। उक्त चौपाई में ताड़ना का अर्थ अवधी में देखभाल या संरक्षण होता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल (हिंदी साहित्य का इतिहास, पृ. 214) इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं। अब प्रश्न यह है कि यदि भारतीय परंपरा स्त्री को इतना उच्च स्थान देती है, तो सबरीमाला जैसी परंपराएँ क्यों? इसका उत्तर सामाजिक और जैविक यथार्थ में निहित है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें महिलाओं को शारीरिक कष्ट, थकान और असुविधा होती है। इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का 2022 का संदर्भ देख सकते हैं, जिसके अनुसार लगभग 70 फीसद महिलाएँ इस दौरान किसी न किसी प्रकार की पीड़ा अनुभव करती हैं। प्राचीन काल में स्वच्छता के साधनों के अभाव के कारण महिलाओं को विश्राम देने के उद्देश्य से कुछ परंपराएँ विकसित हुईं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि विश्राम हेतु अलग रखना और अस्पृश्य मानना दो अलग अवधारणाएँ हैं। भारतीय समाज में मूल भावना संरक्षण और स्वास्थ्य की थी, न कि भेदभाव की। यहां यह भी समझना होगा कि देवता के दर्शन या उसके पास जाने के लिए तन और मन दोनों की पवित्रता की अनिवार्यता भारतीय परंपरा में अनवार्य बताई गई है, एक बार को हम स्त्री के संबंध में इस विमर्श को छोड़ भी दें तो क्या पुरुषों को यह अनुमति मिल सकती है कि वह मंदिर में जाए, यदि उसके जननांग से रुक-रुक कर मूत्र बूंद-बूद में शरीर के बारह आ रहा है, तो क्या वह स्वयं ही या उसके परिवार जन या मंदिर में यह जानकर की उसका उसके मूल विसर्जन पर अंकुश नहीं, क्या उसे मंदिर में प्रवेश मिलेगा? वैज्ञानिक भाषा में तो वह पानी ही तो है! इसी तरह से मल त्याग या शरीर से लगातार थूक के निकलने एवं नाक का बहना है, होने को तो यह एक क्रिया ही है, क्या तब मंदिर में प्रवेश मिलेगा? सभी हिन्दू घरों में यह सामान्य परंपरा है जिसके लिए कोई किसी से कुछ नहीं कह रहा, स्नान के बाद पूजा करने से पूर्व घर के सदस्य चाहे जहां, इधर-उधर नहीं बैठते हैं। कोई बिना नहाए उनसे गले लगना भी चाहे तो उसे पूजा सम्पन्न होने तक इंतजार करना होता है। फिर यह सबरीमाला प्रकरण तो करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। अतः यहां समझना यही है कि भारतीय दर्शन हमें यह सिखाता है कि स्त्री स्वयं शक्ति है। वह जननी है, पालनकर्ता है और सृष्टि की आधारशिला है। स्त्री समस्ता सकला जगत्सु यही भारतीय जीवन-दृष्टि का सार है। इसलिए आवश्यक है कि सबरीमाला जैसे विषयों पर निर्णय लेते समय संविधान की मर्यादा, शास्त्रों की गहराई और समाज की वास्तविकता इन तीनों को ही साथ लेकर चलना आवश्यक है। यही संतुलन भारतीयता की पहचान है और यही इस विमर्श का वास्तविक समाधान भी है। **–डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# किसी के लिए भी आसान नहीं केरल की राह

**योगेश कुमार सोनी**

1957 में राज्य गठन के बाद से केरल राज्य में मुख्य रूप से वामपंथी और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारें रही है जो अलग-अगल समय पर सत्ता में आती रही हैं, कभी-किसी का कालखंड ज्यादा समय के लिए वर्चस्व में नही रहा। लेकिन 2016 व 2021 से लगातार दो बार पिनाराई विजयन मुख्यमंत्री बन रहे हैं। अब सवाल यही उठता है कि क्या कांग्रेस पिनाराई विजयन के किले को भेद पाएगी? विजयन की स्थिति को इस बार भी मजबूत इसलिए माना जा रहा है चूंकि वह दशक भर से राज्य में अपने सार्थक शासन को संचालित करने में महारत हासिल कर चुके हैं। यदि कांग्रेस की बात करें तो बीते लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से राहुल गांधी ने रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की थी जिससे वहां कांग्रेस की स्थिति मजबूत देखकर सब आश्चर्यचकित रह गए थे। हालांकि केरल जैसे राज्य में कांग्रेस ने हार व जीत के साथ अपनी स्थिति को मजबूत बनाए रखा है लेकिन क्या अब इन दोनों पक्षों के समीकरणों के साथ केरल के किले को भेदने में कितना सार्थक हो पाती है? मौजूदा मुख्यमंत्री अपने बीते दशक भर में किए गए कामों को कामों को मजबूती से गिनवा रहे हैं। जैसे कि लोगों की बढ़ाई हुई पेंशन, राज्य में बेहतर हुई स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और 'नवा केरलम' विजन सबसे खास हैं। इसके अलावा राज्य में सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए गए काम, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में बढ़ाए गए कदम और राज्म में आए निवेश को लाने का जिक्र भी किया गया है। इन मुद्दों के साथ में सत्तारूढ़ गठबंधन तीसरी बार केरल की सत्ता में वापसी करने पर मेहनत कर रहा है। लेकिन इसके विपरीत कांग्रेस ने सीपीआई-एम के नेतृत्व वाली वामपंथी सरकार पर पक्षपात और भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है जिसके अहम रमुद्दे हैं यूडीएफ भ्रष्टाचार, वायनाड में भूस्खलन में अनियमितता, इनके अनुसार राज्य पहले की अपेक्षा अपराध बहुत बडे स्तर पर अपराध बढ़ा है, नौकरियों में लगातार कमी आ रही है जिससे युवा बेरोजगार हैं जिससे युवाओं को राज्य का छोड़ना लगातार जारी है, गुपचुप तरीके से अवैध रुप से नियुक्तियां जैसे मुद्दे हैं। यह सभी पार्टियों के लिए बड़ा मुद्दा है, लेकिन यूडीएफ इसे एलडीएफ सरकार की नाकामी बताकर उठा रही है। इसके अलावा बीजेपी समर्थक थर्ड फ्रंड एक ऐसा मुद्दा उठा रही है जो पार्टियों को छोटा लग रहा था लेकिन वह अचानक बड़ा बन गया और वह है जानवरों से खेती की बर्बादी। बताया जा रहा है और वहां चित्रों से भी प्रतीत होता है कि वॉयनाड जिले का वडक्कनाड में किसानों ने घर छोड़ दिए। गांव में अधिकतर घर टूटी-फूटी हालात में खाली पडें हैं चूंकि वहां के रहने वाले किसानों का कहना है कि जब फसल कटने का समय आता है तो हाथी व अन्य जंगली जानवर सब बर्बाद कर देते हैं। यह कहानी वर्षों से चल रही है जो लेकर कई बार राज्य सरकार को अवगत कराया जा चुका है लेकिन उस पर किसी भी प्रकार की मदद नही मिली जिससे वहां के लोगों बहुत आक्रोश है। इसके अलावा भी कई ऐसे छोटे-छोटे मुद्दे हैं जो अब बड़े बनते जा रहे हैं। राज्य की वृद्ध आबादी 16.5 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है जो देश में सबसे अधिक है और वरिष्ठ नागरिक एक प्रभावशाली मतदाता वर्ग बन गए हैं जिसकी नकारात्मकता यह है कि केरल से युवाओं का पलायन लगातार जारी है। यदि लड़कियों की बात करें केरल से देश से सबसे ज्यादा नर्से बनती हैं और देश व दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चली जाती हैं वही लडकों की बात करें तो यहां नौकरी व उतना रोजगार नही है जिसकी वजह से वो भी यहां से पलायन कर जाते हैं। कुल मिलाकर राज्य ने अपने अंदर ऐसा कुछ नही समाया हुआ जिससे वहां की जनता को वहां रुकने का मौका मिले। बहरहाल, अब देखना यह होगा कि कौन सी पार्टी किन मुद्दों को जनता को समझाने या मनाने के लिए सार्थक सिध्द होती है चूंकि कई बार बडे मुद्दों से ज्यादा छोटे मुद्दे कारगर साबित हो जाते हैं। लेकिन अब देखना यह है कि पिनाराई विजयन अपना किला बचा पाते हैं या कांग्रेस पुन अपने आप को स्थापित करती है।

## सेहत मंत्र

# रोज सेब खाएं, इतने फायदे होंगे कि गिनते रह जाएंगे

आपने अक्सर लोगों के मुंह से सुना होगा कि एन एप्पल इन ए डे, कीप्स द डॉक्टर अवे। अर्थात अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो आपको प्रतिदिन एक सेब का सेवन करना चाहिए। यह जुमला ही सेब के गुणों का बखान करता है। आमतौर पर लोग यह तो जानते हैं कि सेब का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है लेकिन वास्तव में इससे सेहत को क्या लाभ प्राप्त होते हैं, इसके बारे में लोग नहीं जानते। तो चलिए आज हम आपको इससे मिलने वाले कुछ फायदों के बारे में बताते हैं? पाचन तंत्र में लाभदायकः सेब आपके पेट के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें वैसे तो फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है लेकिन इसके साथ?साथ यह आपके पेट संबंधी परेशानियों को दूर करने में भी एक अहम भूमिका निभाता है। खासतौर से, जिन लोगों को कब्ज आदि की शिकायत होती है, उन्हें तो विशेष रूप से प्रतिदिन एक सेब का सेवन करना चाहिए। एनिमिया का उपचार : इस बात से तो आप वाकिफ ही होंगे कि भारत देश में अधिकतर लोग एनिमिक हैं। खासतौर से, महिलाओं में आयरन की मात्रा काफी कम पायी जाती है। ऐसे में प्रतिदिन सेब का सेवन करने से उन्हें काफी फायदा होता है क्योंकि इसमें आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। मधुमेह नियंत्रण : भले ही सेब स्वाद में मीठा हो लेकिन फिर भी इसे मधुमेह के रोगियों को खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि यह रक्त में शुगर लेवल को कंट्रोल करने का माद्दा रखती है। दांत बनाए स्वस्थ : शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन वास्तव में सेब आपके दांतों को स्वस्थ बनाने का काम भी करता है। दरअसल, जब आप सेब को चबाकर खाते हैं तो इससे आपके मुंह में लार का उत्पादन तेज होता है। इतना ही नहीं, यह बैक्टीरिया को कम करके दांतों को भी नुकसान पहुंचाने से बचाता है। वेट लॉस में करता है मददः आजकल जिसे देखो, अपने बढ़ते वजन को लेकर चिंतित रहता है। ऐसे लोगों को अपनी डाइट में सेब को अवश्य शामिल करना चाहिए। बहुत से शोध व स्टडी इस ओर इशारा करती हैं कि सेब के सेवन से काफी हद तक वजन कम किया जा सकता है। ऐसा उसमें मौजूद फाइबर के कारण होता है। जब आप सेब का सेवन करते हैं तो आपको काफी देर तक पेट भरे होने का अहसास होता है और आप अतिरिक्त कैलोरी के सेवन से बच जाते हैं।

## धर्म मंत्र

# भगवान विष्णु को समर्पित है अंगकोर वाट मंदिर, बेहद अद्भुत होता है यहां का सूर्योदय

भारत देश अपनी संस्कृति और इतिहास के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। भारत की संस्कृति और पुरातन संस्कृति की झलक पूरे विश्व में देखने को मिलती है। इसका एक उदाहरण कंबोडिया के मध्य में स्थित अंगकोर वाट मंदिर है। इस मंदिर को दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर कहा जाता है। बता दें कि इटली के पोम्पेई को पीछे छोड़ते हुए अंगकोर वाट मंदिर दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बेहद खूबसूरत मंदिर से जुड़ी कुछ बातों के बारे में जानकारी देने जा रहे है। मुख्य रूप से अंगकोर वाट मंदिर भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित था। हांलाकि बाद में यह मंदिर बौद्ध मंदिर बन गया। मंदिर के मध्य भाग में कमल के आकार की पांच मीनारें बनी हैं, जो सनातन धर्म की खूबसूरती को दर्शाने का काम करती हैं। साथ ही यह मीनारें हिंदू और बौद्ध मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस मंदिर की दीवारों पर हिंदू और बौद्ध इतिहास की कहानियों की भी झलक देखने को मिलती है। राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने 12वीं शताब्दी में अंगकोर वाट मंदिर का निर्माण करवाया था। इस मंदिर का विश्व स्तर पर एक प्रसिद्ध स्थान है और इसने दुनिया के आठवें अजूबे के रूप में पोम्पेई का स्थान ले लिया। अंगकोर वाट मंदिक एक विशाल धार्मिक स्मारक होने के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल है। जो करीब 500 एकड़ में बना हुआ है।

## पर्यटन




# बारासात शहर में बसी है बंगाल की संस्कृति

बारासात बंगाली संस्कृति का एक केंद्र है, जहां दुर्गा और काली पूजा के दौरान काफी रौनक रहती है। आपने फिल्मों में अक्सर देखा होगा कि बंगाल की संस्कृति की झलकियां दिखाई जाती हैं। रसगुल्ला, संदेश मिठाई, बंगाली साड़ी जैसी कई चीजें पूरी दुनिया में मशहूर है। लेकिन बंगाल अब बिल्कुल वैसा नहीं रहा, जैसा फिल्मों या टीवी सीरियल्स में दिखाया जाता है ऐसे में अगर आपको बंगाल की संस्कृति की असल झलक देखनी हो, तो आप बारासात शहर में घूम सकते हैं। आइए, जानते हैं क्या है यहां खास। बारासात बंगाली संस्कृति का एक केंद्र है, जहां दुर्गा और काली पूजा के दौरान काफी रौनक रहती है, बारासात पर्यटन ने कोलकाता के स्थानीय लोगों का और दुनिया भर के पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। दुर्गा पूजा के दौरान आपको यहां कई विदेशी देखने को मिलेंगे। हजरत इकदिल शाह की समाधि यहां हिन्दू-मुस्लिम के संगम को दर्शाती है। हजरत इकदिल की याद में यहां हर साल मेला भी लगता है। इसके अलावा यहां पुरानी इमारतें और मंदिर भी बंगाल के इतिहास को बयां करते हैं। यहां आकर आप ऐसी कई चीजें देखने को मिलेगी, जो आपको अपने शहर में नहीं मिल सकती। आप यहां कपास बुनाई के छोटे कुटीर उद्योग भी देख सकते हैं, जो बारासात नगरी का प्रमुख उत्पादक है। आप कोलकत्ता जाने वाली किसी ट्रेन या फ्लाइट से यहां आ सकते हैं। कोलकत्ता के बाद आप किसी टैक्सी या बस से यहां पहुंच सकते हैं। बारासात में कई गेस्ट हाउस है, लेकिन अगर आपको लक्जरी होटल चाहिए, तो आप कोलकत्ता में ठहरकर दिन के समय यहां घूमने आ सकते हैं। अगर आप बारासात आ रहे हैं, तो यहां घूमने-फिरने के साथ यहां के जायकों को न भूलें। आपको यहां स्ट्रीट फूड के बेहतरीन जायके चखने को मिलेंगे। आप यहां नवम्बर से जून महीने में आ सकते हैं। मौसम खुशनुमा रहता है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई को भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई की स्मृति में आज जिला कांग्रेस कार्यालय एवं सांसद आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया तथा सांसद तनुज पुनिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांसद तनुज पुनिया ने उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कुशलतापूर्वक संचालन किया। उनके निधन को कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति बताया। पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया ने उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार दोनों में मंत्री रहते हुए स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, परिवहन तथा शहरी विकास जैसे महत्वपूर्ण विभागों का सफल नेतृत्व किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 1978 में आजमगढ़ उपचुनाव में उनकी ऐतिहासिक जीत ने राष्ट्रीय राजनीति को नई दिशा दी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि रफी अहमद किदवई के बाद बाराबंकी की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर बनाए रखने में मोहसिना किदवई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि वे भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और आदर्श कंग्रेसजनों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।




सभा में पूर्व सांसद ए.पी. गौतम, नईम सिद्दीकी, शिव शंकर शुक्ला, सरजू शर्मा, राजेंद्र वर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, मोहम्मद जीशान, अमरनाथ मिश्र, शबनम वारसी, इरफान कुरैशी, अजीत वर्मा, मोहम्मद इजहार, वीरेंद्र यादव, शिव बहादुर वर्मा, मोइनुद्दीन अंसारी, फरहान किदवई, राहमहरख रावत, संजीव मिश्र, राकेश तिवारी, रमेश कश्यप, आर.डी. रावत, सुशील वर्मा, सुरेश यादव, आमिर किदवई, अनुराग यादव, गोपी कनौजिया, मोहम्मद शीबू, राजेश पाठक, साईस्ता अख्तर, जितेंद्र वर्मा सहित अनेक कंग्रेसजन उपस्थित रहे।

# दो सड़कों का शिलान्यास, ग्रामीणों को मिलेगी राहत, आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने जमुआ व कतुरी खुर्द क्षेत्र में दो सड़कों का शिलान्यास किया। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार गांव-गांव तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों को बाजार, स्कूल, अस्पताल और तहसील मुख्यालय तक पहुंचने में आसानी होगी। इसके अलावा आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और पुलिस की पहुंच भी तेज होगी, जिससे जनसुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा। बरसात के समय कीचड़ और खराब रास्तों की समस्या से भी लोगों को निजात मिलेगी।




इस अवसर पर दिनेश सिंह तोमर, मण्डल अध्यक्ष बड्डूपुर रजनीश वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष योगेन्द्र पटेल, विनोद सिंह, मण्डल महामंत्री विशाल सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य पूनम कनौजिया, सत्येंद्र सिंह, सुनील विश्वकर्मा, शिवप्रताप सिंह, मोनू पाण्डेय सहित अनेक संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल में आग, कई बीघा फसल जलकर राख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। रायगंज और मरकामऊ गांव में आग लगने से कई बीघा गेहूं की फसल जल गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने बताया कि नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया।


# पीपा पांटून पुल का निर्माण अंतिम चरण में, जल्द शुरू होगा आवागमन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। घाघरा घाट पर बन रहा पीपा पुल 90% पूरा हो चुका है। 6.28 करोड़ की लागत से बने इस पुल पर 15 अप्रैल तक यातायात शुरू होने की संभावना है। यह पुल छोटे वाहनों के लिए होगा और निर्माण कार्य इंजीनियरों की निगरानी में जारी है। संजय सेतु की मरम्मत को 2.5 करोड़ की मंजूरी रामनगर (बाराबंकी)। संजय सेतु की मरम्मत के लिए शासन ने 2.5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। मरम्मत के दौरान पुल बंद रहेगा, जिसके लिए वैकल्पिक पीपा पुल तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार 15 अप्रैल तक कार्य पूरा होने की संभावना है।

# मतदाता सूची निरीक्षण अधिकारियों ने दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज व तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। दउन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची चस्पा करने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा गंभीर सिद्धौर (बाराबंकी)। सरसा गौशाला के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में शिवमगन (52) की मौत हो गई, जबकि शारदा (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# समयबद्ध पंचायत चुनाव कराने की मांग को लेकर मोस्ट ने सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पंचायत चुनाव-2026 को समयबद्ध ढंग से कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में मोस्ट जनरल राम उजागिर यादव ने कहा कि वर्ष 2026 में प्रस्तावित पंचायत चुनावों के समय पर न होने की आशंका व्यक्त की जा रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के अनुसार पंचायतों का कार्यकाल 5 वर्ष निर्धारित है, ऐसे में समय से चुनाव कराना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं कराए गए तो इससे ग्रामीण स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होगी और आम जनता के अधिकारों का हनन होगा। श्री यादव ने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि पंचायत चुनाव-2026 को समयबद्ध ढंग से कराने हेतु आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूर्ण कराई जाय एवं निर्वाचन कार्यक्रम की स्पष्ट घोषणा की जाए तथा ग्राम स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पंचायत चुनाव समय पर कराना सुनिश्चित किया जाए।

# विश्व होम्योपैथिक दिवस पर मेडिकल कॉलेज में भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती के अवसर पर विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में आज राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय सुल्तानपुर के आयुष विभाग में बड़े धूमधाम के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. ए.सी गुप्ता द्वारा डॉ. हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. ए.सी. गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सहज, सरल एवं जनसामान्य के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में इस पद्धति की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है और लोगों में इसके प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है। कार्यक्रम के आयोजक डा. राघवेन्द्र सोनकर ने होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन के जीवन एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. तारिक खान, डा. संतोश श्रीवास्तव फार्मासिस्ट विनय जायसवाल, अखिलेश कुमार, सूर्यभान, लैब टेक्नीशियन विकास पाण्डेय, रुद्र प्रताप, सुमन मिश्रा, नगमा बेगम, मोहम्मद अजीज, प्रदीप कुमार, अरविंद कुमार सहित मेडिकल कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# अविरल फाउंडेशन बनेगा बेजुबानों की आवाज, तपती धूप में परिंदों को सहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गांव-गांव पहुंचेगा अभियान पेड़ों, गलियों व घरों में रखे जाएंगे जल-पात्र**

लम्भुआ/सुल्तानपुर। जब झुलसा देने वाली गर्मी जहां इंसानी जीवन को कठिन बना देती है वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों के सामने भी अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाता है। तपते आसमान और सूखते जलस्रोतों के बीच प्यास से तड़पते परिंदों के सामने भी जल संकट गहराने लगता है। ऐसे कठिन समय में लम्भुआ क्षेत्र का अविरल फाउंडेशन एक सराहनीय और मानवीय पहल के साथ आगे आएगा। अविरल फाउंडेशन के अध्यक्ष भानुकर तिवारी के नेतृत्व में टीम ने संकल्प लिया है कि पूरे क्षेत्र में पक्षियों के लिए जीवनदान अभियान जल्द ही चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत हर घर में जल-पात्र (मिट्टी ) के रखवाए जाएंगे, जिन्हें पेड़ों से बांधा जाएगा या घरों की छतों पर छायादार स्थानों पर स्थापित किया जाएगा, ताकि प्यास से व्याकुल परिंदों को सहज रूप से पानी मिल सके।अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि यह पहल केवल एक अभियान नहीं बल्कि समाज के प्रति हमारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भीअपने-अपने घरों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें। भीषण गर्मी के इस दौर में जब हर जीव पानी के लिए संघर्ष कर रहा है, ऐसे में अविरल फाउंडेशन की यह पहल निश्चित ही एक मिसाल बनेगी और समाज को एक सकारात्मक संदेश देगी कि छोटी-छोटी कोशिशें भी किसी के लिए जीवनदान बन सकती हैं।श्री तिवारी ने यह स्पष्ट कहा है कि यह पहल केवल घर-घर जल-पात्र बांटने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज में पशु-पक्षियों के प्रति प्यार, स्नेह और संवेदनशीलता का संदेश भी फैलाना उद्देश्य है। श्री अध्यक्ष ने कहा के यदि लोग केवल बर्तन रख दें लेकिन उनके मन में जीवों के प्रति करुणा न हो तो यह अभियान अधूरा रह जाएगा। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति अपने आसपास के पक्षियों और पशुओं के प्रति जिम्मेदारी समझे। इस अभियान के तहत टीम न सिर्फ जल-पात्र वितरित करेगी बल्कि लोगों को जागरूक भी करेगी कि वे नियमित रूप से उनमें पानी भरते रहें और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखें। भीषण गर्मी में जब हर जीव प्यास बुझाने के लिए हर पल प्यास बुझाने की कोशिश करता है तब वही देखा जाए नन्हे पक्षियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे तपते मौसम में हर पल जल की आवश्यकता उनके जीवन के लिए अत्यंत अनिवार्य हो जाती है।वहीं यह पहल समाज में संवेदनशीलता जगाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है।

## ई-रिक्शा पलटा, महिला की मौत

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंदिर दर्शन कर लौट रही महिलाओं से भरा ई-रिक्शा ग्राम छेदा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला की दबकर मौत हो गई, जबकि अन्य महिलाएं सुरक्षित बच गईं। मिरदहन पुरवा निवासी आशा देवी (50) पत्नी देवेंद्र वर्मा अन्य महिलाओं के साथ लोहनदेव मंदिर दर्शन कर लौट रही थीं। इसी दौरान ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें वह नीचे दब गईं। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## स्कूल चलो अभियान, भव्य कार्यक्रम, मंत्री ने रथ को दिखाई हरी झंडी

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ल्लस्कूल चलो अभियानङ्क के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। खंड शिक्षाधिकारी संजय कुमार राय ने अभिभावकों से शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में जवाहरलाल वर्मा, अभिषेक वर्मा, सोम प्रकाश मिश्रा, चन्द्रशेखर सिंह, देवेन्द्र सिंह, नवेंदु चतुर्वेदी सहित शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बंदरों के हमले से महिला घायल, ग्रामीणों में दहशत

रामसनेहीघाट (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को बनीकोडर क्षेत्र की सरिता पर बंदर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके हाथ में 8 टांके लगे हैं। स्थानीय लोगों पिंटू, कुलदीप, अमर चंद, दीपक आदि ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

## विद्यालय में वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। मौलाबाद कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव, परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी रमेश चंद्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आशुतोष वर्मा, रामानंद, रामपाल, मोहम्मद सगीर सहित शिक्षक, अभिभावक व छात्र उपस्थित रहे।

## किसान संगठन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय अवस्थी किसान संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी ने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में सामुदायिक शौचालयों की दुर्दशा, मुफ्त बोरिंग, सफाई व्यवस्था व स्ट्रीट लाइट की समस्याएं उठाईं गईं। इस मौके पर वीर विक्रम सिंह, रामकेदार रावत, मंशाराम, फुलझारा रावत, आशीष कुमार, उमाशंकर कल्लू सहित कई किसान मौजूद रहे।

## बाइक भिड़ी एक की मौत, दूसरा गंभीर

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर देवीगंज मार्ग पर असंद्रा थाना क्षेत्र के बाजपुर निवासी 52 वर्षीय शिवमगन पुत्र परशुराम अपनी बाइक से गेहूं कटाई के लिए कंबाइन मशीन मालिक से बात करने जा रहे थे।तभी सरसा गौशाला के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई।दूसरी बाइक पर सवार 35 वर्षीय शारदा पुत्र कल्लू निवासी सराय नजर मजरे मदारपुर बहादुर सिंह थाना कोठी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। शिवमगन को मृत घोषित कर दिया। वहीं शारदा की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बसारा गांव में आग से 15 बीघा फसल जली

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बसारा गांव में आग लगने से लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्रभावित किसानों में राम नरेश, रामचन्द्र, बिंदेश्वरी, हनीफ, रब्बानी शामिल हैं। लेखपाल मोहित ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया।

## पूर्व सैनिक संगठन के सैनिकों ने भी दी सलामी

कुड़वार कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व सैनिक सेवा परिषद के काशी प्रांत के अध्यक्ष रेवती रमण तिवारी की अगुवाई में पूर्व सैनिकों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीद को सलामी दी।जिसमें सैनिक कल्याण बोर्ड सुल्तानपुर से पवन सिंह,पूर्व सैनिक गौरी शंकर शर्मा,लक्ष्मी नारायण,सुदीप मिश्रा, अशोक सिंह, उमाशंकर त्रिपाठी, राणा प्रताप सिंह, अमर जीत दूबे, हरि नाथमिश्रा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, विनायक तिवारी, विनय तिवारी आदि शामिल रहे।

## पूर्व सैनिकों ने एसडीएम से शहीद स्थल के लिए जमीन आवंटित करने की उठाई मांग

कुड़वार कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहीद घर से चंद कदम दूरी पर जिस स्थान पर शहीद अखिलेश शुक्ला का अंतिम संस्कार किया गया।उस स्थान पर शहीद स्मारक बनाने के लिए परिजनो ने सहित पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष रेवती रमण तिवारी ने उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी से मांग रखी। जिस पर एसडीएम ने पूर्व सैनिकों व परिवारजनों को आस्वस्त किया कि ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर जमीन आवंटित करा दी जाएगी।साथ ही प्रधान को निर्देशित किया कि जमीन आवंटन प्रस्ताव बनाकर उनके पास अविलंब भेजवा दे।जिससे जमीन आवंटित की जा सके।

## डीएम ने किया गेहूं फसल का क्रॉप कटिंग निरीक्षण, किसानों को योजनाओं के प्रति किया जागरूक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने गेहूं की फसल की उत्पादकता जांचने के लिए मरौरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत चंदोई में क्रॉप कटिंग निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने खेत में फसल की नपाई और कटाई की प्रक्रिया को देखा तथा सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से ऑनलाइन फीडिंग कर जानकारी प्राप्त की निरीक्षण के दौरान डीएम ने फसल कटाई की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने किसानों से संवाद कर उन्हें फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके इसके साथ ही जिलाधिकारी ने किसानों को फसल बीमा योजना एवं पंजीकरण कराने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समय पर पंजीकरण और बीमा कराने से किसानों को प्राकृतिक आपदा या अन्य नुकसान की स्थिति में राहत मिल सकती है।

# सीएसके खाता खोलने को बेताब, सैमसन और गायकवाड़ पर होगा दबाव

एजेंसी



चेन्नई। सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है।

सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक खेले गए तीन मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की अनुपस्थिति ने भी टीम के संतुलन को प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के इस विस्फोटक बल्लेबाज के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोट से उबरकर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जो पिंडली में खिंचाव के कारण इस सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। सीएसके के लिए हालात बेकाबू होने से पहले सैमसन और गायकवाड़ की सलामी जोड़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कार्तिक शर्मा को भी मध्य क्रम में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जबकि प्रशांत वीर ने निचले क्रम में अच्छा खेल दिखाया है। एकमात्र बल्लेबाज जिसने निरंतरता दिखाई है, वह सरफराज खान हैं, जो खुद को साबित करना चाहते हैं। सीएसके के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 250 रन लुटाए, जो बल्लेबाजों के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ। खलील अहमद को छोड़कर बाकी सभी गेंदबाजों ने प्रति ओवर 12 या उससे अधिक रन लुटाए। चेपॉक में यह सत्र का दूसरा मैच होगा। इससे पहले यहां जो पिछला मैच खेला गया था उसमें पंजाब किंग्स में 210 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम दिल्ली में खेले गए पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स के हाथों एक रन से मिली हार से आहत होगी। अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम आईपीएल जैसे बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में लय बरकरार रखने के महत्व को समझती है और अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ स्कोर बराबर करने के लिए डेविड मिलर का एक रन लेने से इनकार करना पूरे सत्र में बहस का विषय बना रहेगा, लेकिन निश्चित रूप से ड्रेसिंग रूम में इस पर चर्चा नहीं होगी।

# फुटबॉल विश्व कप के लिए चुने गए 52 रेफरी में दो महिलाएं भी शामिल

एजेंसी



मैनचेस्टर। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेंगे। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है। रेफरी विभाग के प्रमुख पियरलुइगी कोलिना ने कहा, ''हमने चार साल पहले कतर में महिला अधिकारियों की नियुक्ति की थी और इस बार छह महिला मैच अधिकारियों का चयन करके हमने उस सिलसिले को जारी रखा है क्योंकि हमारा लक्ष्य महिला रेफरिंग को बढ़ावा देना है। फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी हिस्सा लेंगे, जिनमें 52 रेफरी, 88 सहायक रेफरी और 30 वीडियो मैच अधिकारी शामिल हैं। यह संख्या विश्व कप 2022 में शामिल 139 मैच अधिकारियों से अधिक है। विश्व कप 2026 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप है, जिसमें 48 टीमें भाग लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। यही नहीं यह पहला विश्व कप होगा जिसकी सह-मेजबानी तीन देश करेंगे। पिछले विश्व कप में भाग लेने वाले कई रेफरी को इस साल के टूर्नामेंट के लिए भी चुना गया है। इनमें पोलैंड के साइमन मार्सिनियाच भी शामिल हैं, जिन्होंने चार साल पहले फाइनल में रेफरी की भूमिका निभाई थी। इस सूची में कंगो के रेफरी जीन-जैक्स नडाला का नाम नहीं है जो जनवरी में अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के विवादों से घिरे फाइनल में रेफरी थे। सेनेगल ने इस मैच में मोरक्को को हराया था। पिछले महीने अफ्रीकी फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था ने हालांकि इस परिणाम को पलटकर मोरक्को को खिताब से सम्मानित किया था। सेनेगल ने स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील दायर की है और दोनों देश फैसला आने तक अफ्रीकी चैंपियन होने का दावा कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना

**कोलकाता।** युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं। मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। मैं एमएस (धोनी) सर को भी देखता रहा हूं कि किस तरह से वह पारी समाप्त करते हैं। मैं भी उसी नंबर पर खेलता हूं, इसलिए मैं यह पारी उन्हें भी समर्पित करता हूं। मुकुल ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और वह हर दिन लगभग 150 छक्के लगाने का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे 'जीन्स' ऐसे हैं और मेरी शारीरिक बनावट ऐसी है कि मेरे शॉट्स में ताकत होती है। मैं खूब अभ्यास भी करता हूं। मैं हर दिन लगभग 100-150 छक्के लगाता हूं। पिछले पांच-छह महीनों से मैंने बहुत अभ्यास किया और इसका असर अब मेरी बल्लेबाजी में देखने को मिल रहा है। उन्होंने धोनी की तरह अपने 'हेलीकॉप्टर शॉट' के बारे में भी बात की। उन्होंने 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर इसी तरह का शॉट लगाकर छक्का जड़ा था। मुकुल ने कहा, ''मैंने बचपन से ही उस शॉट का अभ्यास किया है। मुझे यह शॉट खेलना बहुत पसंद है। धोनी जिस तरह से पारी का अंत करते हैं वह भी मुझे पसंद है। वह यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे। अगर आप उस तरह की गेंद पर भी छक्का जड़ देते हैं, तो गेंदबाज कुछ अलग करने के बारे में सोचने लगता है। छक्के मारने की अपनी क्षमता और आत्मविश्वास से वह पहले ही एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर का ध्यान खींच चुके हैं। लैंगर ने कहा था कि मुकुल में भारत का मध्यक्रम में सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनने की क्षमता है। मुकुल ने कहा, ''अगर कोई इतना बड़ा कोच आपके बारे में कुछ कहता है, तो उन्होंने आपमें कुछ तो देखा ही होगा। उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मैं भी वैसा ही करना चाहता हूं। पिछले साल दिसंबर में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ अंतिम ओवर में जब उनकी टीम को 25 रन की जरूरत थी तब उन्होंने आखिरी गेंद पर लक्ष्य को घटाकर पांच रन कर दिया था। अपनी इस पारी से उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। इसके तुरंत बाद एलएसजी ने उन्हें 2.60 करोड़ रुपये में खरीद लिया। मुकुल ने कहा, ''आखिरी ओवर में 25 रन और आखिरी गेंद पर पांच रन चाहिए थे। आयुष (बडोनी) गेंदबाजी कर रहे थे। मैंने पहले भी ऐसा किया था इसलिए मुझे भरोसा था। उसी पारी के आधार पर मेरा चयन हुआ। आईपीएल में अपना तीसरा मैच खेलने के बाद मुकुल ने कहा, ''मैंने कभी परिणाम के बारे में नहीं सोचा। मैं बस मैच को आखिर तक ले जाना चाहता था और इसे करीबी मुकाबला बनाना चाहता था। आखिर में यह साबित हो गया कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'' मुकुल के इस सफर में उनकी प्रतिभा के अलावा परिवार से मिली सहयोग ने भी अहम भूमिका निभाई। उनके पिता दलीप ने शादी से पहले ही तय कर लिया था कि वह अपने बेटे को क्रिकेटर बनाएंगे। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी, पारिवारिक घर में अपना हिस्सा बेच दिया और मुकुल के प्रशिक्षण के लिए अपना ठिकाना बदल लिया जबकि उनकी मां सुनीता ने अपने जीवन को पूरी तरह से उसके क्रिकेट के इर्द-गिर्द व्यवस्थित कर दिया था। जयपुर के अरावली कोचिंग सेंटर में मुकुल ने शुरुआत में मध्यम गति के गेंदबाज के रूप में खेलना शुरू किया था। उन्होंने कहा, ''मैंने शुरुआत मध्यम गति के गेंदबाज के रूप में की थी। मैंने विकेटकीपर की भूमिका निभाई थी।

### हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला टीम के कोच के तौर पर खांडेकर की जगह टिम वाइट को नियुक्त किया

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम की विश्व रैंकिंग 12वें स्थान से सुधरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई थी। इसके अलावा टीम ने 2024 के पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल तक भी जगह बनाई थी। वाइट ने अपने करियर की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय जूनियर टीम के कोच का पद संभाला था और टीम को जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक दिलाया था। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में वाइट ने कहा, ''हाल में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर भारत में समय बिताने के बाद मैं इस देश के हॉकी के प्रति जुनून और समृद्ध संस्कृति से प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा, ''जूनियर विश्व कप में भारत के खिलाफ कोचिंग करते हुए मैंने यहां की युवा प्रतिभाओं को करीब से देखा है। ऐसे जुनूनी खिलाड़ियों के साथ एक पूर्णकालिक कोच के तौर पर काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य तकनीकी रूप से दक्ष खिलाड़ी तैयार करना है जो जूनियर और सीनियर टीम के बीच के अंतर को पाटने और सीनियर टीम में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हों। वाइट ने यह भी कहा कि वह खेल को सरल रखने के साथ टीम के खिलाड़ियों की सामूहिक और व्यक्तिगत मजबूती पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''हम एक ऐसी टीम बनने का लक्ष्य रखेंगे जो आक्रामक हॉकी को महत्व दे, लेकिन साथ ही अपनी रक्षात्मक संरचनाओं में भी पूरी तरह से अनुशासित रहे। यह जरूरी है कि हम शारीरिक रूप से कड़ी मेहनत करें ताकि पूरे 60 मिनट तक शीर्ष स्तर का प्रदर्शन कर सकें। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने वाइट का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि वह खिलाड़ियों के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, ''बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया के जूनियर कार्यक्रम के साथ उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड उनकी कहानी बयां करता है, खासकर जूनियर विश्व कप में टीम को पोडियम तक पहुंचाने में उनकी सफलता। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना ??है कि हाई-परफॉर्मेंस कोचिंग और खिलाड़ियों के विकास में उनका विशाल अनुभव हमारी जूनियर महिला टीम को सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में बेहद अहम साबित होगा।

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

एजेंसी



मुल्लांपुर। पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना। केकेआर के खिलाफ ईडन गार्डन्स में भी पंजाब किंग्स ने अच्छी शुरुआत की थी। उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने शुरू में ही दो विकेट ले लिए थे लेकिन भारी बारिश और आंधी के कारण उसे अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पिछले सत्र में 500 से अधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने टीम के दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ी ऑरेंज कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाला बल्लेबाज) या पर्पल कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज) हासिल करने की होड़ के बजाय सामूहिक सफलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उसकी यह मानसिकता कूपर कोनोली की गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 72 रनों की पारी और विजयकुमार वैशाक के गेंदबाज़ी में बढ़ते प्रभाव में स्पष्ट नजर आता है। जहां तक सनराइजर्स हैदराबाद की बात है तो उसके लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके नहीं चल पाने के कारण टीम लड़खड़ा रही है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ ऐसा देखा गया जब ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की खतरनाक सलामी जोड़ी सस्ते में आउट हो गई थी। हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट जैसे गेंदबाजों की नाकामी के कारण सनराइजर्स हैदराबाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

### यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में एस्टन विला ने बोलोग्ना को 3-1 से हराया

**लंदन।** ओली वाटकिंस के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बोलोग्ना को 3-1 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। यह इस प्रतियोगिता में एस्टन विला की लगातार आठवीं जीत थी। क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में हाफ टाइम से ठीक पहले एजरी कोंसा ने यूरी टिलेमैन्स की घुमावदार कॉर्नर किक पर हेडर से एस्टन विला के लिए पहला गोल दागा। वाटकिंस ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही गोलकीपर फ़ेडेरिको रावग्लिया के पैरों के बीच से शॉट मारकर बढ़त को दोगुना कर दिया। अंतिम क्षणों में जोनाथन रोवे ने मेजबान बोलोग्ना के लिए गोल करके अंतर कम किया लेकिन वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में अपना दूसरा गोल दागकर एस्टन विला को मजबूती प्रदान की। दूसरे चरण का मैच गुरुवार को खेला जाएगा जिसमें एस्टन विला दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा।

# सर्राफा बाजार में फिसला सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज गुरुवार के शुरुआती कारोबार की तुलना में 2,170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,360 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी कीमत में भी कल के शुरुआती कारोबार की तुलना में 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,39,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,51,620 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,39,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,38,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# जेएएल के चेयरमैन ने कंपनी के अधिग्रहण को लेकर अडाणी समूह पर जताया भरोसा

एजेंसी




नई दिल्ली। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के चेयरमैन जयप्रकाश गौर ने कंपनी के अधिग्रहण को लेकर अडाणी समूह पर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि लेनदारों की समिति और रेज़ोल्यूशन प्रोफ़ेशनल ने एक निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई है।उन्होंने कहा कि गौतम अडाणी के नेतृत्व में कंपनी सभी हितधारकों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। जयप्रकाश गौर ने कहा कि उनकी कंपनी 1979 से लंबी और भावनात्मक यात्रा का हिस्सा रही है। कंपनी ने हाल ही में अडाणी समूह के साथ एक नया अध्याय शुरू किया है। कंपनी ने विभिन्न प्रमुख प्रोजेक्ट्स जैसे बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, जलविद्युत परियोजनाएं, सीमेंट प्लांट्स, और जयपी विश टाउन, जयपी ग्रीन्स, जयपी स्पोर्ट्स सिटी विकसित किया, जो कंपनी के लिए गर्व की बात रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने वित्तीय कठिनाइयों का सामना किया और उसे इनसॉल्वेंसी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इस कठिन समय में कंपनी ने सभी हितधारकों, गृह-खरीदारों, कर्मचारियों, बैंकों और भागीदारों के साथ मिलकर समाधान निकालने का प्रयास किया। गौतम अडाणी की अडाणी समूह ने दिवालिया प्रक्रिया के तहत जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) का लगभग 14,535 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की बोली जीती है। ये सौदा सीमेंट, बुनियादी ढांचा और रियल एस्टेट संपत्तियों के लिए है। सुप्रीम कोर्ट ने वेदांता समूह की आपत्तियों के बावजूद इस अधिग्रहण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

### बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से 2.49 लाख हेक्टेयर में रबी फसलें प्रभावित, आकलन जारी: चौहान

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि से कई राज्यों में करीब 2.49 लाख हेक्टेयर में खड़ी रबी की फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। विभिन्न एजेंसियां वास्तविक नुकसान का आकलन लगा रही हैं। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में 'उन्नत कृषि मेला' के शुभारंभ से पहले चौहान ने पत्रकारों से कहा, '' फसलों को हुए नुकसान का आकलन अभी जारी है। इसका आकलन तीन अलग-अलग विभाग लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। इसके बाद बागवानी फसलों को क्षति पहुंची है। 2.49 लाख हेक्टेयर का आंकड़ा आठ अप्रैल तक की रिपोर्ट पर आधारित है। चौहान ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी है।

# एडीबी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 6.9 फीसदी किया

एजेंसी




नई दिल्ली। विश्व बैंक के बाद एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 फीसदी रहने की संभावना है। एडीबी ने अपने ताजा 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। दिसंबर, 2025 में जारी 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है, तो इससे कई माध्यमों के जरिए भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं, क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। एशियाई विकास बैंक ने 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में कहा है कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2025-26 के 2.1 फीसदी से बढ़कर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में 4.5 फीसदी हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार फीसदी रहने का अनुमान है। एडीबी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 में आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 7.3 फीसदी हो सकती है, जिसे घरेलू सुधारों, यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौतों के प्रभाव और सरकारी वेतन वृद्धि से समर्थन मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते से निर्यात को बढ़ावा मिलने से बाहरी मांग भी मजबूत होने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि से मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ेगा, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और लागत बढ़ने से आर्थिक वृद्धि प्रभावित हो सकती है। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा में देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। भारत के ग्रोथ अनुमान में बढ़ोतरी की मुख्य वजह देश में मजबूत घरेलू मांग और बेहतर एक्सपोर्ट परफॉर्मेंस को माना गया है। विश्व बैंक ने भी एक दिन पहले चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.3 फीसदी से बढ़ाकर 6.6 फीसदी कर दिया था। भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 7.1 फीसदी से अधिक है। इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश का माना जा रहा है।

# अमित शाह ने बंगाल के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया

एजेंसी




कोलकाता। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया जिसमें महिलाओं के लिए योजनाओं की भरमार है।

श्री शाह ने इस घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। उन्होंने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने पर राज्य में मजबूत, सक्षम और योग्य मुख्यमंत्री को नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया मुख्यमंत्री बंगाल से ही होगा। इसके साथ ही संकल्प पत्र में कुर्माली और राजबोंगशी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की पहल का वादा किया गया है श्री शाह ने घोषणा पत्र जारी करते हुए अपने संबोधन में कहा कि भाजपा राज्य में एक सशक्त स्थानीय नेतृत्व देने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में ''विश्वास का युग'' लाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बंगाल का ही होगा और केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय में काम करेगा।भाजपा ने पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य रखते हुये 'संकल्प पत्र' में रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित एक व्यापक रोडमैप पेश किया है। भाजपा ने घोषणा पत्र में अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने का वादा किया है। इसके साथ ही राज्य के बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति देने का भी ऐलान किया गया है।

भाजपा ने महिलाओं के लिए हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण और महिला पुलिस बटालियन व 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' के गठन का वादा किया गया है। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की सहायता और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का वाद किया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र में किसानों का भी ध्यान रखा गया है। इसमें धान, आलू और आम की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ मछुआरों को पीएम मत्स्य संपदा योजना से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे बंगाल को प्रमुख मछली निर्यातक राज्य बनाने की योजना है। भाजपा ने ताजपुर और कुलपी में डीप-सी पोर्ट विकसित करने, सिंगूर में औद्योगिक पार्क स्थापित करने और बंद पड़ी जूट मिलों को पुनर्जीवित करने की योजना पेश की है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा करने का लक्ष्य है। भाजपा ने आयुष्मान भारत सहित सभी केंद्रीय योजनाओं को राज्य में पूरी तरह लागू करने, मुफ्त एचपीवी वैक्सीनेशन और ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग जैसी सुविधाएं देने का वादा किया है। साथ ही 7वें वेतन आयोग को 45 दिनों के भीतर लागू करने और केंद्र के बराबर महंगाई भत्ता देने की बात कही गई है। भाजपा ने घोषणा पत्र में उत्तर बंगाल में एम्स, आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थान स्थापित करने, दार्जिलिंग के चाय उद्योग को बढ़ावा देने और 'वंदे मातरम' संग्रहालय बनाने का भी प्रस्ताव किया है। इसके साथ ही कुर्माली और राजबोंगशी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की पहल का वादा किया गया है।

# नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्य नीतीश कुमार ने शुक्रवार को संसद भवन में सदन की सदस्यता की शपथ ली।

राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शपथ दिलाई। श्री कुमार ने हिंदी भाषा में शपथ ली। वह राज्यसभा के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनाव में उच्च सदन के लिए चुने गये थे। इस अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा , विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद जयराम रमेश, राजीव शुक्ला, संजय कुमार झा, राजीव प्रताप रूडी, राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी और राज्यसभा सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। श्री कुमार के जल्द ही बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की संभावना है। इसके साथ ही श्री कुमार एक बार फिर से राज्य की राजनीति छोड़कर केन्द्र की राजनीति में पारी शुरू करने जा रहे हैं। बिहार की बागडोर संभालने से पहले श्री कुमार केन्द्र में मंत्री रह चुके थे।

## हरिवंश ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

नयी दिल्ली। राज्यसभा के निवर्तमान उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शुक्रवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। जनता दल यू के वरिष्ठ नेता श्री हरिवंश का राज्यसभा में दूसरा कार्यकाल गुरुवार को ही समाप्त हुआ था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें आज ही उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था। उन्हें उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रंजन गोगोई के सेवा निवृत होने से रिक्त हुई सीट पर मनोनीत किया गया है। यह श्री हरिवंश का राज्यसभा में तीसरा कार्यकाल होगा। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने श्री हरिवंश को मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ दिलायी। उन्होंने हिन्दी भाषा में शपथ ली। श्री हरिवंश राजनीति में आने से पहले पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री हरिवंश को उच्च सदन में उनके अगले कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा ,'' हरिवंश जी ने पत्रकारिता और सार्वजनिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया है। वे एक सम्मानित बुद्धिजीवी और विचारक हैं। उन्होंने अपने गहन विचारों और अंतर्दृष्टि से पिछले कुछ वर्षों में सदन की कार्यवाही को समृद्ध किया है। मुझे प्रसन्नता है कि राष्ट्रपति जी ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। आगामी संसदीय कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं! यह कयास लगाये जा रहे हैं कि उन्हें एक बार फिर से सदन में उप सभापति बनाया जा सकता है।

# नितिन गडकरी का निर्माण क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधन और नई तकनीक अपनाने का आह्वान

एजेंसी


नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को निर्माण और अवसंरचना क्षेत्र में नवाचार, उन्नत प्रौद्योगिकी और सतत पद्धतियों को अपनाने पर जोर देते हुए वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

श्री गडकरी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित 17वें सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार एवं 'विकसित भारत 2047' प्रदर्शनी को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 17वें सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित किया और विश्वास जताया कि निर्माण क्षेत्र के पेशेवर 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री गडकरी ने कहा कि ज्ञान को संपदा में बदलने के लिए नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि लगातार तकनीकी बदलावों के चलते निर्माण क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इसमें आधुनिक तरीकों को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने निर्माण लागत कम करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि नई तकनीकों और बेहतर प्रक्रियाओं के जरिए कार्यक्षमता बढ़ाई जा सकती है और परियोजनाओं की लागत घटाई जा सकती है। इसमें समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन के लिए त्वरित निर्णय, बेहतर योजना और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता जरूरी है।

श्री गडकरी ने ने भूमि अधिग्रहण और वैधानिक स्वीकृतियों जैसी पूर्व-आवश्यकताओं को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन प्रक्रियाओं में देरी से परियोजनाओं की समयसीमा और ठेकेदारों की वित्तीय स्थिति पर नकारात्मक असर पड़ता है। श्री गडकरी ने सतत विकास की दिशा में जैव ईंधन, बायोमास आधारित ईंधन और अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ाने की अपील की।

# एक ही वकील की 25 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को 25 जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए याचिकाकर्ता को सलाह दी कि वे विभिन्न विषयों पर बार-बार याचिकाएं दायर करने के बजाय अपने कानूनी पेशे पर ध्यान केंद्रित करें।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पांचोली की पीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता सचिन गुप्ता को अपनी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा कि ये याचिकाएं जनहित क्षेत्राधिकार के तहत विचार करने योग्य नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एक वकील के रूप में याचिकाकर्ता को समस्याओं के प्रति विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और सीधे अदालत आने के बजाय संबंधित अधिकारियों को जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए।

इन याचिकाओं में देश के लिए एक नयी संपर्क भाषा विकसित करने, दालों की पॉलिशिंग के मानकों में संशोधन, व्यभिचार को पुनः अपराध की श्रेणी में लाने और 'सेक्स एग्रीमेंट' को मान्यता देने जैसे विविध विषयों को शामिल किया गया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने राष्ट्रीय कैलेंडर 'भारत संवत' शुरू करने और भोजनालयों में कर्मचारियों की भोजन संबंधी आदतों का खुलासा अनिवार्य करने जैसी मांगें भी रखी थीं।

पीठ ने उल्लेख किया कि पिछले महीने भी इसी अधिवक्ता की चार याचिकाओं को खारिज किया गया था, जिनमें प्याज और लहसुन के 'तामसिक' गुणों जैसे मुद्दे उठाए गए थे। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी। अदालत ने 'जनहित याचिका की दुकानों' के बढ़ते चलन पर चिंता जताते हुए स्पष्ट किया कि केवल वास्तविक और गंभीर मुद्दों को ही जनहित याचिका के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

# अपाचे लड़ाकू हलीकॉप्टर ने पहली फील्ड फायरिंग रेंज में लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक साधा निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरने के एक दिन बाद अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर एएच-64 ने शुक्रवार को राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अपनी पहली फील्ड फायरिंग की। संचालनात्मक प्रदर्शन के दौरान, इस स्वदेशी हेलीकॉप्टर ने हेलफायर मिसाइलों और अन्य हथियारों के माध्यम से लक्ष्यों को सफलतापूर्वक भेदा। इससे पहले जनरल द्विवेदी ने बेंगलुरू में प्रचंड हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी थी। सेना के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह कदम जमीनी अभियानों के लिए नजदीकी हवाई समर्थन को मजबूत करने पर भारतीय सेना के फोकस को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया था, जो आधुनिक युद्ध में एक महत्वपूर्ण तत्व है। इन गतिविधियों ने यह दिखाया है कि लड़ाकू हेलीकॉप्टर किस प्रकार जमीनी सैनिकों के साथ निकट समन्वय में कार्य कर सकते हैं, यहां तक कि छोटे हथियारों की गोलीबारी, कंधे से दागी जाने वाली मिसाइलों और ड्रोन जैसे उच्च खतरे वाले वातावरण में भी। इन प्लेटफॉर्मों ने लक्ष्य पहचान और सटीक प्रहार क्षमता का प्रदर्शन किया, जो सीधे युद्धक्षेत्र में संचालन का समर्थन करता है। उन्नत सेंसर, फायर कंट्रोल सिस्टम और रियल-टाइम डेटा लिंक ने तेज निर्णय लेने और तत्काल कार्रवाई को संभव बनाया, जिससे युद्धक्षेत्र की खुफिया जानकारी को शीघ्र ही प्रभावी हमलों में बदला जा सका। अपाचे ने जमीनी बलों की पहुंच, मारक क्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया को बढ़ाकर 'फोर्स मल्टीप्लायर' के रूप में अपनी भूमिका को रेखांकित किया, जबकि 'प्रचंड' ने लड़ाकू विमानन में भारत की बढ़ती स्वदेशी क्षमता को दर्शाया। प्रवक्ता ने बताया कि ये प्रदर्शन युद्धक्षेत्र की प्रभावशीलता बढ़ाने और संचालन की गति बनाए रखने के लिए हवाई और जमीनी क्षमताओं के एकीकरण पर भारतीय सेना के फोकस को रेखांकित करते हैं।

## सेना ने कर्नल पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नति की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने 2017 में कर्नल पुरोहित को इस मामले में जमानत दे दी थी । इसके बाद से वह सेना में अपनी ड्यूटी कर रहे थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अदालत ने गत वर्ष उन्हें इस मामले में बरी कर दिया था। कर्नल पुरोहित को गत 31 मार्च को सेवानिवृत होना था लेकिन सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने उनकी सेवा निवृत्ति पर रोक लगा दी थी। न्यायाधिकरण ने रक्षा मंत्रालय और सेना को इस मामले में नोटिस जारी किया था।

## देश में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग बढ़कर 98 प्रतिशत पहुंची

**नयी दिल्ली।** लोगों को रसोई गैस वितरकों से सीधे गैस सिलेंडर लेने के लिए हतोत्साहित किये जाने के बाद से देश में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग बढकर लगभग 98 प्रतिशत पहुंच गयी है। पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि देश में विद्युत प्रणाली मज़बूत, विविधीकृत और अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक मांग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम है। अप्रैल से तापीय, जलविद्युत, नवीकरणीय, बीईएसएस और पीएसपी परियोजनाओं के कमीशनिंग में तेजी आई है। देश में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 98 प्रतिशत तक बढ़ गई है। जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ देश भर में अभियान जारी है और गुरुवार को लगभग 1.2 लाख छापे मारे गये और 57,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए। पीएनजी कनेक्शनों को बढावा दिये जाने की मुहिम के तहत 4.05 लाख पीएनजी कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गयी और लगभग 4.41 लाख अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। अधिकारियों ने बताया कि देश की स्थापित क्षमता 531 गीगावाट से अधिक है, जो एक सुविविधीकृत पोर्टफोलियो को दर्शाती है, जिसमें कोयला, नवीकरणीय, जलविद्युत और परमाणु स्रोतों का महत्वपूर्ण योगदान है, तथा गैर-जीवाश्म स्रोत 50 प्रतिशत से अधिक हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षमता को लगभग 5 लाख सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) के मजबूत पारेषण ढांचे और 120 गीगावाट से अधिक अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण क्षमता का समर्थन प्राप्त है, जिससे क्षेत्रों के बीच विश्वसनीय विद्युत प्रवाह सुनिश्चित होता है।

## ऑन्को-कॉन 2026: मैक्स में 11 और 12 अप्रैल को कैंसर पर सम्मेलन

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गाजियाबाद के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर, वैशाली में 'क्लोज़ द केयर गैप' थीम पर 11 और 12 अप्रैल को दो दिवसीय राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी (कैंसर) सम्मेलन 'ऑन्को-कॉन 2026' का आयोजन किया जायेगा। इस सम्मेलन में देशभर से 1,000 से अधिक कैंसर विशेषज्ञों ने भाग लेंगे उपचार और तकनीकी नवाचारों पर चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन में देश में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी पर चिंता जताने के साथ ही जीवन सुरक्षा को लेकर चर्चा की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 14.26 लाख कैंसर मामले थे, जो 2025 तक बढ़कर लगभग 15.7 लाख हो गए हैं। सम्मेलन में उन्नत तकनीक, विशेषज्ञों की टीम और समग्र देखभाल के माध्यम से कैंसर उपचार को नयी दिशा पर मंथन किया जायेगा ताकि मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। सम्मेलन के मौके पर डॉ. गौरव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हें। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अत्याधुनिक तकनीकों जैसे सीएआर टी ऽ सेल थेरेपी, ईडीजीई 4.1 प्रिसिशन रेडियोथेरेपी, रोबोटिक सर्जरी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसे आधुनिक चिकित्सा पर जानकारी के साथ मरीजों को होने लाभ पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों से जटिल कैंसर का सटीक इलाज संभव हो रहा है और मरीजों की रिकवरी भी तेजी से हो रही है।

# पेज एक का शेष

## एसआईआर के बाद...

जारी की गयी अंतिम मतदाता सूची में प्रदेश के पांच जिलों में सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। इनमें प्रयागराज टॉप पर है। प्रयागराज में 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता, लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाता बढ़े हैं। इसके अलावा प्रदेश के जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक मतदाता वृद्धि दर्ज की गयी है। उनमें साहिबाबाद में 82 हजार,जौनपुर में 56 हजार 158 ,लखनऊ पश्चिम में 54 हजार 822,फिरोजाबाद में 47 हजार 557 मतदाता बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। इसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर सभी प्रकार के दावे व आपत्तियां आंमत्रित की गयी थी, इनमें 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फॉर्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरा था। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया ने बताया कि एसआईआर में भाजपा,समाजवादी पार्टी, कंाग्रेस, बसपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश व जिला स्तर पर बैठकें हुई हैं और उनमें आयी शिकायतें व ज्ञापनों की सुनवाई कर उनका त्वरित निराकरण किया गया, इतना ही नहीं इन दलों ने अपने अपने कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल एजेंट के रूप में नियुक्त किया था, इन्होंने बूथ स्तर पर एसआईआर से जुड़े कार्यों को लेकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय...

के इस पैनल ने अपनी रिपोर्ट उस समय के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को सौंप दी थी। अगस्त में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल गठित किया था। इस समिति के सदस्यों में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव आचार्य शामिल हैं। श्री बिरला ने यह जांच समिति तब बनाई थी, जब लोकसभा के 146 सदस्यों ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए महाभियोग का प्रस्ताव पेश किया। जांच समिति के सामने नौ अहम गवाह पेश किए जा चुके थे। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने नौ अप्रैल को राष्ट्रपति को इस्तीफा भेजा और 10 अप्रैल को यह सार्वजनिक हुआ। उन्हें 10 से 14 अप्रैल के बीच अपना पक्ष रखना था। विधिक मामलों के जानकार सूत्रों का कहना है कि यशवंत वर्मा के इस्तीफा देने के बाद उनके खिलाफ चल रही महाभियोग की प्रक्रिया अब खत्म हो जाएगी।

## जासूसी और आतंकी...

कब्जे से चार पिस्तौल, भारी मात्रा में कारतूस, मोबाइल फोन और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह मॉड्यूल पंजाब में ग्रेनेड हमलों को अंजाम देने की साजिश रच रहा था, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। यह नेटवर्क आर्थिक रूप से कमजोर और अनपढ़ लोगों को पैसों का लालच देकर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के काम में इस्तेमाल करता था। कैमरे लगाने के वीडियो और तस्वीरें सीमा पार साझा की जाती थीं। हथियारों की तस्करी से मिलने वाले धन का उपयोग इस जासूसी नेटवर्क को वित्तपोषित करने के लिए किया जा रहा था। अपर पुलिस आयुक्त (स्पेशल सेल) प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि इस मॉड्यूल के अधिकांश सदस्यों के तार दिल्ली और पंजाब से जुड़े हैं। दिल्ली से गिरफ्तार किए गए आरोपी हथियारों की खेप प्राप्त करने और उनकी तस्करी में सक्रिय थे। पुलिस इसे एक बड़ी कामयाबी मान रही है क्योंकि इससे एक बड़ी आतंकी साजिश टल गई है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।

## टैंकरों से शुल्क...

ईरान ने हालांकि इन हमलों को युद्धविराम समझौते का उल्लंघन माना। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार सोशल मीडिया पर कहा, ''ऐसी खबरें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है - उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे ऐसा कर रहे हैं, तो तुरंत बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह हमारे समझौते के अनुरूप नहीं है।'' उन्होंने शुल्क का विवरण नहीं दिया। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' पर जमकर हमला बोलते हुए श्री ट्रंप ने इसे ''दुनिया के सबसे खराब और सबसे गलत संपादकीय बोर्डों में से एक'' बताया, क्योंकि जर्नल ने कहा था कि ट्रंप ने ईरान में ''समय से पहले जीत'' की घोषणा कर दी है। राष्ट्रपति ने आगे कहा, ''दरअसल, यह एक जीत है, और इसमें समय से पहले की कोई बात नहीं है।'' उन्होंने दावा किया कि उन्हीं की वजह से ''ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। श्री टंप ने कहा, ''बहुत जल्द आप देखेंगे कि तेल की आवाजाही शुरू हो जायेगी, चाहे ईरान की मदद से हो या उसके बिना, और मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। श्री ट्रंप ने कहा कि वॉल स्ट्रीट जर्नल हमेशा की तरह ''अपनी कही बात को वापस लेने के लिए मजबूर होगा।'' उन्होंने कहा कि यह अखबार आलोचना करने में तो हमेशा तत्पर रहता हैं, लेकिन अपनी गलती स्वीकार नहीं करता।ज़रायल लेबनान के साथ ''जितनी जल्दी हो सके'' सीधी शांति वार्ता शुरू करेगा, जिससे अमेरिका-ईरान के बीच हुई नाज़ुक युद्धविराम संधि को कायम रहने का मौका मिलेगा। इज़रायली मीडिया के अनुसार प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को यह घोषणा की। इज़रायली वायु सेना द्वारा लेबनान में हिज़्बुल्लाह पर हमला किए जाने के बाद यह नाज़ुक शांति प्रक्रिया अधर में लटक गई थी। अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार इज़रायली हमले में लगभग 300 लोग मारे गए थे। हिज़्बुल्लाह पर इज़रायली हमलों के बाद ईरान ने चेतावनी दी थी कि इन हमलों ने बातचीत को ''बेमानी'' बना दिया है। इस बात को लेकर युद्धविराम संधि संकट में थी कि क्या लेबनान भी इन वार्ताओं का एक विषय है। जहाँ ईरान ने कहा कि वह इन वार्ताओं का हिस्सा है, वहीं इज़रायल और अमेरिका ने इससे इनकार कर दिया।

## वृंदावन में लुधियान...

सभी का मुफ्त में इलाज कराया जायेगा। एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह नाव पर ओवरलोड बताया। उन्होंने कहा कि नाव पर जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। अब तक 10 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुखहादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## ऊर्जा क्षेत्र की 21...

अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा पहले से ही केंद्र की ऊर्जा क्षेत्र की संवैधानिक सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के भी सदस्य हैं जो पूरे भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्मा ने विश्वास जताया कि समिति के माध्यम से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी एवं ठोस कदम उठाए जाएंगे तथा उपभोक्ता हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## यूपी आपदा प्रबंधन पर...

विभाग के स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण पर 14.62 करोड़ तथा होमगार्ड्स को आपदा परिस्थितियों में बचाव कार्यों के लिए प्रशिक्षित करने पर 8.23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बैठक में प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू ने एक-एक परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा।

## स्मार्टफोन की लत...

सकती है? उसे बढ़ाना कठिन कार्य है। लिहाजा सेहत को लेकर अभी से चौकन्ने हो जाएं। स्वस्थ नगारिक से ही स्वस्थ समाज बनेगा। सशक्त भारत के निर्माण के लिए अच्छी सेहत जरूरी है। बीमार भारत विकसित, सशक्त व आत्मनिर्भर नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने अच्छी सेहत के लिए टिप्स दिएमुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सेहत के लिए खुद ही संजीदा रहने की जरूरत है। खानपान की आदतें सुधारें। फास्टफूड से तौबा करें। घर की बनी पौष्टिक वस्तुओं का ही सेवन करें। योग करें। समय पर जागने की आदत डालें। नियमित कसरत करें। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल रात में न करें। दिन में भी फोन का जरूरत पर ही प्रयोग करें। डॉक्टर सेहत के प्रति जागरूक करने का बीड़ा उठाएं। प्रचार प्रसार करें। इसका समाज पर प्रभाव अधिक पड़ेगा। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष, अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अमित देवगन, लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेट्ठी, सीएसआई के अध्यक्ष डॉ. धीमान कहाली, साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. हरेंद्र कुमार बाली, पीजीआई कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कपूर, डॉ. सतेंद्र तिवारी, डॉ. शरद चन्द्रा, डॉ. गौरव चौधरी डॉ. अखिल शर्मा समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे। सस्ते इलाज के लिए डिवाइस और फार्मा पार्कमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में इलाज से जुड़े उपकरणों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए डिवाइस पार्क तैयार किया जा रहा है।

आईआईटी के इंजीनियर व डॉक्टर शोध के बाद डिवाइस तैयार करेंगे। उसके बाद डिवाइस का निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार दवाओं के लिए फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। इसमें दवाओं पर काम होगा, जिससे इलाज सस्ता व सुलभ होगा। मेडिकल संस्थान की संख्या को मिली रफ्तार 10 साल पहले यूपी में 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। मौजूदा समय में केंद्र व राज्य सरकार के 81 मेडिकल कॉलेज, दो एम्स का संचालन किया जा रहा है। हर जिले में आईसीयू का निर्माण किया है। बहुत से अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। निजी क्षेत्र में सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है। लखनऊ में पीजीआई, केजीएमयू, लोहिया संस्थान में टेली आईसीयू व टेली कन्सल्टेशनी की सुविधाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। एक रात ईसीजी भी नसीब नहीं था, अब बचा रहा जीवनभरे सभागार में लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. शरद चन्द्रा ने कहा कि उनका स्वर सिर्फ एक डॉक्टर का नहीं, बल्कि एक बेटे का भी है, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था की सीमाओं को बहुत करीब से महसूस किया था। उन्होंने वर्ष 2005 की एक घटना साझा की। उन्होंने बताया कि दिसंबर की एक रात करीब 10 बजे चंदौसी स्थित उनके घर से पिताजी का फोन आया। कहा कि बेटा सीने में दर्द हो रहा है, क्या करूं? तब मैं डीएम की पढ़ाई कर रहा था। एक डॉक्टर बेटे के रूप में उन्होंने सहज ही कहा पापा, कहीं पास में जाकर ईसीजी करा लीजिए। पिता ने कहा कि रात साढ़े 10 बजे ईसीजी कहां हो पाएगा। सुबह ही कराएंगे। डॉ. चंद्रा ने कहा कि उस रात सिर्फ मेरे पिता ही नहीं, मैं भी जागता रहा। अगले दिन ईसीजी सामान्य आया, लेकिन वह रात उनके मन में एक सवाल छोड़ गई कि क्या हमारे पास समय पर इलाज की व्यवस्था है? डॉ. शरद ने कहा कि दो दशक बाद, उसी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल चुकी है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अब दिल का दौरा पड़ने पर मरीज को सुबह का इंतजार नहीं करना पड़ता। हृदय सेतु जैसे प्रयासों ने बड़े संस्थानों जैसे पीजीआई, केजीएमयू और लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को जिला अस्पतालों से जोड़ दिया है। पहले जहां एंजियोप्लास्टी जैसे इलाज केवल बड़े शहरों तक सीमित थे, वहीं अब सुल्तानपुर, जौनपुर, बहराइच, गोंडा और बस्ती जैसे जिलों में भी यह सुविधा उपलब्ध है। अब मरीज को केवल दूरी नहीं, बल्कि समय से भी लड़ना नहीं पड़ता।

# सीएम ने किया कर्मकार कल्याण बोर्ड के विकसित श्रमिक सेवा मोबाइल एप का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तराखंड भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित श्रमिक सेवा मोबाइल एप का लोकापर्ण करने के साथ ही 8005 श्रमिकों के खाते में 17 करोड़ से अधिक राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तातंरण किया। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बोर्ड को अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुदान वितरण में पारदर्शिता बरते जाने के क्रम में ऑफलाईन अनुदान वितरण बन्द कर ऑनलाईन निस्तारण एवं डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में धनराशि का हस्तांतरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के जरिए अब तक 11828 लाभार्थियों को कुल 29.89 करोड़ की धनराशि वितरित की जा चुकी है। आज 8005 लाभार्थियों को कुल 17.25 करोड़ की धनराशि वितरित की जा रही है। इस प्रकार विगत 06 माह में अब तक कुल 19833 लाभार्थियों को 47.14 करोड़ की धनराशि वितरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों व उनके आश्रितों के कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाए, खासकर पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए स्थानीय श्रमिकों को पलम्बर, इलेक्ट्रिशियन, मिस्त्री, कारपेंटर आदि क्षेत्रों में कौशल प्रदान किया जाए। इसी तरह योगा एंव वेलनेस में रोजगार की सम्भावना को देखते हुए आगामी सत्र में श्रमिकों के बच्चों को योग एवं वेलनेस में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को कौशल प्रशिक्षण बाद देश में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी प्रयास करे। इसके लिए विदेश मंत्रालय भारत सरकार में पंजीकृत एजेन्सी के माध्यम कार्यवाही की जाए। साथ ही श्रमिकों को पीएम स्वनिधि योजना से जोड़ने और उनका समय- समय पर स्वास्थ्य परीक्षण पर भी ध्यान दिया जाए। इसके लिए श्रमिकों के कार्य स्थल पर ही चिकित्सा परीक्षण की व्यवस्था की जाए, ताकि उनके रोजगार में व्यवधान उपलब्ध न हो। इस मौके पर श्रमायुक्त पीसी दुम्का ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से अब तक 16000 अधिष्ठानों का पंजीकरण हो चुका है, जिसके जरिए शुल्क के रूप में अस्सी लाख की धनराशि जमा हो चुकी है, साथ ही बोर्ड के पास अब तक कुल 324 करोड़ की धनराशि सेस के रूप में जमा हो चुकी है। जिसे श्रमिकों के कल्याण में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण श्रमिकों के बीच सामग्री वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की जा रही है।

# गोविंदपुरी में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 शातिर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दक्षिण जिला पुलिस ने ऑपरेशन साइहॉक 4.0 के तहत साकेत थाना क्षेत्र में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो किंगपिन समेत 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक महिला पार्टनर और 20 महिला कर्मचारियों को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया गया है। दक्षिण जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने शुक्रवार को बताया कि , एनसीआरपी पोर्टल पर गुरुग्राम निवासी एक व्यक्ति से 13,200 रुपये की साइबर ठगी की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान सामने आया कि ठगी की रकम एक म्यूल बैंक खाते में जमा हो रही है। खाते के धारक पवन कुमार को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने बताया कि वह कमीशन के बदले अपना बैंक खाता और एटीएम अपने नियोक्ता को देता था। इससे पुलिस टीम फर्जी कंपनी हर्बिटेक्चर हेल्थकेयर तक पहुंची। इसके बाद साकेत थाना पुलिस ने गोविंदपुरी स्थित कार्यालय पर छापा मारा, जहां एक पूरा कॉल सेंटर संचालित होता मिला। मौके पर 21 महिला और 10 पुरुष कर्मचारी कॉलिंग का काम करते हुए पाए गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किंगपिन में संदीप चौधरी (27) और अश्विनी कुमार उर्फ तुषार (23) शामिल हैं। जिन्होंने इस फर्जी नेटवर्क की शुरुआत की थी। इनके अलावा नीरज गुप्ता समेत अन्य आरोपित भी ठगी के काम में सक्रिय थे। पुलिस ने मौके से 35 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, एक डेस्कटॉप, 15 नए सिम कार्ड, 35 रिटर्न पार्सल (दवाइयां), बैंक दस्तावेज, चेक बुक और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

# मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली गेट और बारापुल्ला नालों में गाद हटाने के काम का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मानसून से पहले दिल्ली गेट और बारापुल्ला नालों में गाद हटाने के काम की प्रगति का जायजा लेने के लिए आज यहां का दौरा किया। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि दिल्ली गेट पर लगभग 40 वर्षों से ढका हुआ नाला अब आखिरकार सफाई के लिए खोला जा रहा है। अब तक 21,000 मीट्रिक टन से अधिक गाद हटाई जा चुकी है, जो 70 फीसद से अधिक काम पूरा होने का संकेत है। उन्होंने कहा कि बारापुल्ला में गाद हटाने का काम 78 फीसद पूरा होने के करीब है और 31,000 मीट्रिक टन से अधिक गाद हटाई जा चुकी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पूरे दिल्ली में नालों से गाद हटाने का काम पूरी गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि 77 नालों में से लगभग 50 फीसद गाद हटाने का काम पूरा हो चुका है और अब तक 14 लाख मीट्रिक टन से अधिक गाद हटाई जा चुकी है। लक्ष्य अभी भी 28 लाख मीट्रिक टन है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में मानसून की तैयारियों को समीक्षा बैठक की थी। उन्होंने सभी विभागों को मानसून से पूर्व (30 जून तक) नालों से गाद निकालकर उसे चिन्हित स्थानों पर पहुंचाना का निर्देश दिया है।

# पाकिस्तान में गुरुद्वारों के दर्शन के लिए भारतीय श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमृतसर। खालसा साजना दिवस (वैसाखी) के पावन अवसर पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए पूरे भारत से करीब 2840 सिख श्रद्धालु शुक्रवार सुबह अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की ओर से लगभग 1763 श्रद्धालुओं का जत्था विशेष रूप से रवाना किया गया। इसके अलावा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और हरियाणा कमेटी ओर अन्य राज्यों से श्रद्धालु भी इस जत्थे में शामिल हैं। इस तरह कुल 2840 श्रद्धालु पाकिस्तान में खालसा साजना दिवस मनाने और गुरुधामों के दर्शन के लिए जा रहे हैं। एसजीपीसी की ओर से इस जत्थे की अगुवाई सदस्य सुरजीत सिंह तुगलवाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिख श्रद्धालु अपने गुरुधामों के दर्शनों के लिए गहरी श्रद्धा और आस्था रखते हैं। यह जत्था पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा ननकाना साहिब, गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब (हसन अब्दाल) सहित अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारों में मत्था टेकेगा और मुख्य समागम में भाग लेने के बाद 19 अप्रैल को भारत लौटेगा। श्रद्धालुओं को 10 दिन का वीजा दिया गया है। एसजीपीसी के अधिकारियों ने बताया कि इस जत्थे के लिए 1795 पासपोर्ट पाकिस्तान दूतावास को भेजे गए थे, जिनमें से 1763 को वीजा जारी किया गया, जबकि 32 श्रद्धालुओं के वीजा आवेदन खारिज कर दिए गए। जिन श्रद्धालुओं को वीजा नहीं मिल पाया, उनमें निराशा देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने इस मौके पर दोनों देशों की सरकारों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को वीजा दिया जाए, ताकि हर कोई अपने गुरुधामों के दर्शन कर सके। साथ ही उन्होंने करतारपुर कॉरिडोर को और सुविधाजनक बनाने और पाकिस्तान सरकार द्वारा लगाए गए 20 डॉलर शुल्क को समाप्त करने की मांग भी उठाई। इस मौके पर एसजीपीसी के सचिव कुलवंत सिंह मन्नन ने बताया कि 14 अप्रैल को खालसा साजना दिवस के उपलक्ष्य में यह यात्रा आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि यह 10 दिनों की धार्मिक यात्रा है, जिसमें श्रद्धालु पाकिस्तान के विभिन्न गुरुद्वारों में माथा टेकेंगे और खुशी-उत्साह के साथ वापस लौटेंगे। वहीं, जत्थे के नेता सुरजीत सिंह तुगलवाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी की पावन धरती ननकाना साहिब और पंजा साहिब पर मत्था टेकना हर सिख के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, एकता और भाईचारे का संदेश दिया और लंगर की परंपरा शुरू कर समाज को समानता का मार्ग दिखाया। उन्होंने अरदास की कि सच्चे पातशाह पूरी मानवता और सिख पंथ को चढ़दी कला में रखें और सभी को खुशहाली प्रदान करें। अहम पहलू यह भी है कि करीब 200 अकेली महिलाओं को भी वीजा जारी किया गया है, जो बिना किसी पारिवारिक सदस्य के इस धार्मिक यात्रा पर जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि पहले एसजीपीसी की ओर से कहा गया था कि अकेली महिलाओं को जत्थे के साथ नहीं भेजा जाएगा, लेकिन इस बार बड़ी संख्या में महिलाओं को अनुमति दी गई है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष एक विवाद सामने आया था, जब जत्थे के साथ पाकिस्तान गई सरबजीत कौर नामक महिला दर्शन के बाद भारत वापस नहीं लौटी थी।

# मधु विहार में बदमाशों ने बैग लूटकर की हवाई फायरिंग

नई दिल्ली। मधु विहार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात जोशी कॉलोनी, आईपी एक्सटेंशन इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक कारोबारी परिवार को निशाना बनाते हुए करीब एक लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। वारदात के दौरान बदमाशों ने हवाई फायरिंग की। पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 10:30 बजे की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सेक्टर-62, नोएडा में थोक एफएमसीजी कारोबार चलाते हैं। वह परिवार और एक कर्मचारी के साथ घर लौटे थे। जैसे ही वे रॉयल बैंक्वेट हॉल के पास गाड़ी से उतरकर घर की ओर बढ़ रहे थे, तभी बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। आरोपितों में से एक ने पिस्टल निकालकर उन्हें धमकाया और उनके पास मौजूद बैग छीन लिया, जिसमें करीब एक लाख रुपये नकद थे। अचानक हुई इस वारदात से परिवार के लोग घबरा गए, लेकिन शोर सुनकर एक अन्य सदस्य ने हिम्मत दिखाते हुए कार से बदमाशों का पीछा किया। पीछा करने के दौरान परिवार के सदस्य ने बदमाशों की बाइक को टक्कर भी मारी, लेकिन इसके बावजूद आरोपित मौके से भागने में सफल रहे।

# पंजाब फार्मेसी काउंसिल की बैठक में पेशे के सुधार और फार्मासिस्टों की सुविधाओं पर फोकस

मोहाली। पंजाब फार्मेसी काउंसिल की जनरल बॉडी की अहम बैठक एसएएस नगर (मोहाली) स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता काउंसिल के प्रधान सुशील कुमार बांसल ने की। इस दौरान काउंसिल से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ-साथ राज्य के फार्मासिस्टों के हितों और फार्मेसी पेशे को मजबूत बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन-2015, जन विश्वास अधिनियम-2023 और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। काउंसिल ने इस बात पर जोर दिया कि इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में फार्मेसी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और पेशे को अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

# मुख्यमंत्री धामी ने 12 मानचित्रकों को बांटे नियुक्ति पत्र, पारदर्शी भर्ती और कृषि सशक्तिकरण पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत मानचित्रक के पद पर चयनित 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति राज्य की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के बाद प्रदेश में अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी जा चुकी है, जो सरकार की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ ही मिलेट के उत्पादन और विपणन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही सेब, कीवी, बागवानी और औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य कृषि को लाभकारी और युवाओं के लिए आकर्षक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र से जुड़ सकें। इस अवसर पर गणेश जोशी, सचिव कृषि एसएन पाण्डेय, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में जनगणना-2027 की शुरुआत, राज्यपाल ने की स्व-गणना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में जनगणना-2027 की प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ शुक्रवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) की ओर से स्व-गणना के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही प्रदेश में जनगणना के प्रथम चरण की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना है, जिसमें डेटा संग्रहण डिजिटल उपकरणों के जरिए किया जा रहा है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि स्व-गणना के माध्यम से सही और पूर्ण जानकारी देना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए तैयार वेब पोर्टल यूजर फ्रेंडली है, जिससे आम नागरिक भी आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं और सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की, ताकि डिजिटल माध्यमों के उपयोग में लोगों की मदद की जा सके और कोई भी व्यक्ति इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय की निदेशक इवा आशीष श्रीवास्तव के अनुसार, राज्य में प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक 30 दिनों में पूरा किया जाएगा।

# डीयू में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के आर्ट्स फैकल्टी में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में आयोजित हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, डीयू दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता सहित प्रिंसिपल, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रशासन और नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तभी वे समाज, परिवार और अपनी जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी बदलाव ला सकेंगी। दिल्ली में चलने वाली 'लखपति बिटिया' और 'अनमोल' जैसी योजनाएं इसी संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम हैं, जो महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम के दौरान 'अब नेतृत्व की बारी है, नारी शक्ति वंदन की जिम्मेदारी है' और 'सशक्त नारी, समृद्ध राष्ट्र' जैसे संदेशों के माध्यम से महिला नेतृत्व और समान प्रतिनिधित्व के महत्व को रेखांकित किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह 'बेटी बचाओ' से 'बेटी बढ़ाओ' तक की यात्रा को साकार करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग दशकों पुरानी है। 1931 से शुरू हुई यह पहल कई चरणों से गुजरी और वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का कानून बनना इस लंबे संघर्ष का परिणाम है और अब इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनें और महिला सशक्तीकरण के इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें। जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में बराबरी से भाग लेंगी, तभी लोकतंत्र वास्तव में मजबूत बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश में राजनीतिक प्रतिनिधित्व का नया अध्याय लिखेगा और भारत को एक अधिक सशक्त, संतुलित और प्रगतिशील लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा, शिक्षकों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस ऐतिहासिक पहल के प्रति अपना समर्थन दर्ज कराया।

# सीवान सिविल कोर्ट फिर निशाने पर: बम धमकी से दहशत, जांच में निकली फर्जी साजिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीवान। सीवान जिले के सिविल कोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से शुक्रवार को पूरे न्यायिक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। ईमेल के जरिए दी गई इस धमकी ने प्रशासन की नींद उड़ा दी और कुछ ही मिनटों में पूरा कोर्ट परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। धमकी भरा मेल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोतीश कुमार के आधिकारिक ईमेल पर आया, जिसमें सुबह 11:30 बजे कोर्ट को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही एसपी पूरन कुमार झा और डीएम विवेक रंजन मैत्रेय हरकत में आए और तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। देखते ही देखते बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली गई। हर आने-जाने वाले व्यक्ति की कड़ी जांच की गई और पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रखा गया। घंटों चली जांच के बाद भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिससे साफ हो गया कि धमकी फर्जी थी। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 28 जनवरी को भी इसी तरह ईमेल के जरिए कोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी, लेकिन तब भी जांच में कुछ नहीं मिला था। लगातार मिल रही ऐसी धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि मामले की साइबर जांच शुरू कर दी गई है और मेल भेजने वाले शख्स की पहचान करने की कोशिश जारी है। वहीं, न्यायाधीश मोतीश कुमार ने फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063